वर्ष 73 ▸ अंक 188 ▸ पृष्ठ 12 ▸ रीवा, मंगलवार 07 अप्रैल, 2026 ▸ वैशाख कृष्ण पक्ष 05, विक्रम संवत् 2083 ▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

## चांद के 'अंधेरे हिस्से' तक पहुंचे चार अंतरिक्ष यात्री



अंतरिक्ष विज्ञान के इतिहास में सोमवार को एक बड़ा दिन दर्ज हो गया है। नासा के आर्टेमिस-टू मिशन ने 56 साल पुराने अपोलो-13 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। जब चार अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी से करीब 4.02 लाख किलोमीटर दूर पहुंचे। साल 1970 में अपोलो-13 मिशन ने पृथ्वी से 4,00,171 किमी दूर जाकर रिकॉर्ड बनाया था। आर्टेमिस के अंतरिक्ष यात्री 4,02,336 किमी की दूरी तय कर चुके हैं यह मानव इतिहास में सबसे दूर जाने का नया रिकॉर्ड है।



### चांद की डार्क साइड देखेंगे अंतरिक्ष यात्री

**मिशन का शेड्यूल**

- रिकॉर्ड टूटा: 12.26 बजे रात
- चांद का ऑब्जर्वेशन: 1.15 बजे रात
- चांद के सबसे करीब: 5.32 बजे सुबह
- अधिकतम दूरी: 5.37 बजे सुबह

**11.02** लाख किमी की यात्रा तय करेगा पूरा मिशन

**30** खास टारगेट दिए हैं नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों को

- अंतरिक्ष यात्री चांद के उस हिस्से को देखेंगे, जिसे आमतौर पर 'डार्क साइड' कहा जाता है और वहां की फोटोग्राफी और वैज्ञानिक अध्ययन करेंगे।
- यह मिशन चांद की गुरुत्वाकर्षण शक्ति का इस्तेमाल करेगा। चांद यान को 'गुलेल' की तरह पृथ्वी की ओर धकेलेगा।



---

**ऑफ बीट**

### चीन में 'भूतों की आवाज' पर विवाद



*चीन के गुआंगझोउ शहर में पड़ोसियों के बीच हुआ एक झगड़ा अदालत तक पहुंच गया। विवाद की वजह बनी 'भूतों की आवाजें', जिन्हें जानबूझकर लाउडस्पीकर के जरिए बजाया जा रहा था। लू नाम के एक व्यक्ति का पड़ोसी जी से झगड़ा हो गया। लू ने बदला लेने के लिए अपने घर की दीवार के पास एक लाउडस्पीकर लगा दिया और उस पर डरावनी 'भूतों की आवाजें' चलानी शुरू कर दीं। ये आवाजें रोजाना सुबह 8.45 बजे से दोपहर तक और फिर दोपहर 3.30 बजे से रात 10 बजे तक लगातार बजाई जाती थीं। इससे न केवल संबंधित पड़ोसी, बल्कि पूरी बिल्डिंग के लोग परेशान होने लगे। बढ़ती परेशानी के बाद बिल्डिंग में रहने वाले एक अन्य व्यक्ति ने इस मामले को अदालत में पहुंचाया। कोर्ट ने माना कि यह सामान्य शोर-शराबे का मामला नहीं, बल्कि 'इच्छापूर्वक उत्पीड़न' का मामला है। अदालत ने तुरंत लाउडस्पीकर हटाने का आदेश दिया।*

**आईपीएल में आज**

राजस्थान बनाम मुंबई

समय : शाम 7.30 बजे से

प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**परिणाम:** बारिश के कारण रद्द हुआ कोलकाता-पंजाब का मैच

---

**जंग का 38वां दिन:** ईरान ने सीजफायर प्रस्ताव ठुकराया, इजराइल ने किए गैस प्लांट्स पर हमले

# ट्रंप बोले- पायलट रेस्क्यू ऐतिहासिक 1 रात में खत्म कर सकते हैं ईरान को

**तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका-ईरान तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस में तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहे तो पूरे ईरान को एक ही रात में खत्म कर सकता है, और जरूरत पड़ी तो यह कार्रवाई 'कल रात' भी हो सकती है।
ट्रंप ने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका की जंग 'अच्छी तरह चल रही है', अमेरिका के पास इतनी ताकत है कि वह एक रात में ईरान को तबाह कर सकता है। यह फैसला कभी भी लिया जा सकता है। ट्रंप ने ईरान में फंसे अमेरिकी पायलट को बचाने के मिशन को हाल के दशकों के सबसे खतरनाक ऑपरेशनों में से एक बताया। उन्होंने कहा, 'हमने 1-2 पायलट को बचाने के लिए 100 लोगों की जान दांव पर लगा दी'। सेना को निर्देश दिया गया था कि हर हाल में सैनिकों को सुरक्षित वापस लाया जाए।
रेस्क्यू मिशन के दौरान कुल 155 सैन्य विमान तैनात किए गए। इसमें फाइटर जेट, बॉम्बर, टैंकर और रेस्क्यू एयरक्राफ्ट शामिल थे।
प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने उन लोगों को भी चेतावनी दी जिन्होंने मीडिया में पायलट से जुड़ी जानकारी लीक की। उन्होंने कहा कि लीक करने वालों को खोजा जाएगा। जरूरत पड़ी तो संबंधित मीडिया संस्थानों पर भी कार्रवाई हो सकती है।
इससे पहले ईरान ने 45 दिन के युद्धविराम प्रस्ताव को ठुकरा दिया, जबकि व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अभी तक इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है। ईरान की सरकारी एजेंसी आईआरएनए के मुताबिक ईरान ने पाकिस्तान के जरिए अमेरिका को अपना जवाब भेजा है। 10 बिंदुओं में दिए जवाब में सीजफायर को खारिज कर दिया गया और संघर्ष के स्थायी अंत की मांग की गई है। हालांकि प्रस्ताव की पूरी शर्तों का खुलासा नहीं किया गया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा 'यह कई प्रस्तावों में से एक है' और ट्रंप ने अभी इसे मंजूरी नहीं दी है। सैन्य अभियान ('ऑपरेशन एपिक फ्यूरी') जारी है। ट्रंप ने ईरान को लेकर अपनी धमकी दोहराई है।



***ट्रंप की धमकी...*** *ट्रंप ने अपनी धमकी दोहराई और कहा कि अगर ईरान सरेंडर नहीं करता है तो उनके पास कोई पुल नहीं होगा, कोई पावर प्लांट नहीं होगा, उनके पास कुछ भी नहीं होगा।*

***ईरान का तंज...*** *जवाब में ईरान ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, 'होर्मुज की चाबी खो गई है।' बाद में एक और बयान में कहा- 'चाबी फूलदान के नीचे है, दोस्तों के लिए रास्ता खुला है।'*



**तेहरान में एयरपोर्ट्स पर हमला**

- इजराइल ने ईरान के असालुयेह में बने सबसे बड़े पेट्रोकेमिकल प्लांट पर हमला किया है।
- तेहरान के पास तीन एयरपोर्ट्स पर भारी बमबारी की गई।
- तेहरान में हवाई हमलों में कम से कम २५ लोगों की मौत हुई।
- इजराइल के रमत गन और पेटाह टिकवा शहरों में ईरानी मिसाइल हमलों से भारी तबाही हुई है।
- इजराइल के उत्तरी शहर हाइफा में राहत टीमों ने मलबे से चार लोगों के शव बरामद किए।

### ईरान की चेतावनी: और ज्यादा विनाशकारी जवाब मिलेगा

ईरान ने ट्रंप की धमकियों को खारिज करते हुए कहा है कि अगर नागरिक ठिकानों पर हमले जारी रहे तो उसका जवाब और ज्यादा व्यापक और विनाशकारी होगा।
**ईरानी खुफिया प्रमुख की मौत:** संघर्ष में ईरान को एक और बड़ा झटका लगा है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के खुफिया प्रमुख माजिद खदेमी की इजराइली एयरस्ट्राइक में मौत हो गई है। उन्हें ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों में गिना जाता था और उनकी मौत को ईरानी सुरक्षा ढांचे के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है। ईरान के बुशेहर न्यूक्लियर प्लांट के पास हमले की अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने पुष्टि की है कि हमला प्लांट की सीमा से महज 75 मीटर दूर हुआ।

---

# जग्गी हत्याकांड में 20 साल बाद अमित जोगी को उम्रकैद

**हाईकोर्ट का फैसला;** 20 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**बिलासपुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में लगभग दो दशक बाद बड़ा फैसला सामने आया है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब सभी आरोपियों के खिलाफ एक जैसे साक्ष्य हों, तो किसी एक आरोपी को अलग तरीके से राहत देना न्यायसंगत नहीं है।

अदालत ने अमित जोगी को आईपीसी की धारा 302 (हत्या) और 120-बी (आपराधिक साजिश) के तहत दोषी पाया। उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई गई। साथ ही 1000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना न देने पर 6 महीने अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी कोर्ट ने आदेश दिया है कि अमित जोगी तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करें। अमित जोगी ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी अपील को स्वीकार कर लिया है और 20 अप्रैल को सुनवाई तय की है। जोगी की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, मुकुल रोहतगी, विवेक तन्खा और सिद्धार्थ दवे ने पैरवी की।

वकीलों का तर्क है कि हाईकोर्ट ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन नहीं किया और बिना पर्याप्त सुनवाई का अवसर दिए फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतिम निर्णय के खिलाफ विस्तृत अपील करने की अनुमति दी है, ताकि सभी संबंधित मामलों की एक साथ सुनवाई हो सके।

रामावतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने अमित जोगी की बरी होने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में मामले को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को भेज दिया। साथ ही सीबीआई को भी अपील करने की अनुमति दी गई। इसके बाद हाईकोर्ट में विस्तृत सुनवाई हुई और अब यह फैसला आया। शुरुआती पुलिस जांच पर पक्षपात के आरोप लगे थे, जिसके बाद राज्य सरकार ने जांच सीबीआई को सौंप दी। सीबीआई ने अपनी जांच में अमित जोगी सहित कई लोगों पर हत्या और साजिश के आरोप लगाए। यह भी कहा गया कि यह एक सुनियोजित षड्यंत्र था।



अमित जोगी

**हाईकोर्ट की टिप्पणी: समान साक्ष्य, तो समान न्याय**

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद वर्मा की डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा कि यदि सभी आरोपियों पर एक ही अपराध में शामिल होने का आरोप है और उनके खिलाफ समान प्रकार के साक्ष्य मौजूद हैं, तो किसी एक आरोपी को बरी करना और अन्य को दोषी ठहराना कानूनी रूप से उचित नहीं है, जब तक कि उसके पक्ष में कोई ठोस और अलग कारण न हो।
**यह है मामला:** मामला 4 जून 2003 का है, जब रायपुर में एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस केस में कुल 31 आरोपी बनाए गए। दो आरोपी सरकारी गवाह बन गए। 28 लोगों को दोषी ठहराया गया। हालांकि, 31 मई 2007 को विशेष अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए अमित जोगी को बरी कर दिया था।

---

## सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाने का प्रस्ताव खारिज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग वाले विपक्ष के प्रस्ताव को बड़ा झटका लगा है। 130 सांसदों की ओर से हस्ताक्षरित प्रस्ताव को लोकसभा अध्यक्ष ने स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिससे यह मामला आगे नहीं बढ़ सका। उधर राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने भी ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए सांसदों की ओर से दिए गए प्रस्ताव को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी सांसदों ने औपचारिक प्रक्रिया के तहत यह नोटिस दिया था, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग की गई थी। हालांकि दोनों सदनों के स्पीकर ने नियमों का हवाला देते हुए इसे विचार के लिए सूचीबद्ध करने से मना कर दिया।



**राज्यसभा और लोकसभा स्पीकर ने नोटिस को ठुकराया**

## आधुनिक संसाधनों से लैस होगा प्रदेश का काउंटर टेररिस्ट ग्रुप: मुख्यमंत्री

### डीपीआर तैयार, भोपाल के तूमरा में खुलेगा प्रशिक्षण केंद्र

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में एनएसजी काउंटर टेररिस्ट ग्रुप को और अधिक आधुनिक तकनीक से युक्त किया जाएगा। इसके लिए सरकार 200 करोड़ रुपए खर्च करेगी। टेररिस्ट अटैक को पूरी दक्षता से काउंटर करने के लिए सरकार भोपाल के तुमरा में अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र खोलेगी, जहां सभी जरूरी प्रशिक्षण दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को लाल परेड ग्राउंड में पुलिस जवानों के लिए आयोजित समग्र क्षमता निर्माण प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन के साझा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि टेररिस्ट अटैक से निपटने के लिए हम अपने सुरक्षा बलों, एटीएस और सीटीजी को और अधिक मजबूत करेंगे। सीटीजी के आधुनिकीकरण के लिए सरकार ने 200 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार की है। उन्होंने बताया कि इस सेंटर के जरिए हम अपने सुरक्षा बलों को किसी भी प्रकार की आकस्मिक आपदा एवं अतिवादी ताकतों से निपटने के लिए पूरी क्षमता से तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (नेशनल सिक्युरिटी गार्ड) भारत का अभेद्य सुरक्षा कवच है। एनएसजी के कारण ही हमारी आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था बेहद सुदृढ़ है। डॉ. यादव ने कहा कि एटीएस आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत दीवार बनकर खड़ी है। इनकी मदद के लिए तैयार की गई काउंटर टेररिस्ट ग्रुप (सीटीजी) हमारी असॉल्ट यूनिट, आधुनिक हथियारों और मॉडर्न टेक्निक से लैस है। हमारे सशस्त्र बलों ने अपने पराक्रम से आज हमें यह भरोसा दिलाया है। यहां मध्यप्रदेश पुलिस के साथ एटीएस, सीटीजी के प्रशिक्षण की शुरुआत हुई है। सीएम ने कहा कि देश ने 35 साल पुरानी एक बड़ी समस्या (नक्सलवाद) को खत्म कर दिया है। हमारा मध्यप्रदेश आज पूरी तरह नक्सलमुक्त हो चुका है। इसमें हमारे सशस्त्र बलों का बड़ा योगदान है।



## हरिद्वार में मीट की बिक्री और डिलेवरी पर रोक

**हरिद्वार, जेएनएन।** धार्मिक नगरी हरिद्वार में अब शहर के भीतर मीट की बिक्री पूरी तरह बंद कर दी जाएगी। नगर निगम की सोमवार को हुई बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इसके तहत शहर के अंदर चल रही मीट की दुकानों को हटाकर बाहर शिफ्ट किया जाएगा, जबकि ऑनलाइन कच्चे मांस की डिलेवरी पर भी रोक लगाने का फैसला लिया गया है। हरिद्वार नगर निगम की बैठक सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। नए फैसले के तहत शहर के अंदर मीट की दुकानें नहीं चलेंगी। सभी दुकानों को नगर सीमा से बाहर शिफ्ट किया जाएगा। मुख्य बाजारों और रिहायशी इलाकों में मांस की बिक्री पूरी तरह बंद होगी। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति के निजी खान-पान पर कोई रोक नहीं है। लोग शहर के बाहर जाकर मीट खरीद सकते हैं। बाहर से मीट लाकर घर में खाने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। शहर के अंदर ऑनलाइन कच्चे मांस की डिलेवरी पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

## सुरक्षा में सेंध: बैरियर तोड़कर दिल्ली विधानसभा में घुसी कार, 3 गिरफ्तार

### स्पीकर ऑफिस के बाहर गुलदस्ता रखकर फरार हुआ संदिग्ध

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राजधानी दिल्ली में सोमवार दोपहर एक बड़ी सुरक्षा चूक सामने आई, जब एक कार विधानसभा परिसर में बैरियर तोड़कर घुस गई। घटना दोपहर करीब 2 बजे की है, जब यूपी नंबर की एक कार वीआईपी एंट्री वाले गेट नंबर-2 से बैरिकेडिंग तोड़ते हुए अंदर दाखिल हुई। अधिकारियों के मुताबिक, कार चला रहा व्यक्ति नकाब पहने हुए था। वह सीधे विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय की ओर गया और पोर्च के पास एक गुलदस्ता रखकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिसर में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि शुरुआती जांच में गुलदस्ते में किसी तरह का विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। घटना की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे विधानसभा परिसर को घेर लिया गया। पुलिस ने आरोपी समेत 3 लोगों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए लोगों में एक की पहचान सरबजीत (पीलीभीत, यूपी) के रूप में हुई है। पुलिस ने टाटा सिएरा कार भी बरामद की है।



**सुरक्षा बढ़ाई गई, सीआरपीएफ तैनात**

घटना के बाद विधानसभा परिसर के गेट नंबर-2 पर अब सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए हैं। डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते ने पूरे परिसर की जांच की। गुलदस्ते और आसपास खड़ी गाड़ियों की भी जांच की गई।
**मिली थीं धमकियां:** महत्वपूर्ण बात यह है कि हाल ही में दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकियां भी मिली थीं। ऐसे में यह घटना सुरक्षा एजेंसियों के लिए और भी गंभीर मानी जा रही है।

---

**पश्चिम बंगाल चुनाव**

## केंद्रीय बल हटाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली/कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल में आगामी चुनावों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राज्य से केंद्रीय सुरक्षा बलों को हटाने से इनकार करते हुए कहा कि हालात को देखते हुए उनकी तैनाती जारी रहेगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि पिछले घटनाक्रम को देखते हुए केंद्रीय बलों की मौजूदगी जरूरी है। चुनावी प्रक्रिया की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी कि अगर राज्य की मशीनरी विफल होती है, तो न्यायालय खुद हस्तक्षेप करेगा। सुनवाई के दौरान बताया गया कि एसआईआर के तहत करीब 59.15 लाख दावे और आपत्तियां सोमवार दोपहर तक निपटा दी गई हैं।

**सीमा सुरक्षा** — दलदली इलाकों में फेंसिंग की चुनौती से निपटने के लिए नई कोशिश

# घुसपैठ रोकने को सांप-मगरमच्छ के इस्तेमाल की तैयारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर लगातार हो रही घुसपैठ और तस्करी को रोकने के लिए अब एक अनोखा और असामान्य प्रस्ताव सामने आया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) दलदली और नदी क्षेत्रों में पेट्रोलिंग के लिए सांप और मगरमच्छ जैसे सरीसृपों के इस्तेमाल पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 26 मार्च को गृह मंत्रालय ने बीएसएफ मुख्यालय को इस दिशा में ऑपरेशनल स्तर पर विचार करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि यह अभी केवल एक प्रस्ताव है और इसे लागू नहीं किया गया है।

भारत-बांग्लादेश सीमा कुल 4,096 किलोमीटर लंबी है, जिसमें से करीब 175 किलोमीटर हिस्सा नदी और दलदली क्षेत्रों में आता है।

इन इलाकों में बाड़ (फेंसिंग) लगाना बेहद कठिन है। घने जंगल, पानी और कीचड़ के कारण निगरानी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। यही वजह है कि इन क्षेत्रों में घुसपैठ और तस्करी की घटनाएं लगातार होती रहती हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 सालों में 7,000 से ज्यादा घुसपैठ के मामले सामने आए हैं।

**विवादित है यह विचार:** सीमा के इन संवेदनशील हिस्सों में पारंपरिक सुरक्षा उपाय कारगर साबित नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में प्राकृतिक अवरोध के रूप में सांप और मगरमच्छों के इस्तेमाल का विचार सामने आया है, ताकि घुसपैठियों को रोका जा सके। हालांकि, विशेषज्ञ इसे एक प्रायोगिक और विवादित प्रस्ताव मान रहे हैं। खुद बीएसएफ अधिकारियों ने साफ किया है कि इस योजना के साथ कई चुनौतियां जुड़ी हुई हैं। सीमा के आसपास घनी आबादी रहती है। बाढ़ के दौरान पानी फैलने से जानवरों का नियंत्रण मुश्किल हो सकता है। इससे स्थानीय ग्रामीणों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसलिए इस प्रस्ताव को लागू करने से पहले कई स्तरों पर मूल्यांकन जरूरी होगा।



**फेंसिंग और तकनीकी विकल्प भी जारी**

- सरकार ने 17 मार्च को भारत-बांग्लादेश सीमा पर 3,326 किलोमीटर फेंसिंग को मंजूरी दी थी।
- अभी भी करीब 371 किलोमीटर क्षेत्र में फेंसिंग बाकी है।
- जहां फेंसिंग संभव नहीं है, वहां ड्रोन और अन्य तकनीकी उपायों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**तस्करी और घुसपैठ की हालिया घटनाएं**

- **जनवरी 2026:** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में बीएसएफ ने एक तस्कर को पकड़ा, जिसके पास से करीब 1 करोड़ रुपए के सोने के बिस्किट बरामद हुए
- **नवंबर 2025:** पेट्रोलिंग के दौरान तस्करों ने हमला किया, जिसमें एक तस्कर को गोली लगी; मौके से फेंसिडिल कफ सिरप और विदेशी शराब बरामद हुई

**अरुणाचल ठेका घोटाला**

## सीएम खांडू के परिवार के ठेकों की होगी जांच

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अरुणाचल प्रदेश में कथित ठेका घोटाले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू के परिवार से जुड़ी कंपनियों को दिए गए सरकारी ठेकों की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है। इस मामले में करीब 1270 करोड़ रुपए के ठेकों पर सवाल उठाए गए हैं। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने आदेश दिया कि सीबीआई दो सप्ताह के भीतर प्रारंभिक जांच शुरू करे। जांच में २०१५ से 2025 तक सभी सरकारी ठेकों की समीक्षा की जाए। सीबीआई को 16 हफ्तों में स्टेटस रिपोर्ट पेश करनी होगी। यह फैसला कोर्ट ने 17 फरवरी को सुनवाई के बाद सुरक्षित रखा था। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि पिछले 10 वर्षों में मुख्यमंत्री खांडू के परिवार से जुड़ी चार कंपनियों को करीब 1270 करोड़ रुपए के सरकारी ठेके दिए गए।



रॉयल्स के आक्रामक खेल से मुंबई को रहना होगा सतर्क, हार्दिक की फिटनेस... (पेज : 11)



# सुनियोजित विकास का सपना लेकर आगे बढ़ रहा है रीवा

## उप मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण भवन का किया लोकार्पण



**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा सुनियोजित विकास का सपना लेकर आगे बढ़ रहा है। सिंचाई की सुविधाओं, सड़कों के निर्माण एवं अधोसंरचना विकास के साथ ही अन्य विकास के सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग का अत्याधुनिक कार्यालय भवन विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए एक सौगात है। अच्छे कार्यालय में बैठकर वह बेहतर मनः स्थिति के साथ अधिक ऊर्जा से अपने कार्यों का संपादन कर सकेंगे। उप मुख्यमंत्री ने 350.16 लाख रुपए की लागत से मध्यप्रदेश पुनर्घनत्वीकरण योजना से निर्मित कार्यालय भवन का लोकार्पण किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पीडब्ल्यूडी कार्यालय में मुख्य अभियंता से लेकर अन्य अधिकारी और कर्मचारी एक ही छत के नीचे बैठेंगे तो उन्हें भी कार्य करने में आसानी होगी और लोगों को भी सुविधा मिलेगी। शुक्ल ने कहा कि रीवा में आधुनिक जरूरतों को पूरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। हमें स्वस्थ रहने के लिए भारतीय प्राचीन परंपरा में लौटना होगा और प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि नियमित जीवनशैली व शुद्ध खानपान से ही विकास का फल आनंदपूर्वक लिया जा सकेगा। रीवा जिला गौ संरक्षण के साथ ही प्राकृतिक खेती की दिशा में आगे बढ़ रहा है। शरीर व जमीन को स्वस्थ रखने के लिए प्राकृतिक खेती अपनाना आवश्यक है। इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन में मुख्य अभियंता केके लक्षे ने कहा कि विभाग को भव्य और बेहतरीन भवन मिल गया है। हमारे विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पूरी गुणवत्ता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करेंगे। तकनीकी प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि 1450 वर्गमीटर में 350.16 लाख रुपए की लागत से तीन तल का लोक निर्माण विभाग का कार्यालय भवन निर्मित किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पार्षद अनीता वर्मा, अमिता सिंह, ज्योति सिंह, राजीव शर्मा, मण्डल अध्यक्ष गौरव पाण्डेय, भूतपूर्व संयुक्त संचालक डॉ. राजेश मिश्र, कार्यपालन यंत्री नितिन पटेल, हिमांशु वर्मा, संविदाकार राजेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय शुक्ला ने किया।

# व्यापारी महासंघ ने रखी आयुक्त-उपायुक्त के समक्ष समस्या



**रीवा।** विंध्य व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष नरेश काली द्वारा गाँधी कॉम्प्लेक्स के व्यवसायियों की पीड़ा लेकर नगर निगम आयुक्त सौरभ सोनवणे के साथ उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी से मुलाकात की गई। श्री काली ने बताया कि विगत 24-25 मार्च को नगर निगम अमले द्वारा कॉम्प्लेक्स की दुकानों में लगी अस्थाई सीढ़ियों को हटाकर जब्त कर लिया गया था, जिससे व्यापारियों का कारोबार पूरी तरह ठप हो गया है। नरेश काली ने ननि आयुक्त को व्यापारियों की कठिनाइयों से अवगत कराया। आयुक्त ने उदार हृदय से समस्या सुनीं और पूर्ण आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द गाँधी कॉम्प्लेक्स के व्यापारियों की समस्या का निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर विंध्य व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष नरेश काली के साथ गांधी कॉम्प्लेक्स के कई दुकानदार, पदाधिकारी एवं प्रभावित व्यापारी उपस्थित रहे।

# मुक्तिधाम तो बना दिए नहीं की पानी की व्यवस्था



**रीवा।** प्रदेश सरकार के आदेश से शहर सहित अंचलों में भी मुक्तिधाम निर्माण का प्रावधान किया गया था, मुक्तिधाम बनाने के साथ ही यहां पर शवयात्रा में शामिल लोगों के नहाने के साथ ही पीने के पानी की भी व्यवस्था की जानी थी, किन्तु शहर से सटे मुक्तिधामों में ही पानी की व्यवस्था नहीं, अंचलों की स्थिति का सहजता से अंदाजा लगाया जा सकता है। शहर के बाहरी मार्गों में मुक्तिधाम के निर्माण करवाए गए हैं, जैसे करहिया मण्डी से लाडली लक्ष्मी पाथ पर मुक्तिधाम बना हुआ है, यहां पर लगा हैंडपंप सूखा पड़ा है, एक अन्य नलकूप खनन करवाया गया था, जिसमें मोटर की पाइप लगी है। आसपास के क्षेत्रों में किसी की मृत्यु हो जाने पर अंतिम संस्कार के लिए शव को यहीं लाया जाता है, किन्तु यहां पर न तो पीने के पानी की कोई व्यवस्था है न ही शवयात्रा में शामिल होने वाले लोगों के लिए शेड वगैरह बने हैं, एक नलकूप खनन में मोटर की पाइप फिटिंग है। अंतिम क्रिया के लिए लोगों को पानी अपने साथ लेकर आना पड़ता है। इसी मार्ग पर बोदाबाग के समीप भी मुक्तिधाम का निर्माण किया गया है, वहां पर भी पानी की व्यवस्था नहीं, लोग अंतिम संस्कार करने के पश्चात स्नानादि के लिए अन्यत्र जाते हैं, उसके बाद घर लौटते हैं। ग्राम पंचायत दुआरी में धिरमा नाला के समीप मुक्तिधाम का निर्माण करवाया गया है, यहां पर भी पानी की व्यवस्था नहीं है। जो मुक्तिधाम नदी अथवा तालाब किनारे स्थित हैं वहां पर लोगों को नहाने के लिए पानी मिल जाता है, किन्तु जिन मुक्तिधामों के आसपास नदी, तालाब नहीं वहां किए गए नलकूप भी बंद पड़े हैं। ये तो महज कुछ उदाहरण हैं, अन्य मुक्तिधामों में इसी प्रकार की अव्यवस्था देखी जा सकती है।

# शहर में स्थापित किये जाएंगे दर्जन भर आधुनिक आरओ वाटर एटीएम

### महापौर की अनूठी पहल, वाटर एटीएम प्लांट का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

### 5 आरओ वाटर एटीएम का महापौर द्वारा 8 अप्रैल को किया जाएगा लोकार्पण




जागरण, रीवा

शहरवासियों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर की अनूठी पहल के अंतर्गत शहर में दर्जनभर आधुनिक आरओ वाटर एटीएम स्थापित किए जा रहे हैं। इसके माध्यम से लोगों की दिनभर गर्मी के मौसम में पीने के लिए शीतल जल उपलब्ध रहेगा। महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने सोमवार को टाउन हॉल के पीछे स्थापित किये गये आधुनिक आरओ वाटर एटीएम प्लांट का निरीक्षण ने किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि इस वाटर एटीएम प्लांट की कुल क्षमता 8000 लीटर है, जिसमें सीधे वाटर प्यूरीफायर के माध्यम से पानी को शुद्ध कर ठंडा किया जाएगा। साथ ही, 5000 लीटर क्षमता के टैंक के माध्यम से निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। आधुनिक तकनीक के माध्यम से सेंसर द्वारा सभी वाटर एटीएम के वाटर लेवल भी प्लांट में प्रदर्शित होंगे, जिससे जल आपूर्ति पर निगरानी रखी जा सकेगी। नगर निगम द्वारा वर्तमान में शहर में 5 आरओ वाटर एटीएम स्थापित किए जा चुके हैं, जिनका आगामी 08 अप्रैल को महापौर द्वारा लोकार्पण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, शहर के विभिन्न स्थानों पर 7 नए प्लांट शीघ्र ही स्थापित किए जाएंगे। इस प्रकार शहर में कुल 12 आरओ वाटर एटीएम स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

महापौर ने कहा कि नगर निगम रीवा द्वारा शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुलभ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस आरओ वाटर एटीएम स्थापित किए जा रहे हैं। यह पहल न केवल जनसुविधा को बढ़ाएगी, बल्कि गर्मियों के मौसम में राहगीरों और शहरवासियों को स्थायी शीतल जल भी मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा कि प्यूरीफाइड जल स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्लांटों का संचालन सुचारु रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य रवि तिवारी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सहायक यंत्री अभिनव चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, जनप्रतिनिधि अशोक पटेल, प्रदीप सिंह, रामप्रकाश तिवारी डैडू सहित अन्य मौजूद रहे।

### भाजपा का 47वां स्थापना दिवस : आतिशबाजी की, मिठाई बांट कर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

# राजनीति में शुचिता के उदाहरण प्रस्तुत करने वाली पार्टी है भाजपा





## मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने वर्चुअली किया संबोधित

**जागरण, रीवा।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यालय अटल कुंज ढेकहा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पार्टी का ध्वजारोहण किया गया। पार्टी कार्यालय में रंग- बिरंगी लाइटों के माध्यम से प्रकाश किया गया। पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महापुरुषों के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। अटल कुंज में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में आतिशबाजी की गई व मिष्ठान वितरण करके कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व विधायक बैतूल हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने प्रदेश कार्यालय से वर्चुअली रूप से सम्बोधित किया एवं बधाई दी। भाजपा कार्यालय अटल कुंज में जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने पार्टी का ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। तबसे लेकर आज तक अपने असंख्य कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं पार्टी की विचाराधारा व भारतीय जनता पार्टी की सरकारों के जनकल्याणकारी योजनाओं के बदौलत यह पार्टी विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल के रूप में उभरी है। भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य देशवासियों के अन्दर राष्ट्रवाद का भाव जागृत करना एवं देश को विश्वगुरू बनाने का है और इस दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

इस अवसर पर गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक मात्र ऐसा दल है जहां पार्टी के अन्दर भी लोकतांत्रिक व्यवस्था है। राजनीति में शुचिता के उदाहरण प्रस्तुत करने वाली पार्टी भाजपा है। इस अवसर पर पार्टी के विभिन्न व वरिष्ठ नेताओं में पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, राम सिंह, महाबली गौतम, पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति, माया सिंह, ममता गुप्ता, राजेन्द्र पाण्डेय ने अपने विचार व अनुभव साझा किया। संचालन जिला महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व उमरिया प्रभारी राजेन्द्र पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता राम सिंह, महाबली गौतम, रमेश गर्ग, पूर्व सांसद देवराज सिंह, पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, मनीषा पाठक, शरद साहू, अशोक सिंह गहरवार, राजेश प्रताप सिंह, संध्या कोल, मनीषचन्द्र शुक्ला, जिला महामंत्री उमाशंकर पटेल, विवेक गौतम, जीवनलाल साकेत, जिला मंत्री कल्पना पटेल, प्रणेश ओझा, गीता माझी, बिजेन्द्र गौतम, पूर्व महापौर ममता गुप्ता, पूर्व जिपं अध्यक्ष माया सिंह, विविप्रा पूर्व उपाध्यक्ष विमलेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा साधना गुप्ता, कल्पना श्रीवास्तव, रिपुदमन सिंह, वीरेश पाण्डेय, जय सिंह, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा पूर्णिमा तिवारी, सांसद प्रतिनिधि नगर निगम रमाशंकर गुप्ता, मुनिराज पटेल, नरेन्द्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी, अजा मोर्चा अध्यक्ष रामजी प्रजापति, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मो. इमरान, भूपेन्द्र सिंह, यशवर्धन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर निगम ने जहां से लगाया चिन्ह, वहीं से कब्जाधारी खुद ही तोड़ने लगे अपने मकान

### निगम वार्निंग का दिखा असर, अतिक्रमण हटाने लगे दुकानदार

### सड़क के चौड़ीकरण का रास्ता साफ, लोगों को मिलेगी जाम से राहत



**जागरण, रीवा।** पिछले कई वर्षों से लगातार अमहिया क्षेत्र जाम की स्थिति से जूझता रहा है। स्थाई अतिक्रमण होने के साथ ही यहां के दुकानदारों द्वारा अपनी आधी दुकानें सड़क पर लागकर लगा ली जाती थी। पिछले दिनों नगर निगम अमले ने यहां की जांच कर लगभग दो सैकड़ा के करीब अतिक्रमण चिन्हित किया था और कब्जेधारियों से स्वयं ही अपने-अपने कब्जे हटाने की हिदायत दी थी। किन्तु कब्जेधारियों ने निगम की चेतावनी को हल्के में लेते हुए अपने कब्जे नहीं हटाए, जैसे ही रविवार को अमहिया रोड में निगम का बुलडोजर गरजा वैसे ही दुकानदारों ने स्वयं ही अपने-अपने कब्जे हटाना शुरू कर दिए। सोमवार को भी अमहिया रोड पर दुकानदार खुद ही अपना-अपना अवैध कब्जा हटाते देखे गए। किसी ने अपनी हद से 8 फीट आगे तो किसी ने 10 फीट आगे तक कब्जा कर रखा था। कारीगरों को बुलवाकर अवैध कब्जा करने वाले स्वयं ही सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने में जुटे हुए हैं, जिससे अमहिया मार्ग के चौड़ीकरण का रास्ता साफ होने के साथ ही यहां लगने वाले बार-बार जाम से शहरवासियों को राहत मिलेगी।

# रिहायशी क्षेत्रों में बेखौफ संचालित हो रहे ईंट भट्टे

### ईंटें पकाने के दौरान फैलता है प्रदूषण, बना रहता है आग लगने का भी भय



**जागरण, रीवा।** शहर के रिहायशी क्षेत्रों में बेखौफ ईंट भट्टे संचालित किए जा रहे हैं। वर्तमान में जो ईंट भट्टे रिहायशी क्षेत्रों में चल रहे हैं वे करीब दो-तीन दशक पूर्व शहर के बाहर हुआ करते थे, किन्तु धीरे इन भट्टों के आसपास आवास, स्कूल, कॉलेज निर्मित हो गए, फिर भी भट्टे यहीं संचालित हो रहे हैं, उन्हें रिहायशी क्षेत्रों से हटाकर अन्यत्र नहीं किया जा रहा। रिहायशी क्षेत्रों में चल रहे इन भट्टों के कारण आसपास के रहवासियों का धुएं और प्रदूषण से बुरा हाल हो रहा है। वहीं स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी भी परेशान हो जाते हैं। ये ईंट भट्टे प्रदूषण तो फैला रहे हैं साथ ही कभी भी आग लगने से बड़ी घटना का कारण भी बन सकते हैं। इन भट्टों में दिन भर मिट्टी, रेत लाने वाले व ईंट ले जाने वाले वाहनों का अवागमन तो बना रहता है, वहीं जब ईंट पकाई जाती है उन्हें पकाने के लिए कोयले सहित पुराने टायर, प्लास्टिक, बोरे, कपड़े आदि का भी उपयोग किया जाता है, जिसके जहरीले धुएं से आसपास के रहवासियों का सांस लेना मुश्किल हो जाता है। शहर में करहिया नंबर-1 चौराहे के समीप ईंट भट्टा संचालित हो रहा है। पूर्व में जब इसकी शुरुआत की गई थी उस समय आसपास बस्ती नहीं थी। वर्तमान में यहां बस्ती के साथ ही थोड़ा आगे कॉलेज भी बना हुआ है, जिसका धुआं ईंट पकाने के दौरान वहां तक फैल जाता है, जिससे लोगों का खांसी, छींक से बुरा हाल हो जाता है। वहीं निपनिया क्षेत्र में जो भट्टा संचालित हो रहा है वह भी रिहायशी क्षेत्र में आ गया है, यहां पर शा. आयुर्वेद कॉलेज के साथ आसपास हॉस्टल व काफी आवास बन गए। दुआरी में नाले के इस पार ईंट भट्टा है और नाले के दूसरी ओर शासकीय विद्यालय है, वहीं इसके आसपास बड़ी संख्या में आवास भी बन गए हैं।

# एसएनएस कॉलेज सतना की एमएससी की मान्यता समाप्त

**रीवा।** प्राचार्य एसएनएस महाविद्यालय सतना के पत्र के अनुक्रम में विद्या परिषद की स्थायी समिति की बैठक 7 नवंबर 25 के आइटम क्रमांक 21 में की गई संस्तुति तथा कुलगुरु अवधेश प्रताप सिंह विवि द्वारा अधिनियम की धारा 15 (4) के अंतर्गत किए गए अनुमोदन अनुसार एमएससी पूर्वार्द्ध/उत्तरार्द्ध कम्प्यूटर (सीएस) कक्षा/पाठ्यक्रम की अस्थायी सम्बद्धता सत्र 2025-26 से समाप्त की गई।

# गेहूं खरीदी की बार-बार तारीख बढ़ाने पर किसानों का बढ़ा आक्रोश

### मुख्यमंत्री के नाम भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, रीवा।** समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने पर किसानों में नाराजगी है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जहां सरकार किसानों की आय दो गुना से आठ गुना बढ़ाने की बात कर रही है और कृषि कल्याण वर्ष मना रही है वहीं पर खरीदी की तारीख में बार-बार बदलाव करना किसानों के साथ अन्याय है। जिसके विरोध स्वरूप भारतीय किसान संघ ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की कि सहकारी बैंकों द्वारा 0 प्रतिशत ब्याज पर सेवा सरकारी संस्था की ड्यू डेट 28 मार्च के बाद नहीं बढ़ाए जाने पर किसानों को साल भर का 7 फीसदी ब्याज एवं 14 फीसदी दंड लग गया, इससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया। सरकार ने गेहूं खरीदी की तारीख 10 अप्रैल कर दी और सोसायटी के पैसे जमा करने की तिथि 28 मार्च ऐसे में किसान पैसे कहां से जमा करेंगे, जिस वजह से 60 प्रतिशत किसान डिफाल्टर हो गए। पिछले वर्ष के डिफाल्टर किसानों को सरकार द्वारा ब्याज की राशि वापस करने का वादा किया था जो आज तक पूर्ण नहीं हुआ। जब तक पराली के निष्पादन के लिए कोई स्थाई हल नहीं निकालें तब तक किसानों पर कोई कार्यवाही न की जाए। ग्रीष्मकालीन मूंग, उड़द खरीदी का पंजीयन सरकार शीघ्र शुरू करे। समर्थन मूल्य पर खरीदी केन्द्रों पर कार्य कर रहे अधिकारी, कर्मचारी जिनके विरुद्ध पूर्व से अनियमितता की शिकायत लंबित है तथा उनका व्यवहार विवादित प्रवृत्ति का है उन्हें खरीदी कार्य से पृथक रखा जाए और जिले के मनगवां में मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ का डबल लाक गोदाम स्वीकृत कर निर्माण कराया जाए, जिससे क्षेत्रीय किसानों को उर्वरक व बीज की उपलब्धता सहजता से सुनिश्चित हो सके। संघ के शिवानंद शर्मा ने कहा कि समस्या का समाधान न होने पर भारतीय किसान संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

SAVVY MOTHER INTERNATIONAL SCHOOL
www.savvyrewa.com
Nursery To 12th
ADMISSION OPEN 2026-27
Data science | Innovation lab
Brainywood | Innovation lab
9329517009, 9630520901
In Front Of Chamadiya Petrol Pump Azad Nagar Urrahat Rewa M.P.

डॉ. नीरज कुमार दुबे
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (ENT)
कान-नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ
माइक्रोस्कोपिक एवं एंडोस्कोपिक ई.एन.टी. सर्जन
परामर्श स्थलः
अंशिका मेडिकल्स
सभी प्रकार की दवाइयों के विक्रेता 7089196877
पताः- न्यू बस स्टैण्ड के आगे, फूलमती मन्दिर के पहले, पीटीएस रोड, रीवा (म.प्र.)
कान-नाक एवं गले से संबंधित निम्न बीमारियों के समुचित उपचार के लिए संपर्क करें
- कान के पर्दे में छिद्र एवं कान की हड्डी में गलन एवं कान से मवाद आना (CSOM)
- कान में सीटी बजना या सनसनाहट (Tinitus) कम सुनाई देना एवं चक्कर आना (Vertigo)
- पुरानी सर्दी जुकाम, साइनस की बीमारी (SINUSITIS) ज्यादा, बार-बार छींके आना एवं allergy से नाक बहना। (Allergic Rhinitis)
- नाक की हड्डी का टेढ़ापन (DNS), नाक के अंदर गठान, Polyp Mass etc)
- बच्चों में बार-बार गले का इंफेक्शन एवं मुंह खोलकर सांस लेना, खर्राटें लेना (Tonsillitis, Adenoid Hypertrophy)
- कान-नाक एवं गले से संबंधित अन्य कोई बीमारी या गठान की दूरबीन द्वारा जांचे एवं उपचार
- माइक्रोस्कोप एवं एंडोस्कोप (दूरबीन) द्वारा कान,नाक एवं गले से संबंधित ऑपरेशन, (Tympanoplasty, FESS, Septoplasty, Tonsillectomy etc)

आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604, 7566831551

## बीच चौराहे बिगड़ी नईगढ़ी की फायर ब्रिगेड



### दुरुस्त करने में लग गए घंटों, शहर की फायर ब्रिगेड भी खस्ता हाल

**जागरण, रीवा।** शहर के कॉलेज चौराहे में सोमवार को नईगढ़ी की एम्बुलेंस खराब हो गई, जो खराबी के चलते चौराहे पर ही खड़ी रह गई, जिसे वहीं पर मैकेनिक बुलवाकर दुरुस्त करवाया गया, जिसमें घंटों लग गए। जब तक फायर ब्रिगेड दुरुस्त हुई, आधी सड़क से ही आवागमन चलता रहा। नईगढ़ी सहित समीपस्थ क्षेत्रों में संचालित हो रहीं फायर ब्रिगेडों की हालत खराब है, वहीं शहर में नगर निगम के पास जो फायर ब्रिगेड हैं, उनकी हालत भी खस्ता हो रही है। कहीं पर भी आगजनी की घटना होने के दौरान अधिकतर फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंच पाती, जिससे लोगों में आक्रोश देखा जाता है और फायर ब्रिगेड के चालक को दोषी ठहराने के साथ ही कई बार विवाद व मारपीट करने पर भी उतारू हो जाते हैं, किन्तु लोग ये नहीं देखते कि फायर ब्रिगेड की स्थिति क्या है। कई बार कंडम हो रही फायर ब्रिगेड बीच में ही रुक जाती है, चालक जैसे-तैसे प्रयास कर घटनास्थल पहुंचते हैं, किन्तु तब तक देरी हो चुकी होती है।

## अलग-अलग जगह दो युवकों ने लगाई फांसी



**जागरण, रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र व चोरहटा थाना क्षेत्र में दो युवकों ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवकों ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों से उठाया इसकी जांच पुलिस टीम द्वारा की जा रही है। पहली घटना चोरहटा थाना क्षेत्र में सामने आई। मैहर के रामनगर थाना क्षेत्र के देवराजगढ़ निवासी युवक पुष्पेंद्र मिश्रा पिता रामरतन मिश्रा 36 चोरहटा थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहा था। बताया गया कि बीती रात युवक ने आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस ने सूचना के बाद शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाया जिसे पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पीएम के बाद मृतक की बॉडी परिजनों को सौंप दी गई है, वहीं पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की गंभीरता से जांच कर रही है। इसके साथ ही दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के उपरहटी में सामने आई जहां अभय वर्मा पिता लालचंद्र वर्मा 23 वर्ष निवासी उपरहटी ने अज्ञात कारणों से आत्मघाती कदम उठाते हुए अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

**सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत :** चोरहटा थाना क्षेत्र में स्कार्पियो से हुई दुर्घटना में घायल वृद्ध कल्लू सिंह पिता चंद्रशेखर सिंह 60 वर्ष निवासी रामपुर बघेलान को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां वृद्ध की मौत हो गई। बताया गया कि बीती रात वृद्ध को सड़क दुर्घटना के बाद गंभीर अवस्था में उपचार के लिए एसजीएमएच में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सोमवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है, वहीं पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## शहर में पीएनजी कनेक्शन घर-घर पहुंचाने की तैयारी

### कई मोहल्लों में पाइपलाइन से पहुंच रही है गैस

**रीवा।** रीवा शहर में स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) सेवा का विस्तार किया जा रहा है। रीवा के दर्जनों मोहल्लों और कॉलोनियों में इस सेवा का सफल संचालन किया जा रहा है, जिसका लाभ अब लगातार अधिक क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को मिल रहा है। वर्तमान में रीवा के प्रमुख रहवासी क्षेत्रों जैसे नेहरू नगर, संजय नगर, इंदिरा नगर, तिलक नगर और बजरंग नगर में यह सुविधा पूरी तरह सक्रिय है। इसके साथ ही रतहरा, अरुण नगर, श्रीयुत नगर और अनंतपुर क्षेत्रों में भी पाइपलाइन के जरिए गैस की आपूर्ति की जा रही है। शहर की प्रीमियम सोसायटियों और कॉलोनियों, जिनमें शिल्पी उपवन, शिल्पी कुंज, समान, वृंदावन और समदरिया गोल्ड शामिल हैं, वहाँ के रहवासी भी अब इस आधुनिक सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। इन मोहल्लों में पाइपलाइन से गैस की नियमित आपूर्ति की जा रही है। कनेक्शन लेने वालों को अब सिलेंडर भरवाने से मुक्ति मिली है।

पीएनजी सेवा की सबसे बड़ी विशेषता इसकी निरंतरता और सुरक्षा है। जिससे उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग एवं आपूर्ति से जुड़ी परेशानियों से राहत मिलती है। यह गैस हवा से हल्की होने के कारण सुरक्षा के लिहाज से बेहद भरोसेमंद मानी जाती है और एलपीजी के मुकाबले काफी किफायती भी है। सीधे पाइपलाइन से चूल्हे तक पहुँचने वाली यह गैस रसोई में जगह की बचत करती है और उपयोग में भी बेहद सरल है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने इस विस्तार पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रीवा के नागरिकों से अपील की है कि वे इस स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा विकल्प को अपनाएं। कंपनी का मानना है कि अधिक से अधिक घरों में पीएनजी का उपयोग न केवल व्यक्तिगत सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण कम करने में भी रीवा के योगदान को सुनिश्चित करेगा।




## भाजपा अटल मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

### स्थापना दिवस भी मनाया



**जागरण, रीवा।** भारतीय जनता पाटी द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के तहत भाजपा अटल मंडल (विधानसभा रीवा 74) का दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण वर्ग मंगलम मंडप में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंडल अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति और सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। अटल मंडल के अध्यक्ष पदाधिकारी व वरिष्ठ नेताओं ने कई बूथों पर भाजपा के स्थापना दिवस को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। प्रशिक्षण के प्रथम दिन की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और अतिथियों के स्वागत से हुई। उद्घाटन सत्र में संगठन प्रभारी विजय दुबे ने 'वैचारिक अधिष्ठान एवं वैचारिक आधार' पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात रावेन्द्र मिश्रा ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष गौरव पाण्डेय, मंडल प्रशिक्षण प्रभारी राजेन्द्र शुक्ला प्रशिक्षण वर्ग संयोजक श्री प्रबोध व्यास, सह-संयोजक अशोक सिंह गहरवार, विवेक गौतम और सुमन शुक्ला के मार्गदर्शन में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री जीवनलाल साकेत जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह चंद्रशेखर तिवारी बालानन्द द्विवेदी, कमलेश सचदेवा राजेश पाण्डेय गोपाल दास मांझी उपेंद्र चंद दुबे प्रदीप सोहगौरा साधना गुप्ता पी एल अवस्थी नरेंद्र गुप्ता शेखर सचदेवा डॉ सी एल रावत श्रीकृष्ण गुप्ता दिलीप तिवारी अवधेश गौतम शिवकार कुशवाहा संतोष मिश्रा जगतपति द्विवेदी रामबती साकेत पवन तिवारी अखिलेश शुक्ल मधु द्विवेदी पूनम मिश्रा रेणु सिंह रमेश राठौर मनीष सिंह बालेन्द्र गौतम अमित द्विवेदी रजनीश बारी संतोष मिश्रा सत्यनारायण कुशवाहा बृजेन्द्र तिवारी अशोक चतुर्वेदी रीतेश द्विवेदी राजीव शर्मा सुनील शर्मा प्रभात दीक्षित जयसरण पाण्डेय रामदरश गौतम सुकेतु मिश्र नितेश जैन अब्दुल रहीम जुगनू राजेंद्र तिवारी अशोक वर्मा दारा सिंह समीर शुक्ला अख्तर अली मुन्ना आशीष पाण्डेय रंजना सिंह अरविन्द झाँझोट सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टीकर के जंगल में फिर लौट आया हाथियों का जोड़ा

### एक महीने से सीतापुर व गोविंदगढ़ के जंगलों का कर रहा है विचरण

### वन विभाग की टीम निगरानी में जुटी



**जागरण, रीवा।** उमरिया के जंगल से निकल रीवा आया हाथियों का जोड़ा पिछले एक महीने से सीतापुर से लेकर गोविंदगढ़ के जंगलों में विचरण कर रहा है। पिछले सप्ताह सीतापुर में भ्रमण के बाद फिर टीकर के जंगल में अपना आशियाना बनाया है। बांधवगढ़ से पहुंची टीम ने हाथी और हथनी का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया है। जिसमें दो स्वस्थ मिले हैं।

हाथी का जोड़ा गोविंदगढ़ और टीकर का जंगल छोड़कर नहीं जा रहा है। गोविंदगढ़ से जोड़ा मऊगंज की तरफ बढ़ा लेकिन ज्यादा देर नहीं रुका। एक दिन में ही वापस लौट आया। अब वापस गड्डी पहुंच गया है। बता दें कि बांधवगढ़ से एक हाथी भरत एक हथनी के साथ निकला था। वह सोन नदी के रास्ते सीधी होते हुए मऊगंज पहुंच गया था। मऊगंज पहुंचने के बाद दोनों हनुमना तक गए थे। फिर वापस लौटे। यहां से वह पहाड़ और जंगल के रास्ते सीतापुर से गुढ़ और फिर गड्डी से गोविंदगढ़ पहुंच गए। गोविंदगढ़, टीकर का जंगल काफी घना है। यहां पानी भी पर्याप्त है। खाने पीने के लिए भी हाथियों को कोई कमी नहीं है। यही वजह है कि दोनों अब यहां से कहीं जा ही नहीं रहे हैं। पिछले एक महीने से अधिक समय से यहीं पर डेरा डाले हुए हैं। इस दौरान उन्होंने दो बार मऊगंज की तरफ रुख किया लेकिन हर बार वापस लौट आए। हाथी का जोड़ा अब वापस लौटने की कोशिश नहीं कर रहा है। पहाड़ उतर कर न चुरहट की तरफ जा रहा और न ही पहाड़ चढ़कर रामनगर की तरफ बढ़ रहा है। लंबे समय से रीवा और मऊगंज के जंगल में इन हाथियों को रहते हो गया। हथनी गर्भवती भी है। ऐसे में उनके स्वास्थ्य का परीक्षण कराने के लिए एक पत्र डीएफओ ने बांधवगढ़ प्रबंधन को लिखा था। इसके बाद टीम स्वास्थ्य परीक्षण करने पहुंची। परीक्षण कर वापस लौट गई है। परीक्षण में दोनों ही फिट मिले हैं।

भले ही इन दोनों हाथियों का मूवमेंट रीवा और मऊगंज में बना हो लेकिन वह अभी तक कोई भारी नुकसान नहीं किए हैं। गांव और लोगों से भी दूरी बनाकर जंगल की तरफ ही रह रहे हैं। वन विभाग की टीम हालांकि इन पर नजर जमाए हुए हैं।

# उधर बायपास का पुल टूटा, इधर मॉडल रोड में सीवरेज का मलबा, कहां से जायें वाहन चालक

● रात 11 बजे से सुबह तक लगा रहा जाम, वाहन रेंगते आए नजर, धूल के गुबार व कीचड़ भी बना दिक्कत

### चोरहटा रतहरा बायपास का पुल टूटने से शहर से निकले रहे हैं वाहन



**जागरण, रीवा**

मैहर व सतना की ओर से रहे वाहनों को रीवा से बाहर निकलना कठिन हो गया है। उधर चोरहटा रतहरा बायपास सड़क पल टूटने से आवागमन बंद है तो दूसरी ओर शहर की माडल रोड में सीवरेज की खुदाई व उसके मलबे के कारण वन वे सड़क वाहन चालकों को रुला रही है। रविवार रात 11 बजे से सुबह नो इंट्री टाइम तक जाम की स्थिति रही। वाहन चींटी जैसे रेंगते रहे। दरअसल रतहरा बायपास रोड का पुल टूटने से वाहनों को सिलपरा-गोविंदगढ़ होकर रिंग रोड से होकर जाने का डाइवर्सन दिया गया है। लेकिन 30 किमी की परिक्रमा से बचने के लिए भारी वाहन चोरहटा में ही खड़े हो जाते हैं। रात 11 बजे से जैसे ही वाहनों की नो इंट्री खुलती है वह शहर की ओर सरपट दौड़ पड़ते हैं। यही हाल रतहरा बायपास की ओर का है। यहां भी पहले से ही वाहन खड़े रहते हैं।

दरअसल शहर में समान थाने से लेकर गड़रिया मोड़ तक सीवरेज लाइन खोद कर मलबा छोड़ दिया गया है। मार्ग वन वे होने के कारण यहां से निकलने वाले वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गया। इस क्षेत्र में समान, रतहरा, नेहरू नगर सहित समीपस्थ चौराहों पर सीवरेज लाइन डालने वालों ने खनन करके छोड़ दिया, खनन करने के बाद न तो यहां से मलबा हटाया न ही किसी प्रकार के संकेतक लगाए, जिससे यहां दिन रात जाम की स्थिति रहती है। यह जाम सिरमौर चौरहा से रतहरा तक लगा रहता है। सोमवार शाम करीब 7 बजे के आसपास समान थाने से लेकर गड़रिया मोड़ तक सैंकड़ों वाहनों की कतार लग गई, जाम में फंसे वाहनों सहित आधा दर्जन से अधिक एम्बुलेंसों के हॉर्न व सायरन चीखते रहे, किन्तु इसका कोई असर देखने को नहीं मिला, यहां जाम खुलवाने के लिए खड़ी पुलिस भी बेबस नजर आई।

### यहां से दिया गया है डायवर्सन

रीवा बायपास मार्ग पर अचानक उपजे संकट के कारण बढ़े ट्रैफिक दबाव और अव्यवस्थित डायवर्सन के कारण हालात बिगड़ गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा डायवर्सन मार्ग अवश्य निर्धारित किया गया है, लेकिन वहां ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए कोई ठोस इंतजाम नजर नहीं आया। मार्गों पर कोई संकेतक तक नहीं लगाये गये हैं और न ही पुलिस व्यवस्था की गई है। नई व्यवस्था के तहत बेला से प्रयागराज जाने वाले वाहनों को बेला से होटल शार्क इन, बीड़ा, गोदहा, सिरमौर और क्योटी होते हुए कलवारी मार्ग की ओर भेजा जा रहा है। इस व्यवस्था के कारण सेमरिया मार्ग पर गोदहा के पास दिन भर जाम लगने लगा है। इसी प्रकार बेला से मिर्जापुर जाने वाले वाहनों को बेला से होटल शार्क इन, बीड़ा, गोदहा और सिरमौर होते हुए रीवा की ओर डायवर्ट किया गया है। इससे सेमरिया मार्ग पर बनाये गये अंडरपास में बडे वाहन पार नहीं हो पाते हैं और वे वहीं पर खड़े होकर रात के 11 बजने का इंतजार करते हैं। ये सभी वाहन रात में शहर से होकर गुजरते हैं।

### डायवर्सन मार्ग की पर्याप्त नहीं है चौड़ाई

मिर्जापुर या प्रयागराज की ओर से बेला जाने वाले वाहनों को रतहरा से सिलपरा, गोविन्दगढ़ और मुकुंदपुर होते हुए बेला भेजा जा रहा है। इस व्यवस्था में परेशानी यह है कि सिलपरा और गोविन्दगढ़ वाले वैकल्पिक मार्गों पर निर्माण कार्य और सड़क की कम चौड़ाई के कारण भारी यातायात के लिए पूरी तरह उपयुक्त नहीं है। ऐसी स्थिति में भारी वाहनों को शहर से गुजरने वाले पुराने नेशनल हाईवे-07 मार्ग से केवल रात्रि के समय निकालने की अनुमति दी गई है। इसका परिणाम यह सामने आया है कि रात 11 बजे के बाद शहर में सड़क पर चलना मौत को दावत देने के बराबर है।

### शहर में रात 11 बजे के बाद लग रही वाहनों की कतार



बायपास स्थित बीहर नदी का पुल क्षतिग्रस्त होने से वाहनों के निकलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और विभिन्न क्षेत्रों को जाने वाले वाहनों के रूट निर्धारित कर दिए गए हैं। रात्रि 11 बजे बाद शहर से वाहनों को निकलवाया जा रहा है, जिसके चलते रविवार रात शहर में काफी वाहनों की भीड़ देखने को मिली, रतहरा से लेकर चोरहटा तक जाम लगा रहा। वाहन निकालने की होड़ में कई वाहन चालक उतावले दिखाई दिए, खासकर हाइवा, डंपर के चालक जाम लगने के बाद भी अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए, जिसके चलते अज्ञात वाहन की टक्कर से छोटी पुल के समीप घटी दुर्घटना में एक जान भी चली गई, जब तक बायपास पुल नहीं बनता तक तक शहर के मध्य आवागमन का दबाव बना रहेगा, वाहनों की गति को नियंत्रित नहीं किया गया तो संभवतः दुर्घटना के आंकड़ें में भी वृद्धि होने की संभावना है।

## शहर के हर गली में चल रहा गिट्टी-बालू का अवैध कारोबार

### खनिज विभाग से केवल 4 कारोबारियों ने लिया है लायसेंस, बाकी सब अवैध



**जागरण, रीवा**

नगर निगम क्षेत्र में हर गली हर मोहल्ले में गिट्टी बालू सहित बोल्डर एवं मरुम का कारोबार चल रहा है। इनके कारण शहर में बड़े वाहन प्रवेश करते हैं और यातायात व्यवस्था बिगाड़ने का काम करते हैं। खनिज विभाग से शहर में गिट्टी और बालू भण्डारण के केवल पांच लायसेंस जारी किये गये हैं। इसके अलावा सभी कारोबारी अवैध रूप से गिट्टी बालू का धंधा कर रहे हैं। बताया गया है कि रीवा नगर निगम क्षेत्र में मात्र पांच कारोबारियों को खनिज विक्रय का लायसेंस दिया गया है, जहां दो कारोबारियों के लायसेंस की अवधि समाप्त हो चुकी है, किन्तु इनका अभी तक न तो नवीनीकरण ही किया गया और न ही नवीनीकरण के लिये आवेदन ही किया गया है। जबकि शेष सभी कारोबारी अवैध रूप से खनिज का कारोबार कर रहे हैं। गौरतलब है कि रीवा नगर निगम क्षेत्र में एक सैकड़ा से अधिक खनिज कारोबारी ऐसे है जो कहीं न कहीं रेत, गिट्टी, बोल्डर, मुरुम आदि का कारोबार कर रहे हैं। सबसे बड़ा कारोबार रेत और गिट्टी का हो रहा है। समूचे शहर में खनिज का अवैध कारोबार चल रहा है। इस अवैध भण्डारण के पीछे खनिज माफिया का हाथ हो सकता है। अवैध उत्खनन एवं परिवहन किया हुआ खनिज ही यहां भण्डारित किया जाता है। किन्तु यहां का प्रशासन और महकमा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। शहर के अंदर नगर निगम की सीमा में आये दिन पुलिस व नगर निगम की टीमें जांच पड़ताल करती रहती हैं लेकिन अवैध कारोबारियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### शहर में केवल चार लायसेंसी कारोबारी

खनिज विभाग द्वारा रीवा नगर में जिन कारोबारियों को खनिज कारोबार का लायसेंस दिया गया है उनमें अनिल प्रसाद मिश्रा निवासी रतहरा को ग्राम रतहरी की आराजी खसरा क्रमांक 377/ रकबा 0.029 है. में बोल्डर, गिट्टी, मुरुम, स्टोन डस्ट की अनुमति दी गई है। इनकी वैधता 21 अप्रैल 2025 तक है। हीरालाल पाण्डेय निवासी अरुण नगर ने खनिज भण्डारण के लिये तीन लायसेंस रतहरा की आराजी क्रमांक 317/2 रकबा 0.018 हे. में ले रखा है जिसमें स्टोन, स्टोन डस्ट, गिट्टी, मुरुम, रेत, लेटराइट एवं लाइमस्टोन की अनुमतियां शामिल हैं। एक ही खसरा नम्बर व रकबे में तीन लायसेंस कैसे जारी किये गये, यह भी खोज का विषय है। इसी प्रकार सुरेन्द्र सिंह पटेल निवासी बरा ने बरा के खसरा नम्बर 322/2 रकबा 0.012 में स्टोन, फ्लैग स्टोन व रेत की अनुमति लिया था जो दिसम्बर 2020 में समाप्त हो चुका है और आज तक नवीनीकरण नहीं किया गया है। इस तरह से शहर में वैधानिक रूप से संचालित चार लायसेंसी कारोबारी हैं जबकि एक का लाईसेंस चार साल पहले से ही समाप्त हो चुका है। इनमें रेत का लायसेंस केवल एक ही कारोबारी के पास है। इसके अलावा शहर में अन्य स्थानों में खनिज का जो कारोबार किया जा रहा है, सब के सब अवैध हैं।

### अनुमति लिया गिट्टी की और बिक्री कर रहे रेत

बताया गया है कि जिन खनिज कारोबारियों ने खनिज भण्डारण की अनुमति भी प्राप्त किया है उनमें अधिकांश लोग गिट्टी डस्ट, फ्लैग स्टोन की ही अनुमति ले रखे हैं। जबकि उनके द्वारा रेत का भी भण्डारण किया गया है। गिट्टी की आड़ में लोग रेत का अवैध कारोबार कर रहे हैं। खनिज विभाग से मात्र एक कारोबारी ही रतहरा में रेत भण्डारण का लायसेंस ले रखा है। शेष जो लोग रेत का कारोबार कर रहे हैं, वे सब के सब फर्जी हैं एवं प्रशासन की आंख में धूल झोंक रहे हैं।

## जिला न्यायालय परिसर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति कार्य का किया गया भूमिपूजन



**रीवा।** जिला न्यायालय परिसर में विधायक निधि से 9 लाख 20 हजार रुपए की स्वीकृति से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति कार्य का उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि न्यायालय परिसर में शुद्ध व स्वच्छ पेयजल अप्रैल माह के अंत तक पहुंच जाएगा। भव्य न्यायालय परिसर में पीने के पानी की समस्या की ओर अधिवक्ताओं ने ध्यान आकृष्ट कराया था। अब इस परिसर को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देश पर न्यायालय के पीछे का गेट खोले जाने और पार्किंग स्थल में फर्श बनाने व छाया के लिए शेड की व्यवस्था कराने का कार्य भी शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यायालय परिसर में जो भी कार्य शेष रह गए हैं उनको शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान की भी विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि नगर निगम न्यायालय परिसर व अधिवक्ताओं की समस्या के निराकरण के लिए सदैव तत्पर हैं। आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि रीवा शहर के हर मोहल्ले में घर-घर तक मीठा पानी पहुंचाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि अप्रैल माह के अंत तक न्यायालय परिसर में टंकी से पाइपलाइन डालकर स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करा दी जाएगी। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी ने विधायक निधि से पेयजल समस्या के निराकरण के लिए 9 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं और उसका कार्य भी प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि शुक्ल एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं और हमेशा अधिवक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम को अधिवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता शिवेन्द्र उपाध्याय, घनश्याम सिंह, सुशील तिवारी, रावेन्द्र मिश्र सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# बुरे फँसे ट्रंप, अब साख बचाने की जद्दोजहद

*अब यह बात स्पष्ट होती जा रही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर एक महीने पहले शुरू किए गए हमले से किसी तरह अपना चेहरा बचाते हुए बच निकलने के लिए जूझ रहे हैं। इस युद्ध के लिए दो लक्ष्य घोषित किए गए थे: सत्ता परिवर्तन और परमाणु क्षमता को नष्ट करना। लेकिन पिछले सप्ताह राष्ट्र के नाम किए गए संबोधन में शांति और तनाव कम करने का मार्ग पेश करने के बजाय राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान को पाषाण काल में पहुंचाने तक उस पर बमबारी करेगा।*

*एक संप्रभु राष्ट्र को पूरी तरह नष्ट करने तक उस पर बमबारी करने को कोई उद्देश्य नहीं माना जा सकता है। इससे न तो ईरान किसी तरह आत्मसमर्पण करने के बारे में सोचेगा और न ही यह पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की गारंटी देगा। ईरान पर बहुत घातक हमले किए गए, इसके बावजूद उसके पास अब भी मिसाइल क्षमता बची हुई है । इजरायल को यह सबक मिला है कि लगातार दो साल तक गाजा और लेबनान पर की गई तेज बमबारी के बावजूद वह सुरक्षित नहीं रह सका है। ईरान-प्रायोजित हमास अब भी गाजा के खंडहरों के आधे हिस्से पर नियंत्रण रखता है, जिससे अमेरिकी-नेतृत्व वाले 'बोर्ड ऑफ पीस' की महत्त्वाकांक्षी रियल एस्टेट योजना खतरे में पड़ जाती है, और हिजबुल्ला ने उत्तरी इजरायल पर रॉकेट और ड्रोन से हमले जारी रखे हैं। लाल सागर के किनारे ईरान-प्रायोजित हूतियों की देर से हुई लामबंदी ने ईरान की विषम युद्ध क्षमताओं को भी रेखांकित किया है।*

*दरअसल, यह युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बहुत अधिक दबाव डाल रहा है और इसे समाप्त कर पाने में अक्षमता के बावजूद किसी तरह के आत्मावलोकन की प्रक्रिया शुरू होती नहीं नजर आती। इसके बजाय अमेरिकी राष्ट्रपति अपने देश का इस्तेमाल विशुद्ध तेल एवं गैस निर्यातक के रूप में कर रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि होर्मुज स्ट्रेट अमेरिका का सिरदर्द नहीं है। यह बात सही है कि इन रास्तों से अमेरिका का आयात नगण्य है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति का वक्तव्य असाधारण रूप से जवाबदेही से भागने का रहा है। अगर अमेरिका और इजरायल ने क्रमशः ऑपरेशन एपिक फ्यूरी और राइजिंग लायन नहीं लॉन्च किया होता तो ईरान ने खाड़ी में अमेरिका के सहयोगी देशों के तेल और गैस ढांचों में से कुछ को निशाना नहीं बनाया होता। न ही उसने होर्मुज स्ट्रेट को बंद किया होता। गौरतलब है कि विश्व स्तर पर कच्चे तेल और गैस परिवहन का पांचवां हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है।*

*उल्लेखनीय यह है कि अमेरिका के सहयोगी देश, विशेषकर यूरोप में, और प्रतिद्वंद्वी चीन तेजी से वैश्विक सुरक्षा ढांचे को नया रूप देने की कोशिश कर रहे हैं ताकि एक अप्रत्याशित महाशक्ति पर निर्भरता कम की जा सके। ट्रंप के नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) से बाहर निकलने की बात पहले ही वैकल्पिक गठबंधनों को प्रोत्साहित कर रही है।*

*अटलांटिक पार संबंधों में बदलाव पिछले वर्ष शुरू हो गया था, जब यूरोप ने यूक्रेन को अपनी सहायता में उल्लेखनीय वृद्धि की, जबकि ट्रंप प्रशासन ने उसकी बड़े पैमाने पर वित्तीय सहायता कम कर दी। पिछले सप्ताह की घटनाओं ने उन प्रवृत्तियों को और मजबूत किया है। ब्रिटेन की पहल, जिसमें विभिन्न देशों के विदेश मंत्रियों को एकत्रित करके होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के तरीकों पर चर्चा की गई, इसका एक उदाहरण है। इसके साथ ही 1974 से पश्चिम एशिया में तेल व्यापार को सहारा देने वाली पेट्रो-डॉलर प्रणाली को चुनौती दी जा रही है, क्योंकि ईरानी शासन अपने सहयोगी समझे जाने वाले देशों को चीनी युआन में तेल खरीदने की अनुमति देकर एक छोटा लेकिन बढ़ता हुआ पेट्रो-युआन व्यापार चला रहा है। ये बदलाव और वैश्विक व्यवस्था में पुनर्संयोजन समय ले सकते हैं। लेकिन एक बात निश्चित है। भले ही ट्रंप युद्ध को 'दो या तीन सप्ताह' में समाप्त करने में सफल हो जाएं, बिना स्ट्रेट को फिर से खोले अमेरिका की वैश्विक स्थिति बेहद कमजोर हो चुकी है।*

## प्रसंगवश

# एआई का खतरा, युवाओं के लिए कौशल विकास जरूरी

*एआई और एलएलएम के बढ़ते प्रभाव से आईटी और कोडिंग जैसे क्षेत्रों में शुरुआती नौकरियों पर संकट है। भविष्य सुरक्षित करने के लिए कौशल विकास और शिक्षा में बदलाव अनिवार्य है आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी, एंथ्रोपिक ने हाल ही में दो अध्ययन प्रकाशित किए हैं। एक में लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) के उपयोग के पैटर्न का विश्लेषण किया गया है, और दूसरे में श्रम बाजार पर इसके शुरुआती प्रभावों की जांच की गई है। हालांकि विश्लेषण के लिए केवल क्लाउड से प्राप्त डेटा का उपयोग किया गया है, फिर भी ये अध्ययन तकनीक की वर्तमान स्थिति की एक झलक प्रस्तुत करते हैं। एलएलएम का उपयोग उच्च आय वाले देशों में अधिक होता है, और वह भी अपेक्षाकृत सीमित विशिष्ट कार्यों के लिए।*



*हालांकि, दोनों रिपोर्टों का मुख्य निष्कर्ष उपयोग के मामलों में विविधता और परिणामस्वरूप किए गए कार्यों के औसत आर्थिक मूल्य में मामूली गिरावट की ओर इशारा करता है। अध्ययन में पाया गया है कि शुरुआती उपयोगकर्ता कोडिंग जैसे विशिष्ट उच्च-मूल्य वाले उपयोग को प्राथमिकता देते हैं, जबकि बाद में अपनाने वाले उपयोगकर्ता व्यक्तिगत प्रश्नों सहित कार्यों की एक विस्तृत श्रृंखला को अपनाते हैं। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर इसका उपयोग एकसमान नहीं है, प्रति व्यक्ति उपयोग में 48 फीसदी हिस्सा शीर्ष 20 देशों का है। तकनीकी बदलाव को अपनाने में अंतर से श्रम बाजार में असमानता और गहरी हो सकती है, जिससे कौशल-आधारित तकनीकी परिवर्तन के प्रभाव बढ़ जाते हैं। दूसरे अध्ययन में, जो एआई के श्रम बाजार प्रभावों को समझने के लिए एक माप प्रस्तुत करता है, कंप्यूटर प्रोग्रामर, ग्राहक सेवा प्रतिनिधि और वित्तीय विश्लेषक जैसे व्यवसायों को एआई से 'सबसे अधिक प्रभावित' व्यवसायों में गिना गया है, क्योंकि उनके कार्य सैद्धांतिक रूप से एलएलएम के साथ संभव हैं।*

*इस प्रकार, कंप्यूटर विज्ञान, वित्त, कानूनी सेवाएं और प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में एलएलएम सैद्धांतिक रूप से अधिकांश कार्यों को संभाल सकता है। लेकिन व्यवहार में, इस क्षमता का केवल एक अंश ही साकार हो रहा है। श्रम बाजार से शुरुआती संकेत उभरने लगे हैं, जो बेरोजगारी में कोई व्यवस्थित वृद्धि नहीं दर्शाते हैं। इसके बजाय, जोखिम वाले व्यवसायों में युवा कामगारों, विशेष रूप से प्रवेश स्तर के पदों पर भर्ती धीमी हो गई है।*

*क्लाउड के उपयोग में भारत 116 देशों में से 98वें स्थान पर है। उन्नत एआई उपकरणों को अपनाने की समग्र दर कम होने के बावजूद, भारतीय उपयोगकर्ता कोडिंग और कोड डीबगिंग, डिजाइन कार्य, शैक्षणिक सहायता, वेब विकास और साफ्टवेयर विकास के लिए एआई का अत्यधिक उपयोग कर रहे हैं। स्पष्ट रूप से एआई का उपयोग उत्पादकता और रोजगार क्षमता बढ़ाने के साधन के रूप में किया जा रहा है। फिर भी, 'करके सीखने' के माध्यम से अधिक लाभ प्राप्त करने वाले अनुभवी उपयोगकर्ता श्रम बाजार में कौशल अंतर को और गहरा कर रहे हैं। यह एक गहरी कमजोरी को भी उजागर करता है।*

*वे क्षेत्र जहां भारतीय कामगार अत्यधिक संख्या में केंद्रित हैं, जिनमें आईटी सेवाएं, बैक-ऑफिस संचालन और नियमित संज्ञानात्मक कार्य शामिल हैं, एआई-संचालित स्वचालन के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं। शुरुआती बाजार संकेत पहले से ही दिखाई दे रहे हैं। आईटी शेयरों पर दबाव बढ़ गया है, और विश्लेषक इस संभावना पर विचार करने लगे हैं कि राजस्व का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा उन कार्यों को संभालने से कम हो सकता है जिनके लिए कभी मानव टीमों की आवश्यकता होती थी।*

*यदि एआई के कारण शुरुआती स्तर की नौकरियां कम हो जाती हैं, तो कौशल संचय का मार्ग ही बाधित हो सकता है। इसलिए, सबसे तात्कालिक प्राथमिकता क्षमता बढ़ाना है। चूंकि एआई कौशल को कई गुना बढ़ा देती है, इसलिए जो कर्मचारी इसे अपने कार्यप्रवाह में प्रभावी ढंग से एकीकृत कर सकते हैं, वे पहले से ही अधिक उत्पादक और अधिक लचीले हैं। इससे न केवल कोडिंग में, बल्कि समस्या-समाधान और एआई प्रणालियों के साथ मिलकर काम करने की क्षमता में भी बड़े पैमाने पर कौशल विकास आवश्यक हो जाता है।*

*इस प्रकार, शिक्षा और प्रशिक्षण प्रणालियों को तेजी से अनुकूलित होने की आवश्यकता होगी। इस संबंध में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा विद्यालय स्तर पर एआई और कंप्यूटेशनल थिंकिंग पाठ्यक्रम की शुरुआत एक समयोचित कदम है। एआई से संबंधित पाठ्यक्रमों को विद्यालय और उच्च शिक्षा संस्थानों में समग्र रूप से शामिल किया जाना चाहिए।*

## ऊर्जा सुरक्षा | चीन भी तेल और गैस के आयात पर ही निर्भर है लेकिन वहां घबराहट के कोई संकेत नहीं

# चीन ने बना ली गैस, हम बातों में उलझे रहे

शेखर गुप्ता

भारत के आम परिवारों से लेकर सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रमों तथा खासतौर पर उर्वरक उत्पादन को एलपीजी और प्राकृतिक गैस की कमी जिस प्रकार प्रभावित कर रही है, उसे देखते हुए यह जानने की मेरी उत्सुकता बढ़ गई कि भारत से पांच गुना सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वाला देश चीन इतना शांत कैसे नजर आ रहा है। मैं इस नतीजे पर पहुंचा कि उसने समझदारी बरती जबकि हम पूरी तरह बेपरवाह रहे। हमारी तरह चीन भी बहुत हद तक तेल और गैस के आयात पर ही निर्भर है लेकिन हमारे उलट वहां घबराहट के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं।

चीन अपनी गैस और कच्चे तेल का बहुत बड़ा हिस्सा रूस से पाइपलाइन से हासिल करता है। क्या वह पर्याप्त है? हमारे यहां तो घबराहट का माहौल है क्योंकि खरीफ की बोआई की तैयारियों के बीच उर्वरक को लेकर अनिश्चितता है जबकि चीन शांत है। वह अपनी जरूरतों को लेकर तो आश्वस्त है ही बल्कि निर्यात प्रतिबद्धता को लेकर भी निश्चिंत है। हम भी चीन से उर्वरक आयात पर निर्भर करते हैं। पूर्वी लद्दाख-गलवान संकट के बाद उर्वरक आपूर्ति रोके जाने की कड़वी स्मृतियां हमारे पास हैं। हालांकि चीन ने फिलहाल अप्रत्याशित स्थिति को कारण बताकर खाद के अपने निर्यात से इनकार नहीं किया है। इसकी वजह तब सामने आई जब मैंने अपने दायरे से बाहर जाकर शोध किया। वास्तविकता ने मुझे सदमें में डाल दिया। यह सदमा चीन की कामयाबी को लेकर भी था और अपने आम चलताऊ रवैये को लेकर भी था बातें ज्यादा, और नतीजा मामूली। कुछ कटु सत्य इस प्रकार हैं। चीन के पास कुछ ही गैस क्षेत्र हैं इसके बावजूद वहां पर्याप्त गैस है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीन ने कोयले से गैस बनाने में धैर्यपूर्वक पूंजी, कौशल और तकनीक का निवेश किया। अब वह इसके वैश्विक उत्पादन का आधे से अधिक उत्पादित करता है। भारत और चीन ने इस विचार पर लगभग एक ही समय काम करना शुरू किया था लेकिन चीन के सालाना 8 करोड़ टन का हम केवल 3 से 5 फीसदी ही उत्पादन कर पा रहे हैं। चीन गैस बनाने के लिए सालाना करीब 34 करोड़ टन कोयले का इस्तेमाल करता है जबकि हम इसका केवल 1.4 फीसदी ही इस्तेमाल में लाते हैं।

साल 2007 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने कोयला आधारित मीथेन गैस को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कीं और रानीगंज में एक छोटा सा संयंत्र भी लगाया। उसके बाद से यह विचार ठंडे बस्ते में ही पड़ा है। संप्रग के कार्यकाल में कोयले की बदनामी भी हुई। कोविड प्रेरित सुधारों के दौर में 2020 में मोदी सरकार ने एक



अति महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय कोयला गैसीकरण मिशन की शुरुआत की। मैं अति महत्वाकांक्षी शब्द का इस्तेमाल बहुत सावधानीपूर्वक कर रहा हूं क्योंकि इसके तहत 2030 तक सालाना 10 करोड़ टन कोयला गैसीकरण का लक्ष्य था। इसके लिए 4 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाना था। 10 करोड़ टन सालाना के साथ हमारा कोयला गैस उत्पादन चीन से 25 फीसदी अधिक होता। यह यकीनन जबरदस्त खबर थी।अब इस योजना का छठा साल चल रहा है और कुल उत्पादन बमुश्किल 50 लाख टन सालाना हो सका है। इसमें भी 18 लाख टन जिंदल स्टील ऐंड पॉवर के ओडिशा के अंगुल संयंत्र से आता है।

कोयला मंत्रालय और नीति आयोग की वेबसाइट हमें बताती है कि 64,000 करोड़ रुपये के निवेश वाली सात कोयला गैसीकरण परियोजनाएं मंजूर की जा चुकी हैं। इनमें से तकरीबन सभी सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के साथ संयुक्त उपक्रम में होंगी लेकिन फिलहाल ये नियमन चक्र में फंसी हैं। मैंने झारखंड के जामताड़ा जिले के कास्टा में 'ईस्टर्न कोलफील्ड्स' (कोल इंडिया की सहायक कंपनी) की भूमिगत कोल गैसीफिकेशन परियोजना के बारे में पढ़ा। अब तक वहां उत्पादन शुरू हो जाना चाहिए था लेकिन यह कोयला और पर्यावरण मंत्रालयों के बीच विवाद में उलझकर रह गई। पर्यावरण मंत्रालय का जोर है कि यह परियोजना 300 मीटर गहरी होनी चाहिए। कोयला मंत्रालय इसे 150-160 मीटर रखना चाहता है। परिणाम, वही ढाक के तीन पात।

यह जानकर और बुरा लगेगा कि हम अपनी कोयला निकासी को केवल खुले खदान तक सीमित किया है। हमारा सारा भूमिगत कोयला अप्रयुक्त पड़ा है, जबकि चीनी तीन किलोमीटर भूमिगत जा रहे हैं। कोयला मंत्रालय की वेबसाइट पर दो अच्छे लेख निजी क्षेत्र के समूहों यानी अदाणी और जिंदल से आते हैं। वे हमें याद दिलाते हैं कि भारत के पास दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है। वे तकनीकी प्रक्रियाओं को फ्लो-चार्ट्स के साथ समझाते हैं, सुधारों और आवश्यक संसाधनों की सूची देते हैं। और यकीनन वे रणनीतिक लाभों का भी उल्लेख करते हैं, जिनमें इस समय का पसंदीदाः ऊर्जा आत्मनिर्भरता शामिल है। यह सब बहुत सलीके से प्रस्तुत किया गया है। चीन की तरह हमारे पास भी दूरदर्शिता की कमी नहीं है लेकिन चीन के उलट हम जुबानी जमा खर्च से आगे बढ़कर अमली जामा नहीं पहना सके। कच्चे तेल की कीमतें कम होने के साथ ही हमारी रुचि कम होने लगती है। हाइड्रोकार्बन के मंदी के दौर में भी चीन ने कोयले के जरिये ऊर्जा स्वतंत्रता को राष्ट्रीय रणनीतिक लक्ष्य बनाया और हासिल किया। हम हमेशा की तरह राजनीतिक-अफसरशाह में उलझ कर रह गए।

चीन क्यों कामयाब रहा? उसने इसे रणनीतिक योजना के रूप में देखा और ध्यान बनाए रखा। इससे चीन ऊर्जा संबंधी झटकों से बच सका। कोयला ईंधन के रूप में लोकप्रिय नहीं है लेकिन भारत के पास यही है। कोयले से रसायन बनाना भी प्रदूषणकारी गतिविधि है, लेकिन यह बिजली संयंत्रों में इसे जलाने की तुलना में कहीं कम प्रदूषणकारी है। किसी भी स्थिति में, हमारा बिजली उत्पादन अधिकतर नवीकरणीय स्रोतों की ओर बढ़ रहा है, और परमाणु ऊर्जा वापसी के लिए तैयार है। बिजली उत्पादन के लिए कोयला जलाना भले ही बुरा हो, लेकिन इसे गैस में बदलना कहीं कम बुरा है। और सल्फर, जो एक महत्वपूर्ण उप-उत्पाद है, उद्योग और उर्वरकों दोनों के लिए बड़ी मांग रखता है। यह भी एक ऐसा रसायन है जिसके लिए हम आयात पर निर्भर हैं। इन उर्वरकों का उत्पादन करने के लिए गैस और अमोनिया की भारी मात्रा की आवश्यकता होती है। वास्तव में, भारत द्वारा उत्पादित या आयातित प्राकृतिक गैस का 30 फीसदी उर्वरक संयंत्रों में जाता है। जबकि चीन अपने 90 फीसदी से अधिक अमोनिया का उत्पादन कोयला गैसीकरण से करता है। अमोनिया डीएपी के लिए आवश्यक है। भारत इसका अधिकांश आयात करता है और कमी इतनी गंभीर है कि कई राज्य अपनी आपूर्ति पुलिस थानों में रखते हैं, और किसानों को उनकी जमीन और आधार-आधारित पंजीकरण के आधार पर आवंटित करते हैं।

अब ध्यान दीजिए। चीन कोयले से प्राप्त सिंथेटिक गैस का उपयोग करके दुनिया के कुल यूरिया का 40 फीसदी उत्पादन करता है। यह दुनिया के कुल मेथनॉल का 54 फीसदी भी बनाता है, जिसमें से लगभग 70 फीसदी कोयले से आता है। और हम अपने उर्वरकों के लिए सबसे अधिक आयात-निर्भर हैं। यहां तक कि चीन जब चाहे इस लीवर को खींच सकता है और हमें परेशानी में डाल सकता है। हम खाद्यान्न आत्मनिर्भरता का जश्न मनाते हैं। सच तो यह है कि हम अपने राष्ट्रीय शर्म को छिपाते हैं। खाद के आयात पर हमारी अतिनिर्भरता 'जहाज से थाली तक' वाली हमारी हैसियत को उजागर करती है। खाड़ी में चल रहे युद्ध ने हमारी इन कमजोरियों से हमारा सामना कर दिया है। चीन ने हमें राह दिखाई है कि दरअसल हमें करना क्या है।

## खुला मंच

# देखो ल्यारी की क्या है तैयारी

सहीराम

धुरंधर के हिट होने का एक साइड इफेक्ट यह हुआ है जी कि ल्यारी वालों ने इसकी कमाई में से अपना हिस्सा मांग लिया है। कहते हैं इस फिल्म ने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए पंद्रह सौ करोड़ रुपये कमा लिए। ल्यारी वाले कह रहे हैं कि देखो जी, यह फिल्म ल्यारी पर है, तो इसमें हमारा भी तो कुछ बनता है न। अब हमारी सरकार तो हमारे लिए कुछ करती नहीं तो हमें आप बस पांच सौ करोड़ दे दो। इससे हम यहां सड़कें, स्कूल, अस्पताल वगैरह बनवा लेंगे। हमारा भी विकास हो जाएगा। बंटवारे के वक्त पाकिस्तान ने भारत से पचपन करोड़ रुपये मांगे थे। इसके लिए भाजपा वाले आज तक गांधी नेहरू को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। अगर धुरंधर वालों ने यह पांच सौ करोड़ ल्यारी वालों को दे दिए तो पता नहीं यह किस्सा कितने दिनों तक गाया जाएगा।

वास्तव में दोष ल्यारी वालों का भी नहीं है जी। असल में जब कश्मीर फाइल्स हिट हो गयी थी तो जलकुकड़े विवेक अग्निहोत्री के पीछे पड़ गए कि जिन कश्मीरी पंडितों की पीड़ा को बेचकर तुमने चार-पांच सौ करोड़ रुपये कमाए, उसका एक हिस्सा उनकी भलाई के लिए भी लगा देते। अग्निहोत्री ने यह तो नहीं कहा कि मैंने कोई धर्मादा थोड़े खोल रखा है। लेकिन उन्होंने फिल्म की कमाई का एक धेला भी पंडितों पर नहीं लगाया।

खतरा एक बार फिर सामने है अगर धुरंधर वालों ने ल्यारी वालों की बात मान ली तो लोग एक बार फिर से विवक अग्निहोत्री के पीछे पड़ जाएंगे कि जब ल्यारी वालों की भलाई के लिए धुरंधर वाले अपनी कमाई का एक हिस्सा दे सकते हैं तो तुम्हें भी देना ही चाहिए। वैसे भी यह समस्या विवेक अग्निहोत्री के ही सामने आने वाली है। क्योंकि बाकी किसी की पीड़ा दिखाने से तो पैसा मिला नहीं। इधर बंगाल फाइल्स पिट गयी। खुद बंगालियों ने बंगालियों की पीड़ा को नहीं खरीदा। उधर केरल फाइल्स पिट गयी। खुद मलयालियों ने मलयालियों की पीड़ा को नहीं खरीदा। रही उदयपुर फाइल्स तो उसे बनाने वाले तो माथा पीटकर ही गए हैं। खैर जी, पाकिस्तान को तो पचपन करोड़ रुपये मिल गए थे, भले ही गांधी-नेहरू को आज तक भाजपा वालों की गालियां खानी पड़ रही हों पर ल्यारी वालों को पांच करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद नहीं रखनी चाहिए क्योंकि विवेक अग्निहोत्री ने अगर कश्मीर पंडितों पर अपनी कमाई का धेला भी खर्च किया हो तो धुरंधर वाले ल्यारी वालों पर अपनी कमाई का कोई धेला खर्च करें। वैसे भी ल्यारी वाले तो पराए हैं, पर पंडित तो अपने ही थे। नहीं क्या?

## स्कूली शिक्षा | इस वर्ष लगभग दो करोड़ बच्चों ने पहली कक्षा में प्रवेश लिया है, जो एक साझा राष्ट्रीय जिम्मेदारी है

# स्कूली शिक्षा में है हर बच्चे के लिए सीखने का नया स्वरूप



धर्मेंद्र प्रधान

हर साल, जब स्कूलों के द्वार नए शैक्षणिक सत्र के लिए खुलते हैं, तो भारत सामूहिक संकल्प के सबसे गहन उदाहरणों में से एक का साक्षी बनता है। देश के लाखों बच्चे नए जोश, नई आकांक्षाओं और अपार संभावनाओं के साथ अपनी कक्षाओं में कदम रखते हैं। इस वर्ष भी लगभग दो करोड़ बच्चों ने पहली कक्षा में प्रवेश लिया है, जो आशा और एक साझा राष्ट्रीय जिम्मेदारी दोनों को समेटे हुए है।

भारत का स्कूली ढांचा बेहद विशाल है। इसमें 14.7 लाख से अधिक स्कूल, लगभग 25 करोड़ नामांकित छात्र और एक करोड़ से ज्यादा शिक्षक शामिल हैं। ये संख्याएं केवल प्रशासनिक स्तर को मापने का जरिया भर नहीं हैं, बल्कि ये शिक्षा के माध्यम से हमारे देश के भविष्य को गढ़ने की एक मजबूत प्रतिबद्धता की घोषणा करती हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने रटने की आदत से आगे बढ़कर जिज्ञासा, समझ और समग्र विकास (होलिस्टिक डेवलपमेंट) को सीखने के केंद्र में रखा है। हर नया शैक्षणिक सत्र उस सपने को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

बालवाटिका लागू होने से अब छोटे बच्चों की शुरुआती पढ़ाई स्कूल व्यवस्था का हिस्सा बन गई है। इससे बच्चे पहली कक्षा में बेहतर तैयारी और मजबूत बुनियादी कौशल के साथ प्रवेश करते हैं। बच्चे का स्कूल में दाखिला उसके जीवनभर के सीखने और समाज से जुड़ने की शुरुआत होता है। इसलिए जरूरी है कि यह सफर खुशी, अच्छे माहौल और अपनापन महसूस कराने वाला हो।

**सीखने का सफर :** स्कूल का पहला दिन खास होता है। छोटे-छोटे बच्चे अपने बड़े-बड़े भाव लेकर स्कूल



आते हैं और उनकी जिज्ञासु आंखें एक नई दुनिया देखती हैं। शुरुआती साल खेल, खोज और नई चीज़ें सीखने पर आधारित होने चाहिए, यही जीवनभर की सीखने की यात्रा की शुरुआत है। एक समझदार और देखभाल करने वाला शिक्षक बच्चे की जिंदगी बदल सकता है।

इन प्रारंभिक वर्षों के केंद्र में बुनियादी साक्षरता और अंकगणित के प्रति एक मजबूत राष्ट्रीय प्रतिबद्धता निहित है। निपुण भारत मिशन के माध्यम से, भारत ने एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया है: कक्षा 2 के अंत तक प्रत्येक बच्चा समझ के साथ पढ़ सके और बुनियादी अंकगणित कर सके। ध्यान उत्तरों को रटने से हटकर अवधारणाओं को समझने पर केंद्रित है। कक्षाओं को बच्चों को केवल उत्तर दोहराने के बजाय प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यह दृष्टिकोण अकादमिक शिक्षा से परे है। कला, खेल और मूल्य सीखने की प्रक्रिया के अनिवार्य अंग हैं। शारीरिक गतिविधि और पोषण दैनिक स्कूली जीवन का अभिन्न अंग हैं। एक स्वस्थ बच्चा बेहतर सीखता है, अधिक भाग लेता है और आत्म-सम्मान की स्वस्थ भावना के साथ विकसित होता है।

**उभरती चुनौतियों का सामना :** वैश्विक स्तर पर, बच्चों की जीवनशैली में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। अनिवार्य शारीरिक शिक्षा, स्कूलों में मोटापे से निपटने के लिए 'ऑयल बोर्ड' और 'शुगर बोर्ड' जैसे उपाय और पोषण गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने वाली मजबूत पीएम-पोषण योजना स्कूलों को स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली की ओर उन्मुख कर रही है। इन प्रयासों का उद्देश्य एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण करना है जो स्वास्थ्य को समग्र विकास का केंद्र मानती हो।

हालांकि प्रौद्योगिकी शिक्षा और पहुंच के लिए एक शक्तिशाली माध्यम है, सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग से स्क्रीन टाइम, ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। स्कूलों और परिवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसका उपयोग सीखने के साधन के रूप में किया जाए, न कि ध्यान भटकाने के साधन के रूप में।

सुरक्षित और तनावमुक्त वातावरण बनाने के लिए स्कूलों, अभिभावकों, शिक्षकों और समुदायों के संयुक्त प्रयास आवश्यक हैं।

**शिक्षकों की भूमिका :** सुधार केवल नीतिगत दस्तावेजों के माध्यम से बच्चों तक नहीं पहुंचता, यह शिक्षकों के माध्यम से ही लागू होता है। वे ही शिक्षा के परिवर्तन के सच्चे सूत्रधार हैं, जो दूरदृष्टि और कक्षा की वास्तविकता के बीच की खाई को पाटते हैं। शिक्षकों को बहुभाषी वातावरण में पढ़ाना चाहिए और यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चे की मातृभाषा का सम्मान किया जाए और उसे सीखने के एक सशक्त साधन के रूप में उपयोग किया जाए। इसे महत्व देकर, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि औपचारिक शिक्षा में उनका संक्रमण सहज, आत्मविश्वासपूर्ण और उनकी अपनी पहचान से जुड़ा हो। मैं अपने शिक्षकों से आह्वान करता हूं कि वे प्रत्येक बच्चे की गति, व्यक्तित्व का सम्मान करते हुए और अपनी देखरेख में प्रत्येक छात्र के भावनात्मक और मानसिक कल्याण के प्रति सचेत रहते हुए योग्यता-आधारित शिक्षा को प्राथमिकता दें।

**माता-पिता की भूमिका :** शिक्षा विद्यालय के द्वार पर शुरू या समाप्त नहीं होती। घर ही पहला कक्षास्थल है और माता-पिता ही पहले शिक्षक। घर पर बच्चे जो अनुभव प्राप्त करते हैं, वही उनके विद्यालय में सीखने के तरीके को आकार देता है। पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना और बच्चे के प्रश्नों का धैर्यपूर्वक उत्तर देना, ज्ञान की जिज्ञासा को पोषित करने के सूक्ष्म कार्य हैं। मैं माता-पिता से आग्रह करता हूं कि वे सुनिश्चित करें कि बच्चों को संतुलित पोषण और पर्याप्त नींद मिले, उन्हें प्रतिदिन पर्याप्त शारीरिक गतिविधि और बाहरी वातावरण का अनुभव मिले। माता-पिता को विद्यालय के साथ सक्रिय रूप से जुड़ना चाहिए और बच्चे की सफलता को केवल अंकों के आधार पर ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, दयालुता और सीखने में निरंतर रुचि के आधार पर भी मापना चाहिए। माता-पिता अपने बच्चे को जो सबसे बड़ा उपहार दे सकते हैं, वह है यह विश्वास दिलाना कि सीखना वास्तव में आनंददायक है।

**एक साझा राष्ट्रीय प्रतिबद्धता :** शिक्षा एक साझा जिम्मेदारी है। यह सरकारों, स्कूलों, शिक्षकों, अभिभावकों और समुदायों की जिम्मेदारी है। हर हितधारक की इसमें भूमिका है। हर बच्चे को सीखने की यात्रा में देखा, सुना और मार्गदर्शन किया जाना चाहिए। हमारी शिक्षा प्रणाली की सच्ची पहचान कुछ चुनिंदा उच्च उपलब्धि हासिल करने वालों से नहीं, बल्कि इस बात से होती है कि पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना हर बच्चा आत्मविश्वास और आनंद के साथ सीखता है या नहीं। आइए, समावेशी, नवोन्मेषी और भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रणाली के निर्माण के प्रति अपनी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को दोहराएं। साथ मिलकर, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हर कक्षा सपनों को साकार करने का स्थान बने और आने वाले कल के नेताओं का निर्माण हो। 2047 तक विकसित भारत के अग्रदूत आज हमारी कक्षाओं में मौजूद हैं। आइए, उन्हें उड़ान भरने के लिए सुनहरे पंख दें।

**(लेखक केंद्रीय शिक्षा मंत्री हैं)**

## जीवन दर्शन

# जीवन का कच्चा 'अनुभव' परिपक्व 'ज्ञान' में बदलता है

जी वृद्धावस्था ही वह प्रयोगशाला है, जहां जीवन का कच्चा 'अनुभव' परिपक्व 'ज्ञान' में बदलता है। युवावस्था के वे तमाम भ्रम, जिन्हें हमने सत्य मान रखा था, उम्र के इसी पड़ाव पर आकर अपनी वास्तविकता उजागर करते हैं।



मुझे अपनी किशोरावस्था के आखिरी दिनों का एक दौर याद है, जब मेरा मन रोमांच से भरी कल्पनाओं में डूबा रहता था। मैं सोचता था कि जब मैं बड़ा हो जाऊंगा, तो मेरी जिंदगी ऐसी ही होगी। मैं वहां जाऊंगा, यह करूंगा, वह खोजूंगा, उससे प्यार करूंगा आदि। मैं ठीक वैसे ही जिऊंगा, जैसे उपन्यासों के पात्र जीते हैं। कौन-सा उपन्यास, यह तो स्पष्ट नहीं था, पर इतना निश्चित था कि उसमें जुनून होगा, जोखिम होगा, उल्लास और थोड़ा निराशा का आवागमन होगा, अंततः फिर से उल्लास ही लौटेगा।धीरे-धीरे समय बदला और मैं भी बदल गया। अपनी उम्र के बीसवें साल में पहुंचने पर मुझे एहसास हुआ कि मेरे अंदर का वह 'साहसी बच्चा' कहीं खो गया है। मैंने वह सब करना छोड़ दिया, जिसके सपने देखे थे। उसकी जगह, मैं घर के छोटे-मोटे कामों में उलझ गया, छुट्टियां मनाने लगा और रोजमर्रा के कामों में व्यस्त होकर एक साधारण जिंदगी जीने लगा। फिर समझ आया कि समय हमें पहले स्थिर करता है और फिर हमें सोचने पर मजबूर करता है। हमें लगा कि हम समझदार हो रहे हैं, लेकिन असल में हम सिर्फ डरपोक बन रहे थे। जिसे हमने 'जिम्मेदारी' समझा, वह दरअसल खतरों से बचने का एक बहाना था। हम जिसे 'हकीकत' कह रहे थे, वह असल में मुश्किलों का सामना करने के बजाय उनसे भागने का एक रास्ता मात्र था। धीरे-धीरे हमारी सबसे मजबूत धारणाएं भी डगमगाने लगती हैं और कभी अटल लगने वाला सत्य भी कल्पना जैसा प्रतीत होने लगता है।

यहीं से वृद्धावस्था का महत्व स्पष्ट होने लगता है। वृद्धावस्था केवल उम्र का बढ़ना नहीं है, बल्कि यह जीवन को एक तय दूरी से देखने की कला है। जब हम उम्र के अंतिम पड़ाव पर पहुंचते हैं, तब जीवन की आपाधापी शांत होने लगती है और असली तस्वीर साफ होने लगती है। वृद्धावस्था ही वह प्रयोगशाला है, जहां जीवन का कच्चा 'अनुभव' परिपक्व 'ज्ञान' में बदलता है। युवावस्था के वे तमाम भ्रम, जिन्हें हमने सत्य मान रखा था, उम्र के इसी पड़ाव पर आकर अपनी वास्तविकता उजागर करते हैं।

जूलियन बार्न्स

## गीता ज्ञान



**श्लोक**

**येषां न विद्या न तपो न दानं ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः!**
**ते मर्त्यलोके भुविभारभूता मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति !!**

**भावार्थ**

जिन लोगो के पास विद्या, तप, दान, शील, गुण और धर्म नहीं होता. ऐसे लोग इस धरती के लिए भार है और मनुष्य के रूप में जानवर बनकर घूमते है।

# हिनौती गौधाम गौ संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती का दिव्यधाम बनेगा : उप मुख्यमंत्री

## प्रशासनिक भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण



जागरण, रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हिनौती गौधाम गौ संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती का दिव्य धाम बनेगा। गौधाम में 25 हजार गायों का आश्रय स्थल बनाया जा रहा है। इसी के साथ ही प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण केन्द्र भी बनाया जाएगा ताकि गाय के गोबर और अन्य प्रकल्पों के माध्यम से प्राकृतिक खेती का प्रदर्शन कर किसानों को अपने खेतों में प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने गौधाम में नवनिर्मित प्रशासनिक भवन एवं जनभागीदारी से बनाई गई पानी की टंकी व अन्य निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती स्थल का भूमिपूजन भी किया। प्रशासनिक भवन का निर्माण 76 लाख रुपए की लागत से कराया गया है। इसमें 25 लाख रुपए सांसद निधि से, 5 लाख रुपए जनपद निधि से तथा 42 लाख रुपए जनभागीदारी निधि से प्रदत्त किए गए हैं। लोकार्पण के उपरांत प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने गौधाम में निर्माणाधीन गौ शेड, भूसा शेड सहित अन्य कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराए जाएं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने गत रात्रि गौधाम में ही विश्राम किया तथा सुबह भ्रमण के दौरान व्यवस्थाओं का अवलोकन कर इन्हें और सुदृढ़ तथा बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौ माता को गुड़ खिलाया। उप मुख्यमंत्री ने गौधाम परिसर में पंच पल्लव पीपल, अशोक, बरगद, आंवला एवं बेलपत्र के पौधे रोपे। उप मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम के पूर्व गौधाम में रामचरित मानस पाठ में शामिल हुए तथा पूजा-अर्चना की। इस दौरान विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी, जिला पंचायत सदस्यगण, भारत साकेत सरपंच, एसडीएम दृष्टि जायसवाल, उप मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



# टीईटी. के विरोध में शिक्षकों ने सांसद सहित विधायकों को सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** म.प्र.शिक्षक संघ जिला इकाई ने शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी. के विरुद्ध प्रभावित शिक्षकों के हितार्थ भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन से सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से राहत हेतु अध्यादेश अथवा पुर्नविचार याचिका दायर करने हेतु रीवा जिले के सभी जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर विधायी हस्तक्षेप की मांग की गई है। म.प्र.शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा रीवा सांसद जर्नादन मिश्रा सहित विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह को ज्ञापन की प्रति सौंपकर उच्च सदन में बात रखने की मांग की गई। जनप्रतिनिधियों के द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर उचित कार्यवाही हेतु आग्रह किया गया है। ज्ञापन सौंपने में संस्कृत प्रकोष्ठ के प्रांत प्रमुख डॉ.कौशलेन्द्रमणि त्रिपाठी, संभागीय अध्यक्ष सुदीप पाण्डेय, जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष मउगंज अनुज सिंह सेंगर, जिला सचिव अरुण द्विवेदी, कोषाध्यक्ष अविनाश गौतम, उपाध्यक्ष राममणि मिश्रा, नगर अध्यक्ष डॉ.राजेश शुक्ला, संभागीय मीडिया प्रभारी विवेक नामदेव, जिला उप सचिव विशाल शुक्ला, विकासखण्ड सिरमौर अध्यक्ष खगेन्द्र सिंह, विकासखण्ड रीवा के अध्यक्ष आर.शरद पई, सचिव रामपाल गौतम, तह.सचिव श्यामसुन्दर सिंह बघेल सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित रहीं।

# विश्व कल्याण व पर्यावरण शुद्धि हेतु दी आहुतियां

## समाज के उत्थान के लिए गायत्री महायज्ञ पूर्ण



**रीवा।** शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में अखिल विश्व गायत्री परिवार रीवा द्वारा मातृ छाया पड़रा में 2 से 5 अप्रैल तक आयोजित नौ कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ पूज्य गुरुदेव एवं माताजी के सूक्ष्म संरक्षण में संपन्न हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में जन्म शताब्दी आयोजन के लिए किए गए संकल्प 'ग्राम-ग्राम यज्ञ अभियान' प्रारंभ है। इस गायत्री महायज्ञ में हजारों परिजनों ने आत्म कल्याण, विश्व कल्याण की भावनाओं के साथ आहुतियां प्रदान की। टोली नायक एवं उप जोन समन्वयक प्रभाकांत तिवारी ने दीप महायज्ञ के दिन अपने उद्बोधन में कहा कि नशा नाश की जड़ है, इससे बच्चे और समाज को बचाएं। अपना समय अच्छे कार्यों में लगे, गायत्री मंत्र की साधना ही व्यक्ति को उन्नति के मार्ग पर ले जाने का श्रेष्ठ साधन है। जिला समन्वयक रवींद्र सिंह ने बताया कि जिले में गृहे- गृहे यज्ञ, साधना एवं व्यसन मुक्ति अभियान को लेकर विस्तृत कार्य योजना बनाई गई है। इस यज्ञ में जिले के परिजनों में आस्था, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। यज्ञ में विश्व कल्याण, पर्यावरण शुद्धि और मानव मात्र की मंगल कामना के साथ परिजनों द्वारा आहुतियां समर्पित की गईं। यज्ञ स्थल की संपूर्ण व्यवस्था सविता मिश्रा ट्रस्टी एवं सह समन्वयक द्वारा की गई, कार्यक्रम का संयोजन एसपी मिश्रा उपजोन से समन्वयक एवं ऋषिकेश तिवारी तहसील समन्वयक द्वारा किया गया। आयोजन के सफल क्रियान्वयन में राजेश कुमार शर्मा, राजकुमार नामदेव, देवेंद्र द्विवेदी, धर्मराज सिंह, राजेंद्र शुक्ला, प्रसून सिंह एवं समस्त गायत्री परिजनों का सहयोग प्राप्त हुआ।



# अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट : जीसी किंग ने जीता फाइनल मुकाबला

**जागरण, रीवा।** गवर्नमेंट स्कूल धोबिया टंकी के ग्राउंड में चल रहे अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जीसी किंग और बंसल बॉयज के बीच खेला गया। फाइनल मैच में बंसल बॉयज का हराकर जीसी किंग की टीम विजयी रही। विजेता टीम के कैप्टन गौरव बंसल एवं उपविजेता टीम बंसल बॉयज के कप्तान शुभम बंसल को ट्राफी प्रदान की गई। मैन ऑफ द मैच उदय बंसल एवं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दीपक बंसल को प्राप्त हुआ। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि पूर्व महापौर प्रत्याशी बसपा नेता जेपी कुशवाहा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद मनीष नामदेव, कबीर पासा मौजूद रहे। इस अवसर पर मूल निवासी विद्यार्थी संघ रविराज बंसल, पूर्व पहलवान रामेश्वर एवं क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक अनुराग बास्करिया, कुणाल चमकेल, सचिन बंसल, टूर्नामेंट के प्रमुख सहयोगी महेश बंसल, दीपू बंसल, जय बंसल, कॉमेंटेटर धीरज यादव रहे। विजेता टीम कोच सचिन बंसल एवं उपविजेता टीम के कोच अतुल बंसल रहे। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में आसपास के निवासियों एवं दुकानदारों द्वारा बच्चों का जमकर उत्साहवर्धन एवं आर्थिक सहयोग किया गया। फाइनल मैच में सैकड़ों दर्शकों की उपस्थिति में उत्साह एवं समर्थन अति महत्वपूर्ण रहा।

# एचपीवी टीका: 11 अप्रैल तक पूरा करना है लक्ष्य, अभी 50 फीसदी भी नहीं हो पाया

## कलेक्टर ने कहा, स्कूली छात्राओं को निःशुल्क लगाए जा रहे हैं टीके प्रतिदिन जानकारी देने के निर्देश



**जागरण, रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने एचपीवी टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीके निःशुल्क लगाए जा रहे हैं। विश्व भर में सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे कारगर उपाय एचपीवी टीका ही है। मैंने स्वयं भी यह टीका लगवाया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ जिले भर में जागरुकता अभियान चलाकर एचपीवी टीकाकरण से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कराएं। यह टीका पूरी तरह से सुरक्षित और कारगर है। जिले में अब तक चार हजार से अधिक किशोरियों को यह टीका लगवाया जा चुका है। इनमें से किसी को भी कोई कठिनाई नहीं हुई है। टीका लगवाने वाली किशोरियों तथा उनके अभिभावकों के अनुभव सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से आमजनता में पहुंचाएं। सही जानकारी होने पर हर माता-पिता अपनी बेटी को सर्वाइकल कैंसर जैसी घात्क बीमारी से बचाने के लिए यह टीका अवश्य लगवाएंगे। कलेक्टर ने 11 अप्रैल तक लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए लेकिन अभी 50 फीसदी टीकाकरण नहीं हो पाया है।

**प्राचार्य स्कूलवार छात्राओं की बनाएं सूची :** बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी तथा संकुल प्राचार्य स्कूलवार पात्र छात्राओं की सूची बना लें। इसमें 14 और 15 वर्ष की किशोरियों के घर जाकर उनके अभिभावकों से टीका लगाने के संबंध में सहमति पत्र प्राप्त करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज तथा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में टीकाकरण दल तैनात करें। आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर एचपीवी टीका लगवाने के लिए बेटियों और उनके परिवारजनों को प्रेरित करें।

**प्रगति न होने पर अधिकारी का रुकेगा वेतन :** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एचपीवी टीकाकरण प्रगति की प्रतिदिन विकासखण्डवार रिपोर्ट प्रस्तुत करें। टीकाकरण के लिए 11 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर टीकाकरण शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति कराएं। सभी छात्रावासों में रह रही 14 और 15 वर्ष की किशोरियों को भी एचपीवी टीका अनिवार्य रूप से लगवाएं। कलेक्टर ने एचपीवी टीकाकरण की अपेक्षा के अनुरूप प्रगति न होने पर आगामी आदेश तक सभी बीएमओ तथा जिला टीकाकरण अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को शहरी क्षेत्र के स्कूलों में टीकाकरण के लिए जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने एचपीवी टीकाकरण की जानकारी दी। बैठक में निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे, जिपं सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बीएमओ, बीईओ, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेपी सेनानी कालिका सिंह आज आएंगे रीवा

**जागरण, रीवा।** सन् 1974 के बिहार आंदोलन के नेता जेपी सेनानी कालिका सिंह कैमूर से आज 7 मार्च को रीवा यात्रा पर आ रहे हैं। वे यहां लोकतंत्र सेनानी एवं समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक अजय खरे से ज्वलंत राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा करेंगे। समता सम्पर्क अभियान की एक प्रेस विज्ञप्ति में श्रवण प्रसाद नामदेव ने बताया कि जेपी सेनानी कालिका सिंह चाकघाट पहुंचकर जवा तहसील के पास स्थित बरौली पाण्डेन गांव में अस्वस्थ चल रहे समाजसेवी सुरेंद्रनाथ माझी का हाल-चाल लेंगे और फिर बुधवार 8 मार्च को समता सम्पर्क अभियान, नारी चेतना मंच, समाजवादी कार्यकर्ता समूह और विंध्यांचल जन आदोलन के साथियों के साथ रखी गई कार्यकर्ता बैठक में शामिल होंगे।

## वेटरनरी कॉलेज में डॉग शो का आयोजन 25 को

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय में कुलगुरु प्रो. (डॉ.) मनदीप शर्मा के संरक्षण एवं अधिष्ठाता डॉ. अजीत प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में पशु प्रेमियों एवं आमजन के लिए एक आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के रूप में 25 अप्रैल को डॉग शो का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजीत प्रताप सिंह ने सभी संकाय सदस्यों के साथ बैठक आयोजित कर डॉग शो के आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए व विभिन्न समितियों का गठन किया । डॉग शो में विभिन्न नस्लों के कुत्तों का प्रदर्शन, स्वास्थ्य परीक्षण, ग्रूमिंग प्रतियोगिता तथा आकर्षक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। डॉग शो का उद्देश्य आम जनता में पालतू पशुओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उनकी उचित देखभाल, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों द्वारा श्वानों के स्वास्थ्य, टीकाकरण, रोग नियंत्रण एवं आधुनिक प्रबंधन तकनीकों पर परामर्श भी दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। महाविद्यालय प्रशासन ने क्षेत्र के सभी पशु प्रेमियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु महाविद्यालय में अथवा डॉ जीतेन्द्र सिंह राजौरिया (मोबाइल नंबर 9893695605) पर संपर्क किया जा सकता है।

## सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा: चिल्ड्रेन एकेडमी के दो छात्र चयनित



**रीवा।** स्थानीय चिल्ड्रेन एकेडमी सीनियर सेकण्ड्री स्कूल (अनंतपुर) के दो छात्र पार्थ तिवारी पिता हरेराम तिवारी एवं पियूष सिंह पिता शिववदन सिंह का चयन वर्ष 2026 की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (कक्षा छठवीं) में मेडिकल टेस्ट के उपरान्त हो गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष अर्श द्विवेदी पिता राकेश द्विवेदी का कक्षा छठवीं के लिये चयन हुआ था। दोनों छात्र अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफल होकर विद्यालय और माता-पिता को गौरवान्वित किया है। विद्यालय संचालक महेश प्रसाद शुक्ल, प्राचार्य पायल सिंह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने छात्रों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ-साथ राष्ट्र के सफल नागरिक बनने का आशिर्वचन दिया है।


## प्रख्यात ब्रेन,स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 12 अप्रैल रविवार को रीवा में



**रीवा:**-राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा, दिनांक 12 अप्रैल 2026 को (प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर)- A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीढ़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द(माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीढ़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 20000 (बीस हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को विगत सात (09) वर्षों से कमाता मेडिकल में मरींजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में सोनोग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा मोबाइल नं 9399312433 में संपर्क करें। -Advt.


# किसानों की समस्याओं के साथ सरकार पर उठाए सवाल

## राकिम महासंघ की बैठक सम्पन्न

रीवा। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की मासिक बैठक उद्यानिकी परिसर में जिला अध्यक्ष भक्त प्रह्लाद कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रविदत्त सिंह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख रूप से किसानों की वर्तमान समस्याओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि शासन-प्रशासन की अनदेखी के कारण किसानों की गेहूं फसल की कटाई एवं गहाई प्रारंभ हो चुकी है, वहीं मौसम की मार से किसान परेशान हैं। इसके साथ ही गेहूं का बाजार मूल्य मात्र 2000-2100 प्रति क्विंटल होने से किसान मजबूरी में अपनी उपज बेचने को विवश हैं। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) की व्यवस्था व्यापारियों के पक्ष में अधिक लाभकारी साबित हो रही है, जबकि किसानों के हितों की उपेक्षा की जा रही है। बैठक में यह भी कहा गया कि शासन-प्रशासन की कथनी और करनी में स्पष्ट अंतर दिखाई दे रहा है। विद्युत विभाग की मनमानी के कारण उपभोक्ताओं को अनियमित एवं अत्यधिक बिल जारी किए जा रहे हैं, जिससे आमजन अत्यंत परेशान हैं। उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद स्मार्ट मीटर लगाने के लिए जबरन दबाव बनाया जा रहा है, जो कि उचित नहीं है। इसके अतिरिक्त निजी स्कूलों की मनमानी पर भी चिंता व्यक्त की गई। संगठन ने मांग की कि जिला कलेक्टर, रीवा द्वारा इस विषय में सख्त निगरानी की जाए। स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों एवं विद्यार्थियों पर निर्धारित दुकानों से ही पुस्तक एवं यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव डाला जा रहा है। साथ ही, किसानों के बच्चे जो निजी स्कूलों में अध्ययनरत हैं, उनसे जुलाई के स्थान पर अप्रैल माह में ही फीस जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है।



# झूठे प्रचार का पर्दाफाश करना प्रत्येक प्रवक्ता का कर्तव्य

## सेलीब्रेशन में हुआ 'कांग्रेस प्रवक्ता खोज' कार्यक्रम




**जागरण, रीवा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के द्वारा नेशनल टैलेंट हंट, मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता खोज का कार्यक्रम सेलीब्रेशन होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे रीवा एवं शहडोल संभाग के लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें सिंगरौली और सतना जिले की सर्वाधिक भागीदारी रही। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त मीडिया विभाग के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ.अजय उपाध्याय, प्रवक्ता अपूर्व भारद्वाज, आरटीआई एक्टीविस्ट बी के माला, वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी द्वारा प्रतिभागियों का चयन किया गया। चयन किये गये प्रतिभागियों का नाम प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अग्रेषित किया जाएगा, जिसकी घोषणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जल्द ही की जायेगी। उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अजय उपाध्याय ने कहा कि पार्टी की छवि स्थापित करने में प्रवक्ता की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। देश एवं प्रदेश में हो रहीं गतिविधियों की पूर्ण जानकारी प्रत्येक प्रवक्ता को होनी चाहिए। यदि हम देश-प्रदेश में हो रही गतिविधियों की जानकारी नहीं रखेंगे तो हम पार्टी की छवि स्थापित करने में सक्षम नहीं हो सकेंगे। अन्य दलों के प्रवक्ता झूठी जानकारी फैलाकर मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से कुप्रचार कर रहे हैं, जिससे हमारे पार्टी की छवि धूमिल हो रही है, उनके झूठे प्रचार का सटीक जवाब देकर उनके झूठे प्रचार का पर्दाफाश करना प्रत्येक प्रवक्ता का कर्तव्य है। तथा अपनी पार्टी के नेताओं एवं कार्यक्रमों को सोशल मीडिया में प्रचार करना चाहिए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, संगठन महासचिव रवि तिवारी, सज्जन पटेल, प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी बलराम तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# लोग धूप में बैठे करते रहे इंतजार, नहीं दिए सिलेण्डर

## शनिवार को बोले खत्म हो गए, रविवार को कुछ बांटे, सोमवार को फिर से खत्म हो गए



**बाइक सवार सिलेण्डर लिए पहुंचा रहे दुकान-ठेलों पर**

गैस सिलेण्डर के लिए जहां उपभोक्ता परेशान हो रहे वहीं घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग करने वालों को ठेला, दुकान पर पहुंच सेवा दी जा रही है। बाइक पर सिलेण्डर लेकर जाने वाले कंपनी के कर्मचारी सिरमौर चौराहे पर लगे ठेलों के पास सिलेण्डर लिए दिखे, ठेले वाले ने जागरण टीम को देखते ही उसे वहां से रवाना कर दिया, यानी ठेला, होटल आदि में उनके संस्थानों तक सिलेण्डर पहुंचाए जा रहे हैं, और उपभोक्ता लाइन में लगने के बाद भी बैरंग लौट रहे हैं।

**जागरण, रीवा।** घरेलू गैस सिलेण्डर को लेकर लोग खासे परेशान हो रहे हैं, लेकिन घंटों धूप में बैठने के बाद भी लोगों को गैस सिलेण्डर नसीब नहीं हो रहे। खासकर समीपस्थ क्षेत्रों से आने वाले लोग सिलेण्डर की आस लिए यहां पहुंच जाते हैं, घंटों बैठने के बाद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। मैदानी स्थित रीवा गैस एजेन्सी में सोमवार को सिलेण्डर लेने वालों की सुबह से खासी भीड़ जुट गई थी, जब एजेन्सी कार्यालय खुला तो उपभोक्ताओं को कहा गया कि गैस खत्म हो गया। जबकि लोगों के नंबर भी लगे हुए हैं, लेकिन वे सिलेण्डर से वंचित रह गए। उपभोक्ताओं ने बताया कि शनिवार को वे लोग गैस लेने आए थे, लेकिन शनिवार को गैस सिलेण्डर नहीं है बोलकर उन्हें चलता कर दिया था। रविवार को वे लोग फिर यहां आए, कुछ लोगों को सिलेण्डर बांटे फिर बोल दिए कि सिलेण्डर खत्म हो गए। जब शनिवार को ही सिलेण्डर खत्म हो गए तो रविवार को जो सिलेण्डर बांटे वह कहां से आए? जिन्हें सिलेण्डर नहीं मिले वे लोग वापस लौट गए और सोमवार सुबह से यहां कतार लगाकर खड़े रहे, जब कार्यालय खुला तो उपभोक्ताओं को कह दिया कि गैस सिलेण्डर खत्म हो गया, सिलेण्डर के लिए घंटों से कतार में खड़े लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और वे कहने लगे कि रोज-रोज चक्कर काट रहे हैं, काम-काज छोड़कर यहां घंटों लाइन लगाए खड़े हैं और कह रहे हैं कि सिलेण्डर खत्म हो गया। रविवार को सिलेण्डर कहां से बांटे पूछने पर एजेन्सी कर्मचारियों ने बताया कि जिन वाहनों में सिलेण्डर वितरण करने भर कर भेजा जाता है, उनमें से किसी-किसी में सिलेण्डर बच गए थे। उपभोक्ता काफी देर तक खड़े रहे, दोपहर में भी बाहर से कई लोग यहां आकर खाली सिलेण्डर लिए बैठे रहे, किन्तु एजेन्सी कार्यालय बंद था, आसपास के लोगों ने उन्हें बताया कि अब नहीं खुलेगा, सुबह आना पड़ेगा।

# जल गंगा संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएंः कलेक्टर

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश

जागरण, रीवा



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि जल संरक्षण और संवर्धन के लिए 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं। जल संरक्षण के कार्यों, जल जागरुकता के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा अभियान की हर गतिविधि की प्रतिदिन रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज करें। जिले के वाट्सऐप ग्रुप में भी प्रतिदिन फोटो और कार्यों का विवरण अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। जिला शिक्षा अधिकारी अभियान चलाकर सभी स्कूलों की पानी की टंकियों की साफ-सफाई कराएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जल संरक्षण के अधूरे कार्यों को पूरा कराकर पूर्णता प्रमाण पत्र पोर्टल में अपलोड कराएं। वन मण्डलाधिकारी वृक्षारोपण की तैयारी के साथ-साथ वन्य जीवों के पेयजल के लिए जल संरचनाओं का निर्माण कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि कार्यपालन यंत्री जल संसाधन अभियान के दौरान नहरों से अतिक्रमण हटाने तथा साफ-सफाई की कार्यवाही करके फोटो अपलोड कराएं। अभियान के दौरान हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने, शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाने तथा जल संरक्षण के अन्य कार्य कराएं। उप संचालक कृषि तथा उद्यानिकी किसान संगोष्ठी के माध्यम से किसानों को स्प्रिंकलर तथा ड्रिप इरिगेशन के लिए प्रेरित करें। किसानों को कम सिंचाई में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों की किस्मों की भी जानकारी दें। महिला एवं बाल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, जन अभियान परिषद तथा अन्य विभाग भी जल गंगा संवर्धन अभियान में सहयोग करें। कलेक्टर ने कहा कि 15 अप्रैल से निर्धारित खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन शुरू हो जाएगा। सभी खरीदी केन्द्रों में बारदाने, गेहूं के भण्डारण, बारिश से बचाव, तौलकांटे, हम्माल आदि की पूरी व्यवस्था करें। किसानों के लिए भी पेयजल, छाया, शौचालय आदि की व्यवस्था करें। उपार्जित गेहूं का तीन दिन में किसानों को भुगतान की व्यवस्था करें।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में खाद का पर्याप्त भण्डार है। किसानों को अब केवल ई टोकन से ही खाद का वितरण करें। आफलाइन खाद बेचने वाले दुकानदारों की दुकान सीज करें। महाप्रबंधक सहकारी बैंक आफलाइन खाद बेचने वाली सहकारी समितियों पर कार्रवाई करें। बैठक में कलेक्टर ने जनगणना के तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जनगणना में तैनात कर्मचारियों को खण्ड स्तर पर प्रशिक्षण देने के लिए भवन चिन्हांकित करके आवश्यक व्यवस्थाएं करें। सभी चार्ज अधिकारी जनगणना ब्लाक बनाने तथा नक्शे तैयार करने की आफलाइन कार्यवाही कर लें। पोर्टल की तकनीकी बाधा दूर होने पर उसमें आवश्यक जानकारियाँ दर्ज कराएं। गुढ़ तहसील सहित जहाँ आवश्यक हो वहाँ जिले की मूलभूत जानकारी और मस्टर डाटा में संशोधन करा लें। सभी एसडीएम जनगणना तैयारियों की लगातार निगरानी करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में आवेदन पत्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सभी अधिकारी तत्परता से आवेदन पत्रों का निराकरण करें। जिला आपूर्ति अधिकारी गैस वितरण से जुड़ी सभी शिकायतों का दो दिवस में निराकरण करके ऑनलाइन प्रतिवेदन दर्ज कराएं। अधीक्षण यंत्री एमपीईबी समाधान योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। सब स्टेशन स्तर पर शिविर लगाकर बिलों के भुगतान से संबंधी सभी शिकायतों का निराकरण कराएं। बिजली की नियमित आपूर्ति पर भी विशेष ध्यान दें। कार्यपालन यंत्री पीएचई तथा सभी सीएमओ पेयजल की आपूर्ति पर विशेष ध्यान दें। बंद हैण्डपंपों को चालू कराने के लिए अभियान चलाएं। पेयजल की आपूर्ति के लिए हैण्डपंपों में राइजर पाइप लगाने तथा सिंगल फेज पंप लगाने के कार्य भी तत्काल कराएं। सीएम हेल्पलाइन में पेयजल से जुड़ी शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। जिला प्रबंधक एमपीआरडीसी बायपास रोड में निर्माणाधीन पुल तथा क्षतिग्रस्त पुल के सुधार का कार्य 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी वर्तमान में चलाए जा रहे साधना सप्ताह में आईगॉट पोर्टल से कम से कम तीन प्रशिक्षण लेकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़ी गतिविधियों के फोटोग्राफ्स तथा विवरण प्रतिदिन जनसंपर्क कार्यालय को उपलब्ध कराएं एवं पोर्टल पर दर्ज करें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक, प्रभारी वन मण्डलाधिकारी हितेश खण्डेलवाल, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बीएमओ, बीईओ, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हत्या की नियत से नाबालिग को पीटकर नाले के पास फेंकने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जागरण सतना।** हत्या की नियत से नाबालिग के साथ मारपीट कर उसे नाले के पास फेकने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश , एएसपी प्रेमलाल कुर्वे एवं एसडीओपी रघुकेसरी के मार्गदर्शन में उचेहरा टीआई सतीश मिश्रा द्वारा की गई है। पुलिस ने 12 घंटे के अंदर ही नाबालिग को ढूढ निकाला और आरोपी को गिरफ्तार किया।

## फरियादी ही निकला आरोपी

4 अप्रैल को रात्रि करीबन 2.39 बजे फरियादी आशाराम कुशवाहा पिता स्व दम्मा कुशवाहा उम्र 45 वर्ष निवासी करोदिया टोला इचौल थाना उचेहरा जिला सतना का थाना उपस्थित आकर अपने नाबालिक नातिन रोशनी कुशवाहा बदला हुआ नाम उम्र 04 वर्ष निवासी इटमा थाना मैहर जिला मैहर हाल करोदिया टोला इचौल थाना उचेहरा जिला सतना को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया है कि रिपोर्ट करने पर थाना उचेहरा में बीएनएस का अपराध कायम कर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये त्वरित पुलिस टीम रवाना कर नाबालिक बालिका की सरगर्मी से तलास कर दस्तयाब किया गया। दस्तयाबशुदा नाबालिक बालिका के मुंह चेहरे सिर पेट व पैर तथा दाहिने हाँथ के कंधे के पास व शरीर के कई जगह व गले के पास चोंट होने से उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। आसाराम कुशवाहा के द्वारा मारपीट कर गला दबाकर नहर के किनारे फेंकना बताई व फरियादी आरोपी आसाराम कुशवाहा मजरुबा की मृत्यु हो जाना समझकर वापस लौटकर घर आना व अपने बचाव हेतु थाना जाकर रिपोर्ट लिखाने की बात बताई। फरियादी आशाराम कुशवाहा पिता स्व दम्मा कुशवाहा उम्र 45 वर्ष निवासी करोदिया टोला इचौल थाना उचेहरा जिला सतना की पता तलास कर दस्तयाब किया गया जिसके द्वारा पूछताँछ पर उक्त घटना को घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जिसे न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया।

# स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी भरा पोस्टर नोटिस बोर्ड में चस्पा मिला

**जागरण सतना।** कोठी थाना क्षेत्र स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय कठवरिया में हड़कंप मच गयाए जब स्कूल के नोटिस बोर्ड पर बम से उड़ाने की धमकी भरा पोस्टर मिला। इसमें 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई है और खुद को गैंगस्टर अतीक अहमद का गुर्गा बताया गया है। जानकारी के अनुसारए सोमवार सुबह शिक्षकों ने विद्यालय पहुंचने पर नोटिस बोर्ड पर यह संदिग्ध पोस्टर देखा। पोस्टर में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी और शिक्षकों से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। पोस्टर में लिखा. अतीक मारा गया गुर्गे नहीं धमकी देने वाले ने पोस्टर में लिखा था अतीक मारा गया है उसके गुर्गे नहीं इस लाइन को पढ़कर शिक्षकों में दहशत फैल गई। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में इसे किसी शरारती तत्व की हरकत माना जा रहा है हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। इसके पहले कोर्ट को उड़ाने की मिली थी धमकी गौरतलब है कि सतना में इससे पहले भी जिला न्यायालय और पोस्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिल चुके हैंए जिनकी जांच अभी जारी है। लगातार मिल रही धमकियों से पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश




**जागरण, सीधी।** जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के प्रभावी नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस ने मोबाइल झपटमारी करने वाले एक सक्रिय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। बीते दिनों थाना कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में अज्ञात बाइक सवार बदमाशों द्वारा एक राहगीर का मोबाइल जबरन छीनकर भागने की घटना घटित हुई थी। शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस ने धारा 304(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। मोबाइल झपटमारी की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज और साइबर सेल की तकनीकी मदद से संदिग्धों को चिन्हित किया। मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो संदेहियों को हिरासत में लिया जिनमें विष्णु उर्फरितेश गुप्ता पिता पवन गुप्ता 21 वर्ष निवासी बंजारी थाना जमोड़ी, अतुल सिंह चौहान पिता शंकर सिंह चौहान उम्र 21 वर्ष निवासी सुकवारी थाना जमोड़ी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 4 नग मोबाइल फोन विभिन्न कंपनियों के, अनुमानित कीमत 46,000, 2 मोटरसाइकिलें घटना में प्रयुक्त एक हीरो स्प्लेंडर प्लस और एक होंडा शाइन अनुमानित कीमत 1 लाख 50 हजार रुपए आदि सामग्री बरामद की है।

# ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**जागरण, सीधी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने तहसील चुरहट अंतर्गत ग्राम समदा एवं पटपरा का दौरा कर ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की फसलों का स्थल पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेतों में पहुंचकर फसल क्षति की स्थिति का जायजा लिया तथा प्रभावित किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल नुकसान का सर्वे पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया जाए, ताकि वास्तविक पात्र किसानों को ही राहत का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी प्रक्रियाएं निर्धारित मापदंडों के अनुसार समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्राकृतिक आपदा के मामलों में राहत पहुंचाने में देरी नहीं होनी चाहिए और प्रत्येक पात्र किसान तक शासन की सहायता समय पर पहुंचे।

**उत्तर मध्य रेलवे**

शुद्धि पत्र

ई-निविदा सूचना सं.-झांसी-इन्जी0-एन-2026-64 दिनांक 01.04.2026 के सन्दर्भ में निम्नलिखित शुद्धि पत्र जारी किया जा रहा है।

**प्रकाशित ई-निविदा सूचना सं0:** झाँसी-इन्जी0-एन-2026-24, **संशोधित ई-निविदा सूचना सं0:** झाँसी-इन्जी0-एन-2026-64 721/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

No. DYCE/GSU/GWL/Tender/0826 दिनांकः 02.04.2026

ई-निविदा सूचना

उप मुख्य इंजिनियर/गति शक्ति यूनिट, ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा (टू-पैकेट सिस्टम) ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) पद्धति से आमन्त्रित की जाती है।

**ई-टेन्डर क्रमांकः** DYCEGSUGWL0826, **कार्य का विवरण :** "उत्तर मध्य रेलवे के बीना - धौलपुर सेक्शन के बीच समपार संख्या 349 किमी 1087/8-9, समपार संख्या 394 किमी 1182/1-3 पर और समपार संख्या 434 किमी 1238/216.70 पर 02 लेन आरओबी (अप्रोच सहित) के निर्माण के सम्बन्ध में "

**अनुमानित लागतः** ₹ 162.68 Crore **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 18 माह

**निविदा बन्द होने की तिथिः** 28.04.2026

**नोटः-** 1- ऑनलाइन निविदा दिनांक 28.04.2026 को 11:00 बजे तक जमा की जा सकती है।
2- पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 744/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# जिला अस्पताल की लापरवाही से गई नवजात शिशु की जान

## परिजनों ने लगाया गम्भीर आरोप, कार्यवाही की मांग



**जागरण, मझौली।** जिला अस्पताल सीधी में ऑपरेशन से जन्मे 5 दिन जीवित रहने के बाद बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के कारण एक और नवजात शिशु की जान चली गई। शतरूपा पति सिद्धार्थ सिंह चंदेल ग्राम निबुआ थाना मझौली ने डॉक्टर एवं स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाते हुए शासन-प्रशासन से लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की मांग किए हैं। इस मामले में अरुणा सिंह पति राजेश सिंह चंदेल ग्राम नेबूहा थाना मझौली द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्था व स्वास्थ्य कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि मैं अपने बहू को प्रशव हेतु 1 अप्रैल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया उसी दिन शाम 7 बजे के करीब ऑपरेशन से बच्ची जन्म ली, जो जन्म के समय स्वास्थ्य थी, रो रही थी। अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा तुरंत ही यह कहते हुए की एक-दो घंटे के लिए आईसीयू में रख देते हैं। जब दो-तीन दिन आईसीयू से नहीं लाया गया तो हम लोग परेशान होने लगे। दिखाने को कहने पर इधर-उधर की बातें कर टाल मटोल किया जाता रहा। हमारे पति 3 अप्रैल को जब पहुंचे और दिखाने तथा स्वस्थ ना होने पर रेफर करने के लिए कहा जाने लगा। उसी समय स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कहा गया कि बच्ची स्वस्थ है। आईसीयू में रखी है, यदि ज्यादा परेशान करोगे तो पुलिस में कंप्लेंट करेंगे। तब हम लोग डर से कुछ नहीं बोले। 5-6 अप्रैल की दरमियानी रात लगभग 2 बजे के करीब उपस्थित स्वास्थ्य स्टाफ द्वारा कहा गया कि आपकी बच्ची की तबीयत ज्यादा खराब है। रेफर कर रही हूं, रीवा ले जाइए। जब मुझे रीवा ले जाने के लिए शिशु को दिया गया, उसी समय उसके मुंह एवं अन्य जगहों से ब्लड निकल रहा था, जो कपड़े में भी लगा था, ले जाते समय हमें आभास हो रहा था कि यह खत्म हो चुकी है लेकिन रेफर कर एंबुलेंस में रीवा भिजवाया गया, जहां से एंबुलेंस चालक हम लोगों को छोड़कर तुरंत ही वहां से भाग आया। डॉक्टर ने देखते ही शिशु को मृत घोषित कर दिए। वहां से हम लोगों ने गाड़ी बुक कर सीधी लाए। सीधी में शिकायत के लिए घंटो खड़े रहे लेकिन वहां कोई नहीं पहुंचा।

**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक /0166/निगरानी/2024-25
रीवा दिनांक 31.03.2026

01. द्वारिका प्रसाद मिश्र तनय स्व. हनुमान प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम हटवा तहसील गुढ़ जिला रीवा (म.प्र.) ........निगरानीकर्ता।

बनाम

01. राजेन्द्र प्रसाद मिश्र तनय स्व. हनुमान प्रसाद मिश्र निवासी ग्राम हटवा तहसील गुढ़ जिला रीवा (म.प्र.) 02. सूर्य कुमार पाण्डेय तनय श्री रामदास पाण्डेय निवासी ग्राम गुढ़ तहसील गुढ़ जिला रीवा (म.प्र.) 03. सुशीला पिता स्व. हनुमान प्रसाद मिश्र पत्नी सुधाकर प्रसाद निवासी ग्राम सेमरिया तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) 04. आशा तनय स्व. हनुमान प्रसाद मिश्र पत्नी श्री राजललन पाण्डेय निवासी ग्राम महिदल खुर्द, तहसील रामपुर बघेलान जिला सतना (म.प्र.) 05. कुसुम पुत्री स्व. हनुमान प्रसाद मिश्र पत्नी श्री रमेश प्रसाद अग्निहोत्री निवासी ग्राम रौरा तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा (म.प्र.) 06. सीता पुत्री रामसुख तिवारी निवासी ग्राम बगेसर तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना (म.प्र.) 07. गीता पुत्री रामसुख तिवारी निवासी ग्राम बगेसर तहसील रामपुर बघेलान जिला सतना (म.प्र.) 08. शान्ती पुत्री स्व. हनुमान प्रसाद मिश्र पत्नी रामराज पाण्डेय, निवासी ग्राम सूरा तहसील मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)

....... गैर निगरानीकर्तागण

//आम इश्तहार//

गैर निगरानीकर्तागण क्रमांक 01 से लगायत 08 तक को सूचित किया जाता है कि निगरानीकर्ता द्वारिका प्रसाद मिश्र तनय स्व. हनुमान प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम हटवा तहसील गुढ़ जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील गुढ़ जिला रीवा मध्यप्रदेश के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0556/अपील/2021-22 आदेश दिनांक 16.08.2024 के विरूद्ध मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत निगरानी प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 22.04.2026 को पेशी नियत है। अतः गैर निगरानीकर्तागण क्रमांक 01 से लगायत 08 तक को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 22.04.2026 को समय 11:00 बजे दिन स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें, गैर निगरानीकर्तागण के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर गैर निगरानीकर्तागण के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अपर कलेक्टर
RN-85225 जिला - रीवा (म.प्र.)

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)
Mob. - 9425601511/9340714903

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा एवं शहडोल के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2026-27 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER NO. 2026_MPPHC_ 497560, 497596, 497617, 497626_1 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 25.04.2026 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण Portal : **http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/125208/2026 **परियोजना यंत्री**

**MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LTD.**
OFFICE OF ADDL. CHIEF ENGINEER (THC), SIRMOUR, Distt.- Rewa (MP)
Email - eehqthc@gmail.com

**NOTICE INVITING TENDER (Through e-tendering process only)**

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites e-tenders from reputed contractor/firm on item rate basis for the works as detailed below.

| Tender No. | Name of Work | Estimated Cost/Tender Cost (in Rs.) | EMD in Rs. | Date & Time for Closing of Online Submission | Date & Time e-opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_ MPPGC_ 432074_2 | Repair and maintenance of balance 56 Nos. Rollers of under sluice gate, spillway gate and HR gates of Beehar Barrage, Sirmour. | 27.72 Lakh/ 1,000 | 55,500/- | 20.04.2026 Up to 15.30 Hrs. | 22.04.2026 Up to 18.00 Hrs. |

For detailed NIT, eligibility criteria, other terms & conditions of tender document & for any extension of due date/corrigendum/addendum etc. shall be available only on e-tendering website **www.mptenders.gov.in** and shall not be issued in print media

M.P. Madhyam/125210/2026 **ADDL. CHIEF ENGINEER (THC)**

**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
No/3395/22/D-12/MPRRDA/2026 Bhopal, Dated : 02.04.2026

**EXTENTION OF CRITICAL DATE TO SHORT NIT No. 1260 (PM-JANMAN)**
(Batch-IV, Year-2024-25)

The following amendment is hereby made in the **Short NIT No. 1260 (PM-JANMAN) (Batch-IV, Year 2024-25)** issued vide this office No. 3146/22/D-12/MPRRDA/2026 Bhopal, Dated 26.03.2026.

1. Bid document may be purchase online may be read as from 21.04.2026 (17:30 hrs) and last date for online bid submission is 13.05.2026 (17:00 hrs.) instead of Bid document may be purchase online from 06.04.2026 (17:30 hrs) and last date for online bid submission is **27.04.2026 (17:00 hrs.)** Rest of the NIT conditions remain unchanged.

M.P. Madhyam/125220/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

**कार्यालय नगर परिषद डभौरा जिला रीवा (म.प्र.)**
cmodabhora@mpurban.gov.in
क्रमांक / 462/ स्टोर / न. प. / 2026 डभौरा दिनांक 06/04/2026

**ई-निविदा सूचना - प्रथम आमंत्रण**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर परिषद डभौरा में हैण्ड पम्प सामग्री, जलप्रदाय सामग्री, निर्माण सामग्री, सफाई सामग्री, स्ट्रीट लाईट सामग्री, स्टेशनरी सामग्री, अस्थाई दखल शुल्क, वाहन फीस वसूली एवं जे.सी.बी. किराया 2026-27 हेतु निम्नानुसार कॉलम में वर्णित सामग्री की दरों की आवश्यकता है। जिस हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदार/फर्म / सप्लायर्स से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा विस्तृत वेबसाइट httpps://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | सामग्री/कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा की अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_497394_1 Date - 06.04.2026 | हैण्ड पम्प सामग्री क्रय | 10.00 लाख | 10000 | 2000 | 21.04.2026 |
| 2. | 2026_UAD_497395_1 Date - 06.04.2026 | जल प्रदाय सामग्री क्रय | 10.00 लाख | 10000 | 2000 | 21.04.2026 |
| 3. | 2026_UAD_497398_1 Date - 06.04.2026 | सफाई सामग्री क्रय | 10.00 लाख | 10000 | 2000 | 21.04.2026 |
| 4. | 2026_UAD_497400_1 Date - 06.04.2026 | निर्माण सामग्री क्रय | 10.00 लाख | 10000 | 2000 | 21.04.2026 |
| 5. | 2026_UAD_497422_1 Date - 06.04.2026 | स्ट्रीट लाइट सामग्री क्रय | 05.00 लाख | 5000 | 2000 | 21.04.2026 |
| 6. | 2026_UAD_497415_1 Date - 06.04.2026 | स्टेशनरी सामग्री क्रय | 05.00 लाख | 5000 | 2000 | 21.04.2026 |
| 7. | 2026_UAD_497404_1 Date - 06.04.2026 | जे.सी.बी. मशीन एवं ट्रैक्टर-ट्राली किराया | 05.00 लाख | 5000 | 2000 | 21.04.2026 |
| 8. | 2026_UAD_497435_1 Date - 06.04.2026 | अस्थाई दखल शुल्क वसूली | 2.50 लाख | 2500 | 2000 | 21.04.2026 |
| 9. | 2026_UAD_497461_1 Date - 06.04.2026 | वाहन फीस वसूली | 3.96 लाख | 3960 | 2000 | 21.04.2026 |
| 10. | 2026_UAD_497556_1 Date - 06.04.2026 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2026-27 अंतर्गत IEC और बी. सी. गतिविधि आयोजन, फील्ड प्रिपरेशन, तकनीकी सहयोग, सतत स्वच्छता, नागरिक सहभागिता एवं समस्त दस्तावेजीकरण कार्य | 9.60 लाख | 9600 | 2000 | 21.04.2026 |

नोट: निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन httpps://mptenders.gov.in/की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद डभौरा
जिला रीवा ( म.प्र. )

**कार्यालय कलेक्टर (नजूल) जिला रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक-53/1/नजूल/2026 रीवा, दिनांक 24.03.2026

**विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर पालिक निगम रीवा वार्ड क्रमांक 22 अस्पताल चौराहा में स्थित नजूल प्लाट नं. 3455 रकवा 0.5870हें. वर्तमान नजूल खसरे में म.प्र. शासन शासकीय दर्ज अभिलेख है। उक्त भूमि दूरसंचार विभाग का अस्पताल चौराहा रीवा अन्तर्गत स्थिति जर्जर एवं मयप्रद उपभोक्ता सेवा केन्द्र का ध्वस्तीकरण किया जाकर लोकहित में श्रमिक विश्राम गृह का निर्माण हेतु नगर पालिक निगम रीवा के नाम आवंटन किये जाने हेतु प्रकरण कलेक्टर महोदय जिला रीवा से प्रतिवेदनार्थ हेतु प्राप्त हुआ है।

म.प्र. नजूल निर्वर्तन निर्देश 2020 की कण्डिका 142 के अनुसरण में यह उद्घोषणा जारी की जाती है कि उपरोक्त आवंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्थाका दावा, आपत्ति अथवा सुझाव हो तो वह दिनांक 08/04/2026 तक न्यायालय नजूल अधिकारी जिला रीवा के न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के बाद प्रस्तुत दावें, आपत्ति अथवा सुझाव मान्य नही होगें ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया जाता है।

नजूल अधिकारी
जिला रीवा (मध्यप्रदेश)

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## टीकट कला तालाब में की गई साफ-सफाई

**सीधी।** राज्य शासन द्वारा जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं पुनर्जीवन के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अशोकनगर-गुना-बैतूल के आबकारी अधिकारी सस्पेंड

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राज्य शासन ने गुना, अशोकनगर और बैतूल के जिला आबकारी अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। सोमवार को आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना द्वारा जारी आदेश के अनुसार, बैतूल के जिला आबकारी अधिकारी अंशुमन सिंह चिढ़ार और गुना एवं अशोकनगर के प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इन दोनों अफसरों पर शराब दुकानों की नीलामी समय सीमा में न करने से सरकार को राजस्व में नुकसान होने का आरोप लगाया गया है। निलंबन के दौरान चिढ़ार को भोपाल और केवट को ग्वालियर स्थित उड़नदस्ता कार्यालय में अटैच किया गया है।

### किसानों के हित में कदम उठाए सरकार : सिंघार

**विसं, भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने असमय वर्षा एवं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के हित में त्वरित कदम उठाने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को



निर्देशित करने का आग्रह किया है। सीएम को लिखे पत्र में नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि प्रदेश के भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, बड़वानी, बैतूल, रायसेन सहित अनेक जिलों में गेहूं, सरसों एवं चना की खड़ी एवं कटाई उपरांत तैयार फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। विशेष रूप से गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी समय पर प्रारंभ नहीं हो पाने के कारण किसानों की उपज लंबे समय तक खेतों एवं खलिहानों में रखी रही, जिससे वर्षा एवं ओलावृष्टि के चलते किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने प्रभावित जिलों में राजस्व एवं कृषि विभाग के माध्यम से शीघ्र, पारदर्शी एवं समयबद्ध सर्वेक्षण कर वास्तविक क्षति का आकलन कराया जाए।

### सभा समितियों की प्रथम संयुक्त बैठक आज होगी

**जागरण, भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा वर्ष 2026 -27 के लिए सभा समितियों का गठन किया गया है जिसकी संयुक्त बैठक आज 3 बजे से विधानसभा के मानसरोवर सभागार में होगी। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, समितियों के सभापति एवं सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। गठित समितियों में चार वित्तीय समितियां, लोक लेखा समिति, सरकारी उपक्रमों सबंधी समिति, प्राक्कलन समिति तथा स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति शेष अन्य पन्द्रह समितियों का गठन किया गया है।

### सपा प्रदेश कार्यकारणी की भोपाल में बैठक आज

**भोपाल।** समाजवादी पार्टी मध्यप्रदेश के निकाय चुनाव में जनाधार का आकलन करेगी। पार्टी ने तैयारी प्रारंभ कर दी है। 7 अप्रैल को प्रदेश कार्यकारणी की बैठक भोपाल में आहुत की गई है। बैठक में पार्टी के सांसद अक्षय यादव और देवेश शाक्य के अलावा पूर्व मंत्री बादशाह सिंह सहित दूसरे बड़े नेता मौजूद रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मनोज यादव द्वारा की जाएगी। जानकारी के अनुसार बैठक में प्रदेश भर से तकरीबन 300 पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। संगठन विस्तार,आगामी रणनीति एवं जनहित से जुड़े अहम विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक से पहले एक स्वागत जुलूस पॉलीटेक्निक चौराहे स प्रदेश कार्यालय तक निकाला जाएगा।

**बदलाव:** भाजपा में संगठनात्मक नियुक्तियों में 90 फीसदी युवा, महिला नेत्रियों को दिया जा रहा मौका

# पीढ़ी परिवर्तन का दौर, नए चहेरों पर फोकस

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र में भाजपा पीढ़ी परिवर्तन के दौर में है। यही वजह है कि पार्टी के संगठनात्मक नियुक्तियों में नए चेहरों को जगह मिल रही है। सरकारी पदों पर राजनीतिक नियुक्तियों में भी नए कार्यकर्ताओं को महत्व दिए जाने की कवायद की जा रही है। मध्यप्रदेश में आने वाले कुछ वर्षों में भाजपा की कमान पूरी तरह से नए और युवा हाथों में होगी। इसके संकेत मिलने लगे हैं। दरअसल प्रदेश भाजपा के अनुषांगिक संगठनों की जो टीमें घोषित की गई हैं, उनमें 90 प्रतिशत पदों पर नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारतीय जनता युवा मोर्चा से लेकर महिला मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा और अनुसूचित जाति मोर्चा में ऐसे युवाओं को दायित्व सौंपे गए हैं, जो फिलहाल संगठन की मुख्य धारा से दूर नजर आते थे। जानकारों का कहना है कि यह पूरी कवायद पीढ़ी परिवर्तन के तौर पर देखी जा रही है।




### मिशन के तहत जोड़े जा रहे युवा

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ युवाओं को अपनी विचारधारा से जोड़ने के लिए काफी समय से सक्रिय है। अब यही काम भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जा रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा जिलों के प्रवास के दौरान युवाओं से सीधा संवाद किया जाता है,तो उनके कार्यकर्ता घर-घर जाकर युवाओं को भाजपा की विचारधारा से अवगत करा रहे है। राज्य सरकार भी अपनी योजनाओं के जरिए युवाओं को तमाम सुविधाए देकर उन्हें जहां रोजगार युक्त बना रही है,तो वहीं ये संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि देश के युवाओं को भाजपा की सरकार आगे बढ़ा रही हैं।

### संघ की बैठक में हुआ है निर्णय

भाजपा से जुड़े सूत्रों की मानें संघ ने शताब्दी वर्ष के दौरान अपने संकल्पों में युवाओं को आगे बढ़ाने की बात कही है। हरियाणा में संघ की प्रतिनिधि सभा की बैठक में इस विषय पर चर्चा भी की गई है। पिछले दिनों भोपाल के शारदा विहार परिसर में संघ और भाजपा संगठन की समवन्य बैठक में भी इस विषय पर मंथन किया गया है। इसमें भाजपा ने संघ की मंशानुरुप संगठन में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा प्रतिनिधित्व दिए जाने की बात कही थी।

### निगम-मंडल में भी दिखेंगे नए चेहरे

जानकारों की मानें तो प्रदेश सरकार जब भी निगम मंडलों के पदों पर नियुक्तियों की घोषणा करेगी, तब अधिकांश पदों पर ऐसे कार्यकर्ता दिखाई देंगे,जो पहली बार इन पदों पर बैठेंगे। दो बार इन पदो पर रह चुके कार्यकर्ताओं को किसी भी स्थिति में मौका नहीं मिलेगा। कहा जा रहा है कि भाजपा संगठन ऐसा रणनीति के तहत कर रही है। इन पदों पर बैठाकर पार्टी अपना नया नेतृत्व तैयार करेगी, जिससे भविष्य में उन्हें बड़े चुनावों में मैदान में उतारा जा सके। इसके संकेत सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी पार्टी के स्थापना दिवस पर अपने संबोधन के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी में संगठनात्मक व सरकारी नियुक्तियों का दौर जारी है। जल्द ही दूसरी नियुक्तियां भी की जाएगी,जिनमें नए कार्यकर्ताओं को मौका मिलेगा।

### महिला मोर्चे में भी चेहरों की खोज

उल्लेखनीय है कि संसद का विशेष सत्र 15 अप्रैल से बुलाया गया है। चर्चा है कि इस सत्र में केन्द्र सरकार महिलाओं की सत्ता में भागेदारी बढ़ाने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए नारी शक्ति बंदन अधिनियम के क्रियान्वयन से जुड़े संशोधन को प्रस्तुत कर सकती है। सरकार की इस मंशा को भांपते हुए भाजपा संगठन द्वारा सक्षम और पार्टी विचारधारा को लेकर काम करने वाली महिला नेत्रियों की तलाश में जुट गया है। क्योंकि अगर महिलाओं को चुनाव लड़ने में 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाता है,तो मध्यप्रदेश में इसके लिए अपेक्षित सीटों पर सक्षम और मजबूत नेतृत्व वाले महिला नेत्रियों की जरुरत होगी। कहा जा रहा है कि भाजपा महिला मोर्चे की टीम घोषित करते समय इस बात का ध्यान भी रखा गया है कि ऐसी नेत्रियों को पद दिया जाए,जो भविष्य में पार्टी के लिए चेहरा बन सके।

### शिवपुरी नपा अध्यक्ष के खिलाफ लामबंद पार्षदों ने सौंपा इस्तीफा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** शिवपुरी नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ पार्षद लामंबद हो गए हैं। सोमवार को 12 पार्षदों ने भोपाल पहुंचकर प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को इस्तीफे सौंप दिए। उन्होंने कहा कि यदि अध्यक्ष को नहीं हटाया गया तो वे पदों पर नहीं रहेंगे। पार्षदों ने खंडेलवाल से शिकायत की कि अध्यक्ष गायत्री शर्मा उनके और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करती हैं। उनके द्वारा वार्डों के विकास कार्यों को प्राथमिकता नहीं दी जाती। मतदाताओं के बीच उनकी व पार्टी की छवि खराब हो रही है। इन पार्षदों को प्रदेशाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि वे संगठनात्मक स्तर पर इसकी जांच कराएंगे और 10 दिन के अंदर उचित कदम उठाया जाएगा। भोपाल आए पार्षदों में ओमप्रकाश जैन, विजय विंदास, राजा यादव, रीना कुलदीप शर्मा, रघुराज उर्फ राजू गुर्जर, सरोज धाकड़, नीलम बघेल, मीना पंकज शर्मा, गौरव बंसल, रितु डिंपल जैन, प्रतिभा गोपी शर्मा और तारा राठौर शामिल थे। बता दें कि इन पार्षदों ने 11 जून 2025 को करेरा स्थित बगीचा सरकार मंदिर में अध्यक्ष को हर हाल में हटाने की कसम खाई थी।

## भाजपा ने जनसंघ के जमाने से ही राष्ट्रभाव के लक्ष्य को लेकर काम किया: मुख्यमंत्री

### स्थापना दिवस पर 14 जिलों में पार्टी दफ्तर के लिए भूमिपूजन, 3 की शुरुआत

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा ने जनसंघ के जमाने से ही लोकतंत्र के मूल्यों पर चलकर राष्ट्रभाव के लक्ष्य को लेकर काम किया है। वैश्विक राजनीति के परिदृश्य में जब अधिकांश दल अपने स्वार्थ और सत्ता के ईद-गिर्द केंद्रित थे, तब हमने राष्ट्रनिष्ठा और समर्पण की राह चुनी। मुख्यमंत्री सोमवार को भाजपा की स्थापना दिवस पर पार्टी दफ्तर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर 14 जिलों के जिला कार्यालयों के लिए वचुर्अल भूमि पूजन और 3 जिला कार्यालयों में कार्य आरंभ का शुभारंभ किया गया। अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि 6 अप्रैल पार्टी का केवल स्थापना दिवस नहीं है, बल्कि यह कार्यकर्ताओं के तप, त्याग और संकल्प का उत्सव है। पार्टी के जिन जिला कार्यालयों का भूमिपूजन किया गया है, अलगे वर्ष में स्थापना दिवस पर उन सभी जिला कार्यालयों का लोकार्पण किया जाएगा। जनसंघ की स्थापना के समय वर्ष 1952 में हमारी पार्टी की जो विचारधारा थी, उसमें आज तक कोई परिवर्तन नहीं आया है, इसलिए विश्व का सबसे बड़ी राजनैतिक दल बन गई है। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार लगातार किसानों के हित में कार्य कर रही है।



### भाजपा की विकास यात्रा देश-दुनिया के लिए प्रेरणादायी

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि भाजपा की विकास की यात्रा देश-दुनिया के लिए एक प्रेरणादायी बन गई है। आज हमारा देश और हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं। हमारी कूटनीति और राजनीति इतनी सुदृढ़ है कि विश्वभर में इसकी हलचल महसूस की जा रही है। देश की जीडीपी लगातार बढ़ रही है। हमारी सरकार ने मध्यप्रदेश के साथ देशभर में महंगाई और कानून-व्यवस्था को नियंत्रण में रखा है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि 6 अप्रैल पार्टी का केवल स्थापना दिवस नहीं है, बल्कि कार्यकर्ताओं के तप, त्याग और संकल्प का उत्सव है। भाजपा सत्ता की पार्टी नहीं है, बल्कि विचार और विश्वास की यात्रा का एक संगठन है। हमारे कार्यकर्ताओं की ताकत हर कार्यकर्ता होता है। हमारे 62 संगठनात्मक के जिले हैं और इन 62 जिले में 7 ग्रामीण जिले हैं और 55 हमारे शहरी जिले हैं। आज स्थापना दिवस पर 14 जिला कार्यालयों का भूमिपूजन किया है, तीन जिलों आगर, मंदसौर और रतलाम के जिला कार्यालयों का कार्य प्रारंभ हुआ है। वर्ष 2027 के स्थापना दिवस पर इन 14 जिलों सहित प्रदेश के सभी 62 संगठनात्मक जिलों में अपना कार्यालय बनकर तैयार हो जाएगा।

## 100 की आबादी वाले बसाहटों तक होंगी सड़कें

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में 100 से अधिक की आबादी वाले मजरे-टोंलों को सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा। इसके लिए सरकार एक हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी। सड़कों का निर्माण मनरेगा योजना के जरिए कराया जाएगा। सरकार ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सुगम संपर्कता परियोजना के तहत ऐसे मजरा टोलों का सर्वे किया गया है। इसके लिए प्रदेश की प्रत्येक जनपद पंचायत तीन करोड़ तक की स्वीकृति प्रदान कर सकेगी। परियोजना से गांवों, ग्राम पंचायतों को दोहरी संपर्कता प्रदान की जाएगी। परियोजना अंतर्गत प्रदेश में 7 हजार 135 नवीन सड़कों का प्रस्ताव तैयार किया जा चुका है। प्रदेश के 29 जिलों में 1771 नवीन सड़कों का प्रस्ताव जिला स्तर पर स्वीकृत किया जा चुका है। परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मैदानी अमले को तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण भी दिया गया है। इसमें राज्य स्तर से 2100 से अधिक तकनीकी स्टॉफ और विभिन्न श्रेणी के अभियंताओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को भी निर्माण के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। सोमवार को मुख्यमंत्री ने परियोजना की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारियों से सीएम ने कहा कि सरकार ने जो कार्य हाथ में लिए है,उसे विभाग को पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्यों में आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए।

**परियोजना के तहत 29 जिलों में 1771 नवीन सड़कों का चयन**

## किसान कांग्रेस 9 अप्रैल को प्रदेशभर में करेगी प्रदर्शन

### गेहूं खरीदी में देरी और बोनस में कटौती का विरोध



**विसं, भोपाल।** किसान कांग्रेस ने एलान किया है कि गेहूं खरीदी में देरी, ओलावृष्टि और बोनस में कटौती के खिलाफ 9 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें कलेक्ट्रेट का घेराव भी होगा। पीसीसी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि किसानों के हितों के लिए बड़े -बड़े कदम उठाए जाने की बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की जाती है, लेकिन हकीकत तो यह है कि किसानों के साथ पूरी तरह से धोखा हो रहा है। सरकार की नीतियों से किसान बिचौलियों के हाथों शोषण झेलने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने किसानों से 27 सौ रुपए प्रति क्विटंल खरीदने का वायदा किया गया था,लेकिन हकीकत से इससे कोसो दूर है। किसानों को केवल 40 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बोनस दिया जा रहा है,जो पिछले साल की तुलना में काफी कम है। पिछले वर्ष किसानों को 175 रुपए बोनस दिया गया था। लेकिन इस बार यह राशि 40 रुपए कर दी गई। चौहान ने आरोप लगाया कि सरकार ने जानबूझकर खरीदी की तारीखें तीन बार आगे बढ़ाई, ताकि किसान अपने फसल कम दामों पर बेच सके। इसी तरह प्रदेश में 10 करोड़ वारदानों की जरुरत के मुकाबले केवल 2.60 करोड़ के लिए ही आवेदन सरकार द्वारा किया गया। 1 अप्रैल को हुई ओलावृष्टि से 17 जिलों के किसानों की फसल बर्बाद हुई हो गई। मंडियों में हजारों क्विटंल गेहूं खुले में रखे होने की वजह से भीग गया,लेकिन किसानों को अब तक राहत नहीं मिल सकी। चौहान ने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पूरी नहीं करती ,तो सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।


### पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

इधर महिला कांग्रेस ने भोपाल के पंचशील नगर स्थित शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास की छात्राओं की सुरक्षा में चूक के मामले को लेकर पुलिस कमिश्नर संजय कुमार को ज्ञापन सौंपा। प्रदेशाध्यक्ष रीना बौरासी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल सीपी दफ्तर पहुंचा। जहां उन्होंने छात्रावास की समस्याओं और उसकी सुरक्षा को लेकर पुलिस कमिश्नर से चर्चा की।

**शिक्षकों को चिंता की जरूरत नहीं, कल सब स्पष्ट कर दूंगा : शिक्षा मंत्री**

## टीईटी की बाध्यता हटवाने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन लगाएगी सरकार

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल।** सात महीने से नौकरी को लेकर चिंता में डूबे प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक शिक्षकों को राहत देने राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट जाने का मन बना लिया है। रिव्यू पिटीशन पुनर्विचार याचिका दायर करने की तैयारी शुरू कर दी है। स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का कहना है कि पुराने भर्ती नियमों से नियुक्त हुए शिक्षकों को चिंतित होने की जरूरत नहीं है। जल्द ही सरकार अपना पक्ष अदालत में रखेगी। सिंह ने इस संबंध में दैनिक जागरण से कहाकि मंगलवार सुबह सब स्पष्ट कर देंगे। वे सोमवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रभार के जिले बालाघाट पहुंचे थे। वहां मलाजखंड में जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़े कार्यक्रम में संकेत देते हुए कहा कि कर्मचारी और शिक्षक प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। राज्य सरकार शिक्षक पात्रता परीक्षा



(टीईटी) के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ पुनर्विचार याचिका लगाने जा रही है। जो शिक्षक पुराने भर्ती नियमों के तहत नियुक्त हुए हैं, उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। प्रदेश भर में शिक्षकों के विरोध और चिंता को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभाग को इस मामले में विधि विशेषज्ञों से राय लेने के निर्देश दिए थे। शिक्षा मंत्री ने भी अधिकारियों को करीब पांच दिन पहले निर्देशित किया था। विधिक सलाहकारों से मिली राय के बाद विधि विभाग ने याचिका दायर करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसमें विधिक सलाहकारों की राय और शिक्षा का अधिकार कानून के प्रावधानों को आधार बनाया जा रहा है। शिक्षा मंत्री राव ने बालाघाट में स्पष्ट किया कि पहले सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन किया था, लेकिन अब सरकार वापस अपना पक्ष रखेगी। उन्होंने शिक्षक संगठनों से भी कहाकि इस विषय में निचले स्तर तक कर्मचारियों के बीच फैले संदेह को दूर करें। सरकार का भी मानना है कि टीईटी लागू होने से पहले नियुक्त सभी शिक्षक आरटीई में तय भर्ती नियमों का पालन कर ही सेवा में आए थे।

### प्रदेशभर के डेढ़ लाख शिक्षक हैं परेशान

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मध्यप्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा मार्च माह में प्रदेश के सभी शासकीय स्कूलों के शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी को अनिवार्य बताते हुए सर्कुलर जारी कर दिया गया था। इसमें केवल 5 साल के भीतर सेवानिवृत होने वाले प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षकों को अलग रखा गया था। इस आदेश के मुताबिक टीईटी अगस्त 2026 में होना है। इसके जारी होते ही प्रदेश भर में डेढ़ लाख से ज्यादा शिक्षकों के ऊपर तलवार लटक गई है। हर जिले में प्रदर्शन कर मंत्री, विधायकों और अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा रहे हैं।

### भोजशाला मामले की सुनवाई में हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की दलील

## राजा भोज ने कराया था भोजशाला का निर्माण, दी जाती थी संस्कृत की शिक्षा

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश के धार स्थित बहुचर्चित भोजशाला विवाद मामले में सोमवार को मप्र हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में सुनवाई हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्क रख एएसआई की सर्वे रिपोर्ट और ऐतिहासिक दावों को लेकर कोर्ट के समक्ष विस्तार से पक्ष रखा। हाई कोर्ट के जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने पांच याचिकाओं को एक साथ सुना। कोर्ट के समक्ष याचिकाकर्ता आशीष गोयल की ओर से वकील विष्णु शंकर जैन और विनय जोशी ने पैरवी की।

सबसे पहले हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका पर सुनवाई हुई। वकीलों ने तर्क दिया कि भोजशाला में मस्जिद होने के कोई प्रमाण नहीं हैं, उनका कहना था कि भोजशाला का निर्माण राजा भोज ने कराया था



और वहां संस्कृत शिक्षा दी जाती थी। वकीलों ने यह भी कहा कि मुस्लिम समाज के लोग पहले स्वयं इसे राजा भोज का मदरसा बताते थे। उन्होंने तर्क रखा कि भोजशाला में मां सरस्वती की प्रतिमा थी, जो वर्तमान में लंदन के एक संग्रहालय में रखी हुई है, उसे भारत वापस लाकर भोजशाला में स्थापित किया जाना चाहिए और वहां नमाज पढ़ने पर रोक लगाई जानी चाहिए। मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी की ओर से कुछ वकील वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

**आबकारी संकट** — डिस्टिलरीज की बाहरी सप्लाई पर लगी रोक, नहीं बिकी दुकानें चला रहा विभाग

## शराब दुकानों में बीयर और चीप रेंज विदेशी शराब की किल्लत

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश के आबकारी विभाग और मदिरा प्रेमियों के लिए अप्रैल का महीना कठिन चुनौती भरा साबित हो रहा है। प्रदेश की शराब दुकानों पर इन दिनों बीयर और कम कीमत वाली (चीप रेंज) विदेशी शराब की भारी किल्लत देखी जा रही है। आलम यह है कि वाइन शॉप्स पर स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार को कड़ा कदम उठाना पड़ा है। प्रशासन ने मध्य प्रदेश में स्थित सभी डिस्टिलरीज को निर्देश जारी करते हुए बीयर की प्रदेश से बाहर होने वाली सप्लाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। दुकानों से मिड रेंज के भी व्हिस्की और वोदका के कई लोकप्रिय ब्रांड गायब हैं, जिससे ग्राहकों को अपनी पसंद के ब्रांड के लिए भटकना पड़ रहा है।



### ये है इस परेशानी पर इनसाइड स्टोरी

इस किल्लत के पीछे की इनसाइड स्टोरी प्रदेश के सबसे बड़े शराब समूह, सोम डिस्टिलरी और ब्रेवरीज पर लगी रोक से जुड़ी मानी जा रही है। हालांकि आबकारी विभाग के अधिकारी इस पर खुलकर कुछ भी नहीं कह रहे हैं, लेकिन ठेकेदारों के मुताबिक बीयर और चीप रेंज की शराब के बाजार में इस समूह की हिस्सेदारी 35 फीसदी से अधिक रही है। विभाग अब तक सरकारी वेयरहाउस में रखे पुराने स्टॉक से पूर्ति करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मांग के मुकाबले अन्य कंपनियों से सप्लाई की भरपाई नहीं हो पा रही है। स्थिति को संभालने के लिए सरकार ने न केवल अब निर्यात रोका है, बल्कि अब हर शराब दुकान के लिए एक बार में बीयर की अधिकतम 300 पेटियों की सप्लाई लिमिट भी तय कर दी है।


### रिजर्व प्राइज में तीस फीसदी कटौती के बाद भी ठेकेदार दूर

सप्लाई के साथ-साथ इस बार शराब ठेकों की नीलामी ने भी सरकार की मुश्किलें ब ?ा दी हैं। आमतौर पर 31 मार्च तक अधिकांश दुकानें नीलाम हो जाती थीं, लेकिन इस साल 14 राउंड की प्रक्रिया के बाद भी प्रदेश की करीब 10 प्रतिशत (लगभग 400 से अधिक) दुकानें नहीं बिक पाई हैं। राजधानी भोपाल की स्थिति भी जुदा नहीं है, जहां 87 में से 9 दुकानों के टेंडर न होने के कारण अब आबकारी विभाग के कर्मचारियों को ही इन दुकानों के संचालन का जिम्मा सौंपा गया है। सरकार ने रिजर्व प्राइस में 30 फीसदी तक की कटौती की है, इसके बावजूद ठेकेदार बची हुई दुकानों को खरीदने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। नीलामी में हो रही इस देरी से सरकारी राजस्व को भी तगड़ा फटका लगने की आशंका है।


### भोपाल में 9 दुकानें आबकारी के हवाले

भोपाल में वर्तमान में अन्ना नगर, प्रभात चौराहा, गोविंदपुरा, अरेरा कॉलोनी, समेरा, पीएंडटी चौराहा, हबीबगंज फाटक, बिलखिरिया और बैरसिया क्रमांक-1 जैसी प्रमुख दुकानें विभाग द्वारा चलाई जा रही हैं। सोमवार को 14वें राउंड में पुल बोगदा स्थित दुकान की नीलामी सफल रही, जिससे विभाग के पास अब 9 दुकानें शेष हैं। भविष्य की रणनीति को लेकर सरकार अब शराब दुकानों के लिए एक विशेष निगम-मंडल बनाने पर विचार कर रही है। इसके अध्ययन के लिए तीन अफसरों की टीम को पड़ोसी राच्य छत्तीसगढ़ भेजा गया है। जब तक छत्तीसगढ़ मॉडल की रिपोर्ट और नई व्यवस्था लागू नहीं होती, तब तक बिना बिकी दुकानों के लिए ई-टेंडर की प्रक्रिया जारी रहेगी और इनका संचालन विभागीय अधिकारी ही संभालेंगे।

### नीतू परमार फिर बनीं मुलताई नपाध्यक्ष



**जागरण, मुलताई।** प्रदेश के बैतूल जिले की मुलताई नपा अध्यक्ष को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद अब सुलझ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को प्रकरण की सुनवाई के निर्देश दिये थे। हाईकोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए सोमवार 6 अप्रैल को फैसला सुनाते हुए नीतू परमार को पुनः अध्यक्ष पद का पदभार लेने की अनुमति देने के आदेश पारित किए हैं। मालूम हो कि मुलताई नपाध्यक्ष का चुनाव 8 अगस्त 2022 को हुआ था, जिसमें नीतू परमार अध्यक्ष निर्वाचित हुई थीं। इसके खिलाफ पार्षद वर्षा गढ़ेकर ने प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिस पर कोर्ट ने 13 जून 2023 को फैसला सुनाते हुए मुलताई नपाध्यक्ष का चुनाव शून्य घोषित कर चुनाव के आदेश दिए थे। इसके बाद 20 जून को शासन ने वर्षा गढेकर को अध्यक्ष मनोनीत किया था।


# 16 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट, यूपी में बिजली गिरने से 3 दिन में 15 की मौत

**लखनऊ/शिमला/देहरादून।** सिक्किम के मंगन जिले में रविवार को लाचेन-चुंगथांग रोड पर तेज बारिश और बर्फबारी हुई। इसके कारण लैंडस्लाइड भी हुआ और सड़क में बड़ी-बड़ी दरारें आ गईं। यहां 1500 टूरिस्ट फंसे हैं। यहां आज सुबह से ही पर्यटकों का रेस्क्यू जारी है। इधर, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से उत्तर भारत के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में यमुनोत्री धाम समेत 3 जिलों में रविवार को बर्फबारी हुई। वहीं 6 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे। यूपी में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 72 घंटे में 15 लोगों की मौत हुई है। कानपुर, मथुरा, संभल में ओले गिरे। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा के कुछ हिस्सों में बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना है। देश के 16 राज्यों हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, ओडिशा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरलम और आंध्र प्रदेश में आंधी-तूफान की संभावना है। आंध्र प्रदेश, केरलम और पुडुचेरी में ओलावृष्टि हो सकती है। वहीं, राजस्थान, बिहार और झारखंड में तेज बारिश हो सकती है। पंजाब और राजस्थान में कुछ जगहों पर 60 किमी/घंटा तक की रफ्तार से हवा चल सकती है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में बारिश, सीकर में आंधी चली। राजस्थान के 10 जिलों में बरसात-ओले गिरने का अलर्ट, जानिए- कहां-कहां मौसम बदलेगा राजस्थान में सोमवार दोपहर बाद कई जिलों में मौसम बदला।

**भूस्खलन, 1500 टूरिस्ट फंसे**

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली शराब घोटाला केस
### जज से की अलग होने की मांग, अगली सुनवाई 13 को

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के चर्चित शराब घोटाला मामले में सोमवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान एक नया मोड़ सामने आया।



पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अदालत में कहा कि वे इस केस में खुद अपनी पैरवी करेंगे और उन्होंने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा से इस मामले से खुद को अलग (रिक्यूज) करने की मांग भी की। अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता के साथ सुबह करीब 11 बजे कोर्ट पहुंचे। दोपहर 2.30 बजे शुरू हुई सुनवाई महज 9 मिनट चली, लेकिन इस दौरान महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया। केजरीवाल ने कोर्ट से कहा कि उन्होंने जज के रिक्यूजल की अर्जी दाखिल की है और वे इस मामले में खुद ही अपनी दलीलें पेश करेंगे। उन्होंने अब तक किसी वकील को वकालतनामा नहीं दिया है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने केजरीवाल की अर्जी को रिकॉर्ड पर लेते हुए इस पर बहस के बाद सुनवाई के लिए 13 अप्रैल की तारीख तय की।

### नवजोत कौर सिद्धू ने बनाई भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी

**चंडीगढ़, जेएनएन।** नवजोत कौर सिद्धू ने अपनी नई राजनीतिक पार्टी बना ली है, जिसका



नाम उन्होंने भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी रखा है। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी। साथ ही उनके बीजेपी में शामिल होने को लेकर चल रही अटकलों पर भी विराम लग गया है। नवजोत कौर सिद्धू ने एक्स पोस्ट में कहा कि जिस घोषणा का बेसब्री से इंतजार था, वह अब सामने है। हमने राजनीतिक नेताओं के मौजूदा कामकाज के स्तर की बारीकी से निगरानी और समीक्षा करने के बाद, राष्ट्रीय स्तर पर एक नए विकल्प पर काम करना शुरू कर दिया है। हम बस अपना जीवन अपने देश को समर्पित करना चाहते हैं, और लोगों को वह सब लौटाना चाहते हैं जिसके वे सचमुच हकदार हैं और जिसकी वे हमसे उम्मीद करते हैं। नवजोत कौर सिद्धू ने एक्स पोस्ट में कहा कि हम पंजाब को उसकी खोई हुई पुरानी शान-एक स्वर्ण राज्य होने का गौरव वापस दिलाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। एक ऐसा राज्य जहां लोग प्रेम, मिल-बांटकर रहने, न्याय, स्वतंत्रता के अधिकार और आजादी की शक्ति को पहचानते हों, जहां लोग बिना किसी बाहरी दखल के, निस्वार्थ सेवा और आध्यात्मिक विकास के उद्देश्य से काम करते हुए अपने लक्ष्यों, मूल्यों और दृष्टिकोण को प्राप्त करते हों।

### केरल में भाजपा और एलडीएफ में हुई सीक्रेट डील: प्रियंका

# पीएम मोदी बोले- पाकिस्तान का लिखा गीत गाती है कांग्रेस

**नई दिल्ली/ तिरुवनंतपुरम/ गुवाहाटी/कोलकाता/चेन्नई, जेएनएन।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के प्रचार के तहत कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी केरल के कन्नूर पहुंचीं। उन्होंने कहा- आने वाले केरल चुनाव के लिए एलडीएफ और भाजपा के बीच एक सीक्रेट डील हुई है। हमने देखा कि सबरीमाला मंदिर में बड़े पैमाने पर चोरियां हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री की तरफ से एक शब्द भी नहीं आया। यहीं इस डील के सबूत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को असम पहुंचे हैं। उनकी 3 रैलियां की। बरपेटा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वही गीत गाया, जो पाकिस्तान ने लिखा था और जिसकी धुन पाकिस्तान ने तैयार की थी। जो उसे पसंद है। कांग्रेस नेताओं का पाकिस्तान कनेक्शन हमेशा देश पर भारी पड़ता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी पुडुचेरी पहुंचे हैं। उन्होंने लॉस्पेट में कहा- पुडुचेरी सरकार सभी कॉन्ट्रैक्ट से 30 प्रतिशत कमीशन लेती है। उसने मंदिर की जमीनों पर कब्जा कर लिया है। कांग्रेस सरकार यहां बेरोजगार युवाओं को हर महीने 2 हजार की मदद देगा। महिलाओं को फ्री बस सर्विस मिलेगी।

### पीएम मोदी ने असम में की तीन रैलियां



- **एनडीए जीतेगी:मोदी**-एनडीए की जीत की हैट्रिक लगेगी, कांग्रेस की हार की सेंचुरी होगी। बीजेपी जो कहती है करके दिखाती है।
- **खुलेआम बेची जीता थी मेडीकल सीटें :शाह**- गृहमंत्री आरोप लगाते हुए कहा कि नारायणसामी सरकार के दौरान मेडिकल कॉलेजों की पीजी और डिप्लोमा सीटें खुलेआम बेची जाती थीं।
- **पाक की धमकी पर मोदी चुप क्यों:ममता**-पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ने खुलेआम कोलकाता पर हमला करने की धमकी दी है। और नरेंद्र मोदी ने क्या कहा? कुछ नहीं।

#### पुडुचेरी में बोले राहुल गांधी

- सरकारी और निजी क्षेत्रों में 30 हजार नई नौकरियां जनरेट करेगें। सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए उम्र की सीमा 40 साल तक बढ़ाएंगे। हर परिवार को 20 लाख का हेल्थकेयर बीमा मिलेगा। पुडुचेरी में कानून-व्यवस्था बिगड़ रही है। लोग रात में बाहर निकलने से डरते हैं। महिलाओं-बच्चों को असुरक्षा महसूस होती है।

### भाजपा हर चुनौती के लिए तैयार : प्रधानमंत्री मोदी

**भाजपा का 47वां स्थापना दिवस**

भारत की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भाजपा 2026 में अपना 47वां स्थापना दिवस मना रही है। स्थापना दिवस को लेकर देशभर में भाजपा कार्यालयों में कई कार्यक्रम हुए। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, देश जानता है, हर चुनौती का सामना करने के लिए भाजपा ईमानदारी से कोशिश कर रही है, आगे भी करेगी। पहले भी सकारात्मक नतीजे मिले हैं और आगे भी मिलेंगे। 'अंग्रेजों के दौर के सैकड़ों काले कानूनों का अंत, लोकतंत्र के लिए नए संसद भवन का निर्माण, सामान्य समाज के गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण, कानून बनाकर तीन तलाक पर रोक, सीएए, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण। हमारा मिशन अभी भी जारी है।

# ट्रंप ने एक पायलट को बचाने के लिए दांव पर लगा दिया 927 करोड़ रुपए का एयरक्राफ्ट

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका ने ईरान में मार गिराए गए अपने लड़ाकू जेट के पायलट को सफलतापूर्वक बचा लिया है। इसे अमेरिकी फोर्स की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है क्योंकि पायलट ईरान के दूर दराज के इलाके में फंस गया था। इस पूरे मिशन के दौरान अमेरिकी सेना ने कुछ ऐसा किया है, जो पहली नजर में चौंकाने वाला लगता है। दरअसल पायलट को बचाने के मिशन के अंजाम देने वाली अमेरिकी फोर्स की यूनिट ने ईरान में अपने विमान को आग के हवाले किया है। अमेरिकी फोर्स ने ईरान के अंदरूनी इलाकों में पायलट के बचाव अभियान के दौरान अपने एक कीमती मिलिट्री विमान को नष्ट कर दिया। इस विमान की कीमत करीब 9 अरब 27 करोड़ 73 लाख 40 हजार रुपए बताई गई है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि ऑपरेशन में शामिल यह एयरक्राफ्ट तकनीकी खराबी के कारण ईरान में फंस गया था।



### अमेरिका ने अपना विमान ही नष्ट किया

ईरान में विमान गिरने के बाद अमेरिकी फोर्स ने ऑपरेशन शुरू किया और अपने एयरमैन को ढूंढ़ निकाला। इसके बाद उसे ईरान के अंदर बनी अस्थायी हवाई पट्टियों पर इंतजार कर रहे एमसी-130जे कमांडो को विमानों तक पहुंचाया गया। इसी दौरान अमेरिका के लिए नई मुश्किल खड़ी हुई, जब इनमें से एक या दो विमान खराब हो गए और उड़ने की स्थिति में नहीं रहे। अमेरिकी विमानों में खराबी रेगिस्तान की नरम जमीन में फंस जाने के कारण आई। अमेरिकी यूनिट को ईरानी सेना के आने से पहले अपने पायलट को लेकर सुरक्षित निकलना था। ऐसे में उन्होंने विमान को ऐसे ही छोड़ने के बजाय आग लगाने का फैसला लिया। विमान की तकनीक के ईरानियों के हाथों में पड़ने का जोखिम होने के चलते अमेरिकी सेना ने अपने विमानों (संख्या स्पष्ट नहीं) को नष्ट कर दिया।

## राज्यसभा में 19 नए सदस्यों ने शपथ ली, शरद पवार व्हील चेयर पर पहुंचे

### नीतीश कुमार 10 अप्रैल को शपथ लेंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एनसीपी-एससीपी नेता शरद पवार और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले समेत 19 नेताओं ने सोमवार को राज्यसभा सांसद की शपथ ली। इस दौरान राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन की मौजूदगी में ली गई। सदन में संबंधित पार्टियों के फ्लोर लीडर भी मौजूद थे। नए चुने गए सदस्यों में महाराष्ट्र से 5, तमिलनाडु से 6, पश्चिम बंगाल से 5 और ओडिशा से 3 सदस्य शामिल थे। महाराष्ट्र में भाजपा की माया चिंतामन इवनाते ने सबसे पहले शपथ ली, उनके बाद पवार ने शपथ ली, जो



व्हीलचेयर पर आए थे। दरअसल, 16 मार्च को 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों को चुनाव हुए थे। अब 18 सांसदों का अभी शपथ लेना बाकी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ लेंगे। सांसदों के शपथ ग्रहण का आयोजन ऐसे समय हो रहा है, जब 16 अप्रैल से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। इसमें महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े अहम बिल पर चर्चा की जाएगी। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं।

### सोलंकी केस: हाईकोर्ट की फटकार, मांगी सच्चाई

**प्रयागराज, जेएनएन।** हाईकोर्ट ने ईरानी मिसाइल हमले में मारे गए सोलंकी के अवशेषों को लेकर चल रहे विवाद पर सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि पीड़ित के परिवार को सच्चाई बताई जानी चाहिए। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि आखिर परिवार को अब तक स्पष्ट जानकारी क्यों नहीं दी गई। कोर्ट ने कहा कि ऐसे संवेदनशील मामलों में पारदर्शिता बेहद जरूरी है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जानकारी के अनुसार, सोलंकी के अवशेषों की पहचान और उन्हें परिवार को सौंपने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। परिजनों ने भी सवाल उठाए हैं और पूरी सच्चाई सामने लाने की मांग की है।

## केदारनाथ हेली सेवा: 10-12 अप्रैल से, ऑनलाइन होगी टिकट बुकिंग



**सुविधा**

**देहरादून, जेएनएन।** उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने घोषणा की है कि केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवा की बुकिंग 10 से 12 अप्रैल के बीच शुरू कर दी जाएगी। यूकाडा ने बताया कि इस बार यात्रा को सुरक्षित, पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए कई बड़े बदलाव किए गए हैं। टिकटों की कालाबाजारी और धोखाधड़ी को रोकने के लिए यूकाडा ने इस बार 100 प्रतिशत ऑनलाइन टिकटिंग का निर्णय लिया है। पिछली बार की तरह इस बार भी बुकिंग का जिम्मा आईआरसीटीसी के पास ही रहेगा। ऑफलाइन टिकट का कोई प्रावधान नहीं होगा, जिससे यात्रियों को दलालों से बचने में मदद मिलेगी। यात्रियों की भारी भीड़ और हिमालयी क्षेत्र के अनिश्चित मौसम को देखते हुए बुकिंग को स्लॉट में बांटा गया है। शुरुआत में 20-20 दिनों के स्लॉट के लिए टिकट खोले जाएंगे। मौसम और यात्रियों के दबाव का आकलन करने के बाद ही अगले चरणों की बुकिंग शुरू की जाएगी। इस बार कुल आठ रूटों पर हेली सेवाओं का संचालन होगा, जिसके लिए अलग-अलग ऑपरेटरों का चयन किया जा चुका है।

## राघव का केजरीवाल पर तंज, बॉस से ज्यादा चमकने की कोशिश न करें



**बयान**

**मोहाली, जेएनएन।** राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी से चल रहे विवाद के बीच बिना नाम लिए अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। राघव चड्ढा ने अमेरिकी लेखक रॉबर्ट ग्रीन की किताब द 48 लॉज ऑफ पावर पढ़ते हुए फोटो शेयर की। राघव चड्ढा ने किताब के पहले पन्ने की स्टोरी भी लगाई। जिसमें लिखा कि मैने पहला चैप्टर खोला। जिस पेज को चड्ढा ने शेयर किया है, उसमें किताब में पहला कानून बताया गया है कि अपने मालिक या बॉस से ज्यादा चमकने की कोशिश कभी न करें। हमेशा अपने से ऊपर के लोगों को ऐसा महसूस कराएं कि वे आपसे बेहतर और श्रेष्ठ हैं। उन्हें खुश करने और प्रभावित करने की कोशिश में अपने हुनर या प्रतिभा का जरूरत से ज्यादा प्रदर्शन न करें। चैप्टर में आगे लिखा- अगर आप ऐसा करते हैं, तो इसका उल्टा असर हो सकता है। उनमें डर और असुरक्षा की भावना पैदा हो सकती है। इसलिए अपने वरिष्ठों को वास्तव में जितने हैं, उससे ज्यादा बुद्धिमान और प्रभावशाली दिखने दें। ऐसा करने से आप सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं।

## सीएम मान और सैनी सहित स्कूलों और इमारतों बम से उड़ाने की धमकी



**धमकी**

**जालंधर/चंडीगढ़/दिल्ली जेएनएन।** चंडीगढ़ और जालंधर के स्कूलों व सरकारी इमारतों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी आज ईमेल से जरिए आई। इसके बाद प्रशासन और पुलिस हरकत में आई और सभी जगह सर्च ऑपरेशन चलाया गया। साथ ही एहतियातन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी तैनात की गईं। ईमेल में पंजाब के सीएम भगवंत मान, डीजीपी गौरव यादव, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अरविंद केजरीवाल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके अलावा मोहाली कोर्ट, फिरोजपुर में कोर्ट कांप्लेक्स और अमृतसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्टेच्यू को भी खत्म करने की धमकी है। मोहाली कोर्ट को खाली करवा दिया गया है और दोपहर 3 बजे तक एंट्री बैन कर दी। हालांकि, ईमेल के जरिए आए दिन मिल रही धमकियों को स्कूलों ने गंभीरता से नहीं लिया। आज जालंधर के स्कूलों में छुट्टी नहीं की गई। बच्चे और स्टाफ स्कूलों में रुका और पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है। बम स्क्वॉयड और डॉग स्क्वॉयड के साथ तलाशी ली।

**वेतन** आईआईएम कोलकाता के छात्र को अफ्रीकी कंपनी का अजब-गजब ऑफर

# कंपनी का 80 लाख का पैकेज, 40 लाख रुपये मिलेंगे किडनैप होने पर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कोलकाता में प्लेसमेंट से जुड़ा हैरान करने वाला मामला सामने आया है। अफ्रीका की एक कंपनी ने आईआईएम कलकत्ता के प्लेसमेंट में छात्रों को 80 लाख रुपये प्रति वर्ष का सीटीसी ऑफर किया। इस पैकेज में खास बात यह थी कि 40 लाख रुपये की राशि किडनैपिंग इंश्योरेंस के रूप में रखी गई। अगर कर्मचारी का अपहरण हो जाता है तो कंपनी इस धनराशि को फिरौती के रूप में चुकाएगी। बाकी 40 लाख रुपये फिक्स्ड इनकम या इन-हैंड सैलरी के रूप में दिए जाएंगे। यह खुलासा पिछले साल पॉडकास्टर कुशल लोधा ने एंटरप्रेन्योर अमन धत्तरवाल के साथ पॉडकास्ट में किया था। लोधा ने बताया कि अफ्रीका में अपहरण की घटनाएं काफी आम हैं, इसलिए कंपनी ने इस तरह का अनोखा नियम बनाया। छात्रों को जब यह पता चला कि कुल 80 लाख का पैकेज असल में आधा ही इन-हैंड सैलरी है, तो वे हैरान रह गए। लोधा ने इसे सीटीसी बनाम इन-हैंड सैलरी के बीच के अंतर को स्कैम जैसा बताया।




**इंटरनेट यूजर्स क्या बोले**

कुशल लोधा ने कहा कि कई कंपनियां आकर्षक सीटीसी दिखाकर छात्रों को लुभाती हैं, लेकिन वास्तविक कमाई काफी कम होती है। यह घटना आईआईएम जैसे टॉप संस्थानों के प्लेसमेंट में पैकेज की सच्चाई को उजागर करती है। सोशल मीडिया पर यह खबर फिर से वायरल हो गई है और यूजर्स इसे लेकर काफी मजाक बना रहे हैं। कोई कह रहा है कि अगर फिरौती 41 लाख मांगी गई तो क्या अगले साल क्लेम किया जा सकता है। दूसरे यूजर्स मजाक में सुझाव दे रहे हैं कि दोस्तों के साथ मिलकर खुद को अपहरण करवाकर हर साल पैसा वसूल किया जा सकता है। कुछ यूजर्स ने कंपनी को टोलाराम ग्रुप बताया और कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेजों में भी ऐसी प्रैक्टिस देखी गई है। यह घटना भारतीय छात्रों को विदेशी कंपनियों के ऑफर स्वीकार करते समय सावधानी बरतने की याद दिलाती है। वैसे तो कंपनी ने सुरक्षा का प्रावधान रखा, लेकिन यह भी दिखाता है कि विकासशील या जोखिम भरे क्षेत्रों में काम करने के अलग-अलग पहलू हो सकते हैं।

## प्रियंका चोपड़ा ने बिकिनी पहन पूल में लगाई डुबकी

ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग का दम दिखाया। अपने करियर में प्रियंका ने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। प्रोफेशनल लाइफ के साथ प्रियंका अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका अक्सर अपने पति निक जोनस और बेटी मालती संग क्वालिटी टाइम बिताती हैं, जिसकी तस्वीरें वो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। ऐसे में अब प्रियंका ने पूल में एंजॉय करती हुई सिजलिंग तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का बिकिनी में बोल्ड अवतार देखने लायक था। प्रियंका ने संडे का इस तरह उठाया लुफ्त प्रियंका चोपड़ा ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम पर कई खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की हैं। एक्ट्रेस की ये तस्वीरों उनके संडे की मस्ती भरे पलों की हैं। इसे शेयर करते हुए प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, उन कुछ खास मौकों में से एक, जब रविवार सच में रविवार जैसा लगा... और कुछ और भी मजेदार चीजें। प्रियंका की ये तस्वीर इंटरनेट पर आते ही वायरल हो रही गई हैं। इसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा की शेयर की तस्वीरों की बात करें तो उनकी हर फोटो बेहद खूबसूरत होने के साथ बेहद खास है। पहली तस्वीर में प्रियंका बाथरोब पहले हुए धूप सेंकती नजर आ रही हैं।



# एलपीजी पर निर्भरता कम करने की तैयारी, 3 माह में देने होंगे 75 हजार से ज्यादा पीएनजी गैस कनेक्शन

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में चल रहे एलपीजी संकट के बीच बड़ी आबादी की एलपीजी पर निर्भरता कम करने के लिए शहर में तेजी से पीएनजी लाइन बिछाई जाएगी और अगले तीन माह में करीब 75 हजार घरों तक पाइप लाइन के जरिए पाइप नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन पहुंचा दिए जाएंगे। सोमवार को यह निर्देश संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने पीएनजी कनेक्शन व शहर में बिछाई गई पीएनजी लाइन की समीक्षा बैठक में दिए। संभाग आयुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान आयुक्त सिंह ने कहा कि शहर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के बुनियादी ढांचे का विस्तार तेजी से किया जाए। साथ ही सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए गैस कंपनियों को 24 घंटे के भीतर सभी जरूरी अनुमतियां मिल जाना चाहिए। उन्होंने शहर वासियों से भी अपील की कि यदि उनके घर के पास से या कालोनी के पास से पीएनजी की गैस लाइन गुजर रही है, तो वे पीएनजी कनेक्शन लेकर इसका लाभ उठाएं। पीएनजी 24 घंटे उपलब्ध सुरक्षित और किफायती विकल्प है। इससे एलपीजी गैस डिस्ट्रीब्यूशन से होने वाली रोजमर्रा की दिक्कतों से आसानी से बचा



जा सकेगा। साथ ही पीएनजी लाइन बिछाने के लिए सीजीडी पोर्टल के जरिए 24 घंटे में अनुमति देनी होगी। बैठक में एडीएम सुमित पांडे, अंकुर मेश्राम, जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी, संयुक्त आयुक्त विकास विनोद यादव सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी और थिंक गैस के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**अनुमति के लिए तैयार किया गया सीजीडी पोर्टल :** शहर में गैस पाइप लाइन बिछाने में सबसे बड़ी बाधा सरकारी विभाग से मिलने वाली अनुमतियां हैं। कई बार गैस कंपनी के प्रतिनिधियों को इसके लिए भटकना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए सिंगल विंडो सिस्टम या सीजीडी पोर्टल विकसित किया गया है। अब गैस कंपनियां अनुमति के लिए इस पोर्टल पर आवेदन करेंगी। इससे सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को विभिन्न विभागों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। अनुमति भी कलेक्टर के माध्यम से 24 घंटे के अंदर मिलेगी। इस पोर्टल के संचालित होने के बाद पाइपलाइन बिछाने के काम में शासकीय कर्मचारी बाधा पैदा नहीं कर सकेंगे। पोर्टल पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करने पर 24 घंटे के अंदर सभी अनुमतियां (एनओसी) जारी हो जाएंगी। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी 2025 के तहत जिले में घरेलू उपयोग के साथ-साथ औद्योगिक और वाणिज्यिक इकाइयों में भी पीएनजी की आपूर्ति की जाएगी। वाहनों के लिए भी पीएनजी व सीएनजी स्टेशनों का जाल भी बिछाया जाएगा।

| सोना 24K प्रति 10 ग्रा. | | सोना 22K प्रति 10 ग्रा. | | प्लेटिनम प्रति 10 ग्रा. | | चांदी टंच प्रति किलो | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | 1,50,753 | भोपाल | 1,38, 081 | भोपाल | 58,740 | भोपाल | 2,40,000 |
| इन्दौर | 1,50,753 | इन्दौर | 1,38, 081 | इन्दौर | 58,740 | इन्दौर | 2,40,000 |
| दिल्ली | 1,50,853 | दिल्ली | 1,38, 181 | दिल्ली | 58,740 | दिल्ली | 2,40,000 |

## बाजार पर नजर




शेयर बाजार में आज

+787 **74,106**

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Trent | 3,869.50 | 7.97% |
| Shriram Finance | 931.00 | 4.08% |
| Axis Bank | 1,249.80 | 3.96% |
| Adani Enterpris | 1,909.00 | 3.71% |
| Titan Company | 4,257.90 | 3.63% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Reliance | 1,290.00 | -3.39% |
| ONGC | 280.45 | -1.86% |
| Max Healthcare | 923.00 | -1.38% |
| Eicher Motors | 6,572.50 | -0.80% |
| JSW Steel | 1,115.10 | -0.67% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 93.0600 |
| € यूरो | 107.49 |
| ¥ येन | 0.5836 |
| £ पौंड | 123.27 |

# बीते 16 माह में ड्रैगन ने खरीदा सबसे ज्यादा कीमत का सोना

## चीन का गोल्ड रिजर्व 2307 टन से ऊपर पहुंचा, अमेरिका के पास 8133 टन सोना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एक तरफ युद्ध जारी है, मिडिल ईस्ट जंग की वजह से तेल और गैस की किल्लत चर्चा का विषय बना हुआ है तो दूसरी ओर चीन बिना किसी शोर-शराबे के सोने की शॉपिंग में व्यस्त है। दुनिया जंग की बातें कर रही है और चीन ताबड़तोड़ सोने की खरीदारी कर रहा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने बीते 16 महीनों में सबसे ज्यादा सोने की खरीदारी की है। दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा गोल्ड रिजर्व वाला देश चीन इस तरह से सोने-चांदी का रिजर्व बढ़ा रहा है, मानो उसकी बड़ी प्लानिंग हो। सोने को लेकर चीन की लालच बीते 16 महीनों में और बढ़ गई है। सोने के साथ-साथ अब चांदी की भूख भी बढ़ती जा रही है।



### चीन क्यों खरीद रहा है इतना सोना ?

बीते 16 महीनों ने सेंट्रल पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना की ओर से सोने की खरीद जारी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर 2024 में जिसकी शुरुआत की गई थी, वो अब तक थमी नहीं है। चीन पागलों की तरह अपने सोने का भंडार बढ़ा रहा है। फरवरी 2026 में सोने की खरीदारी का नया रिकॉर्ड बन गया।

### सफेद धातु से भी भर रहा तिजोरी

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला चीन अपनी तिजोरियां सोने के साथ-साथ सफेद धातु यानी चांदी से भी भरने में जुटा है। हालात ऐसे हैं कि ड्रैगन पूरी दुनिया के बाजारों से चांदी को अपनी तरफ खींचने में जुटा है। चीनी सीमा शुल्क के ताजा आंकड़ों के मुताबिक साल 2026 के शुरुआती महीनों में ही चीन ने 790 टन से ज्यादा चांदी का इंपोर्ट किया है।

### क्या करना चाहता है चीन

गोल्ड बुलियन मार्केट के मुताबिक पोलैंड का सेंट्रल बैंक, जो पहले दुनिया का सबसे एग्रेसिव खरीदार था, चीन ने उसे भी पीछे छोड़ दिया है। बढ़ते जियोपॉलिटिकल रिस्क के बीच चीन की ये खरीदारी यूं ही नहीं की जा रही है, बल्कि अमेरिका के डॉलर की बादशाहत को कड़ी चुनौती देने के मकसद से ड्रैगन अपनी तिजोरी को सोने से भर रहा है। सोने ने कुछ सालों में अपनी पकड़ को बहुत मजबूत कर लिया है। यूरो को पीछे छोड़ते हुए सोना डॉलर के बाद दूसरा सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय रिजर्व एसेट बन गया है। सोने की बढ़ती ताकत की वजह से बीते तीन सालों दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने हर साल 1000 टन से ज्यादा सोना खरीदा है। ये बैंक ऊंची कीमत के बावजूद सोना खरीद रहे हैं। चीन की बात करें तो सोने का भंडार बढ़ाकर चीनी बैंक डॉलर पर अपनी निर्भरता को कम करना चाहते हैं।

### डॉलर पर निर्भरता होगी कम

चीन अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए सोने का भंडार बढ़ा रहा है। साल 2024 में ब्रिक्स देशों ने ब्रिक्स क्रॉस बॉर्डर पेमेंट इनिशिएटिव का सुझाव दिया था, जिसके तहत ब्रिक्स के सदस्य देशों के बीच उनकी करेंसी में व्यापार की सुविधा देने की बात कही गई, ताकि डॉलर पर निर्भरता को कम किया जा सके। इसके बाद से चीन ने अपनी करेंसी को मजबूती देने के लिए तिजोरी में सोने को भरता जा रहा है। जिस देश के पास जितना सोना, उसकी अर्थव्यवस्था भी उतनी मजबूत।

### सबसे बड़ा गोल्ड रिजर्व अमेरिका के पास

अमेरिका के पास दुनिया का सबसे बड़ा गोल्ड रिजर्व हैं। 8133 टन गोल्ड रिजर्व के साथ नंबर 1 की कुर्सी पर बैठा है। अमेरिका के आसपास भी कोई देश भटक नहीं पाए हैं। दूसरे नंबर पर मौजूद जर्मनी के पास 3350 टन सोना है। जबकि चीन पांचवें नंबर है, जिसके पास 2304 टन सोना है।

# जीईएम से 2025-26 में हुए 5.03 लाख करोड़ के लेनदेन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सार्वजनिक खरीद मंच 'गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस' (जीईएम) के माध्यम से वित्त वर्ष 2025-26 में 5.03 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन हुए जो 2024-25 की तुलना में 7.4 प्रतिशत कम हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2024-25 में जीईएम के जरिये 5.43 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन हुए थे।

जीईएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मिहिर कुमार ने कहा कि वृद्धि में गिरावट का कारण कोयला मंत्रालय के योगदान में कमी है जिसकी कुल बिक्री में हिस्सेदारी 34 प्रतिशत से घटकर 2025-26 में 20 प्रतिशत (1,02,219 करोड़ रुपये) रह गई। कोल इंडिया लिमिटेड ने 2025-26 में इस मंच के माध्यम से 82,285 करोड़ रुपये के सामान एवं सेवाओं की खरीद की। कुमार ने संवाददाताओं से कहा, जीईएम ने कुल मिलाकर 18.4 लाख करोड़ रुपये का सकल व्यापार मूल्य (जीएमवी) हासिल किया है जिसमें 2025-26 में पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक का जीएमवी पार करना भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि मंच की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए इसमें 'रेट कॉन्ट्रैक्ट' (अनुबंध दर) और वैश्विक निविदा पूछताछ (जीटीई) जैसी कई नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। कुमार ने कहा, मंच को अब इस तरह उन्नत किया गया है कि यह बहु-मुद्रा में बोली लगाने और अंतरराष्ट्रीय विक्रेताओं की भागीदारी का समर्थन करता है।




### मुक्त व्यापार साझेदार देशों को मिलेगा लाभ

जीटीई सुविधा से भारत के मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदार देशों जैसे संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन की कंपनियों को लाभ मिलेगा। इन समझौतों के तहत भारत ने शर्तों के साथ सरकारी खरीद के क्षेत्र को खोला है। इन देशों की कंपनियां भारत सरकार के विभागों और संस्थाओं की वैश्विक निविदाओं में भाग ले सकती हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में जीईएम से खरीद करने वाले प्रमुख मंत्रालयों में कोयला, रक्षा, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, बिजली, वित्त और इस्पात शामिल रहे। प्रमुख केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसई) खरीदारों में कोल इंडिया, एनटीपीसी, एनएलसी इंडिया, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) और ओएनजीसी शामिल हैं।

## रिलायंस के शेयर में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सोमवार को तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 3.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,304.75 रुपये पर बंद हुआ, जबकि कारोबार के दौरान यह 4.50 प्रतिशत तक टूटकर 1,290 रुपये तक आ गया था। वहीं एनएसई पर यह 3.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,304.70 रुपये पर बंद हुआ। पिछले दो कारोबारी सत्रों में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में कुल 4.68 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण में 86,743.14 करोड़ रुपये की कमी आई। इसके साथ ही कंपनी का मूल्यांकन 18 लाख करोड़ रुपये के स्तर से नीचे 17.65 लाख करोड़ रुपये रह गया है।




## रुपया 14 पैसे चढ़कर 93.04 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, जेएनएन।** रुपया सोमवार को 14 पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.04 (अस्थायी) पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने और रुपये में अस्थिरता को कम करने के लिए उठाए गए कदमों से घरेलू मुद्रा थोड़ी संभली है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, मजबूत डॉलर और अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के बीच कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से रुपये पर अब भी दबाव कायम है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.13 पर खुला और कारोबार के दौरान तेजी से चढ़कर 92.79 के उच्च स्तर पर पहुंचा। अंत में रुपया 93.04 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे अधिक है।



# मूडीजः भारत की बीएए3 रेटिंग बरकरार, ग्रोथ अनुमान घटाया

## विकास दर 6% रहने का आकलन, पश्चिम एशिया संघर्ष का पड़ेगा असर

मुंबई, जेएनएन। अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भारत की संप्रभु क्रेडिट रेटिंग बीएए3 को बरकरार रखा है और आउटलुक 'स्थिर' रखा है। हालांकि एजेंसी ने चेतावनी दी है कि ईरान में जारी युद्ध और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण भारत की आर्थिक वृद्धि पर असर पड़ सकता है। मूडीज के अनुसार वित्त वर्ष 2027 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर करीब 6 फीसदी रह सकती है। यह वित्त वर्ष 26 के 7.3 फीसदी से कम है। वित्त वर्ष 28 में इसमें हल्का सुधार होकर 6.2 फीसदी तक पहुंचने की संभावना है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मध्य-पूर्व में चल रहा युद्ध अब छठे सप्ताह में है। इसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। खासतौर पर ऊर्जा आपूर्ति, व्यापार और वैश्विक सप्लाई चेन पर इसका असर दिख सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार का कुल कर्ज जीडीपी के 80 फीसदी से ऊपर बना रहेगा वित्त वर्ष 27 में राजकोषीय घाटा 4.3 फीसदी रहने का लक्ष्य है। जो वित्त वर्ष 26 के 4.4 फीसदी से मामूली सुधार है। इससे साफ है कि फिस्कल कंसोलिडेशन (राजकोषीय संतुलन) धीरे-धीरे ही होगा। मूडीज़ ने भारत की अर्थव्यवस्था की कुछ मजबूतियों को भी रेखांकित किया। इनमें इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, डिजिटलाइजेशन, वित्तीय क्षेत्र में सुधार शामिल हैं। इन वजहों से भारत की अर्थव्यवस्था महामारी के बाद स्थिर बनी हुई है।



कुल मिलाकर मूडीज की रिपोर्ट एक मिश्रित तस्वीर पेश करती है। एक ओर भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बुनियाद पर खड़ी है। दूसरी ओर वैश्विक संकट, खासकर ईरान युद्ध, नई चुनौतियां खड़ी कर रहा है।

### महंगाई बढ़ने का खतरा जताया

मूडीज ने महंगाई को लेकर भी चिंता जताई है। वित्त वर्ष 27 में महंगाई बढ़कर 4.8 फीसदी तक पहुंच सकती है, जबकि वित्त वर्ष 26 में यह 2.4 फीसदी रहने का अनुमान था। एजेंसी ने चेतावनी दी कि एलपीजी सप्लाई में रुकावट, ईंधन और ट्रांसपोर्ट लागत में बढ़ोतरी और खाद के आयात पर निर्भरता महंगाई को और बढ़ा सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत को गैस और उर्वरक के लिए महंगे विकल्पों पर निर्भर होना पड़ सकता है। इससे आयात बिल बढ़ेगा और करंट अकाउंट डेफिसिट पर दबाव आएगा। साथ ही, पश्चिम एशिया भारत के कृषि निर्यात का बड़ा बाजार है। वहां निर्यात घट सकता है। मूडीज ने बताया कि भारत को मिलने वाले कुल रेमिटेंस का 37 फीसदी हिस्सा मध्य-पूर्व से आता है। यदि वहां रोजगार प्रभावित हुआ, तो घरेलू मांग घट सकती है और विदेशी मुद्रा पर असर पड़ सकता है।

# सेंसेक्स 787 अंक चढ़कर 74,106 पर

**मुंबई, जेएनएन।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी सोमवार 6 अप्रैल को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 787 अंक (1.07 प्रतिशत) चढ़कर 74,106 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 255 अंकों (1.12 प्रतिशत) की तेजी रही, ये 22968 के स्तर पर पहुंच गया है। आज बैंकिंग और रियल्टी शेयरों में खरीदारी रही।



### एशियाई बाजार में तेजी

- साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.36 प्रतिशत चढ़ा। 5,450 पर बंद।
- जापान का निक्केई 0.55 प्रतिशत चढ़ा। 53,413 पर बंद।
- हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट सोमवार को बंद रहे। इनमें कोई कारोबार नहीं हुआ।

**आरबीआई की मीटिंग ब्याज दर में बदलाव की संभावना नहीं:** आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी में ब्याज दरों पर लिए फैसलों और महंगाई के आउटलुक पर निवेशक करीबी नजर रखेंगे। नए वित्त वर्ष की पहली मीटिंग आज से शुरू हो गई है। 8 अप्रैल को गवर्नर मीटिंग में लिए फैसले की जानकारी देंगे। इस बार ब्याज दरों में बदलाव की संभावना नहीं है।

## ईरान ने दी ग्लोबल सप्लाई रोकने की धमकी, कच्चा-तेल 110 पार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका और ईरान के बीच बयानबाजी बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें आज फिर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार चली गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को नर्क बनाने धमकी देने के बाद ईरान ने ग्लोबल सप्लाई ठप करने की बात कही है। इससे आज एक बैरल ब्रेंट क्रूड की कीमत .1.71 की बढ़कर .110.74 पर पहुंच गई है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर यह तनाव इसी तरह जारी रहा, तो कच्चे तेल की कीमतें .150 प्रति बैरल पहुंच सकती हैं। इसके अलावा, अगर कच्चे तेल की कीमत में .1 की बढ़ोतरी सालभर बनी रहती है, तो भारत का सालाना आयात बिल करीब 16,000 करोड़ बढ़ जाएगा। भारत अपनी जरूरत का लगभग 90 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। इसलिए यह स्थिति चिंताजनक है। ईरान ने होर्मुज रूट को लगभग बंद कर दिया है। दुनिया का करीब 20 प्रतिशत तेल और गैस इसी रास्ते से गुजरता है। इसके बंद होने से न सिर्फ कच्चा तेल, बल्कि एल्युमीनियम, फर्टिलाइजर और प्लास्टिक की कीमतों में भी भारी तेजी आने लगी है।

## ब्रह्मोस प्रोजेक्ट से जुड़े रूसी वैज्ञानिक लियोनोव की मौत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ब्रह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट से जुड़े रूस के प्रमुख वैज्ञानिक अलेक्जेंडर लियोनोव का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे रूस के प्रमुख मिसाइल डिजाइनरों में शामिल थे। लियोनोव के सीईओ और चीफ डिजाइनर थे, जो भारत-रूस की ब्रह्मोस एयरोस्पेस का प्रमुख साझेदार है। उन्हें उन्नत मिसाइल तकनीक के विकास के लिए जाना जाता था। उन्होंने जिरकॉन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल समेत कई प्रोजेक्ट्स में योगदान दिया।

## यूको बैंक का चौथी तिमाही में ऋण बढ़कर 2.62 लाख करोड़ हुआ

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का ऋण वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 2.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। यूको बैंक ने सोमवार शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि मार्च, 2025 में समाप्त हुई पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका कुल अग्रिम 2.20 लाख करोड़ रुपये था।समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल जमा राशि में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह बढ़कर 3.27 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के अंत में 2.94 लाख करोड़ रुपये थी।

# सरकारी प्रतिभूतियों में एफपीआई निवेश की सीमा 6% पर स्थिर




**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सरकारी प्रतिभूतियों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निवेश सीमा सामान्य मार्ग के तहत छह प्रतिशत पर बरकरार रखी गई है। आरबीआई ने एक परिपत्र में कहा कि सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक), राज्य सरकार की प्रतिभूतियों (एसजीएस) और कॉरपोरेट बॉन्ड में एफपीआई निवेश की सीमा चालू वित्त वर्ष के लिए क्रमशः छह प्रतिशत, दो प्रतिशत और 15 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहेगी। इसके साथ ही, जी-सेक सीमा में बढ़ोतरी को 'सामान्य' और 'दीर्घावधि' श्रेणियों के बीच 50-50 के अनुपात में बांटने का प्रावधान भी बरकरार रखा गया है। केंद्रीय बैंक के मुताबिक, 2026-27 के लिए कुल मिलाकर 3.30 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त निवेश सीमा निर्धारित की गई है। इसके अलावा कॉरपोरेट बॉन्ड पर एफपीआई द्वारा बेचे जाने वाले क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप की अधिकतम सीमा भी बकाया स्टॉक का पांच प्रतिशत तय की गई है। आरबीआई ने यह भी कहा है कि विदेशी निवेशकों के लिए बिना सीमा वाले सरकारी बॉन्ड निवेश मार्ग 'एफएआर' के तहत निर्दिष्ट प्रतिभूतियों में सभी पात्र निवेशकों का निवेश जारी रहेगा। वहीं, एक अप्रैल, 2026 से 'स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग' (वीआरआर) के तहत मौजूदा और नए निवेश भी सामान्य मार्ग की निर्धारित सीमाओं के अधीन होंगे।

## एनबीसीसी के नए कार्यालय का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** श्रीनिवास कटिकिथला, सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने लोधी रोड नई दिल्ली स्थित एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के नवीनीकृत निगमित कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संजीत, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय; डॉ. केपी महादेवास्वामी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनबीसीसी, अंजीव कुमार जैन, निदेशक (वित्त), रितु पांडे, मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित कंपनी के स्वतंत्र निदेशकगण और वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद रहे। लगभग 40,000 वर्ग फुट में विस्तारित यह नवीनीकृत निगमित कार्यालय, एनबीसीसी के संगठनात्मक विकास और रूपांतरण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## बिजनेस लीडर और लेखक सिंह ने अपनी किताब 'थिंग्स वी डोंट सी' का किया प्रकाशन




**मुंबई।** बिजनेस लीडर और लेखक एलसी सिंह ने मुंबई में अपनी किताब 'थिंग्स वी डोन्ट सी' का प्रकाशन किया। यह कार्यक्रम उद्योग जगत के प्रतिष्ठित नेताओं और खास मेहमानों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रोथ्सचाइल्ड इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर आलोक शाह, नैसकॉम के संस्थापक हरीश मेहता, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के सह-संस्थापक रामदेव अग्रवाल, मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त एमएन सिंह, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी एस महालिंगम और टीसीएस के पूर्व सीनियर वाइस प्रेसिडेंट निर्मल जैन मौजूद थे। इसके अलावा कई अन्य उद्योग जगत के लोग, सम्मानित मेहमान, साथ ही लेखक के परिवार के सदस्य और करीबी लोग भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस किताब में लेखक ने अपने जीवन के व्यक्तिगत अनुभवों को सरल तरीके से प्रस्तुत किया है।

## विधायक पाठक अपराधिक अवमानना मामले में तलब

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायाधीश विनय सराफ की युगलपीठ ने अपराधिक अवमानना मामले की सुनवाई करते हुए भाजपा विधायक संजय पाठक को तलब किया है। सुनवाई के दौरान विधायक की तरफ से हलफनामा पेश करते हुए अपनी गलती स्वीकार कर बिना शर्त माफी मांगी गई। कोर्ट ने हलफनामा को रिकार्ड पर लेते हुए नोटिस जारी कर भाजपा विधायक को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। उल्लेखनीय है कि कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि विधायक संजय पाठक से संबंधित कंपनी के विरुद्ध अवैध उत्खनन के मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा ने एक सितम्बर, 2025 को सुनवाई से इनकार कर दिया था।

## कमजोर पड़ा पश्चिमी विक्षोभ, एमपी में छुटपुट बारिश होगी

### 9 से 11 के बीच बदलेगा मौसम, डिंडौरी व अनूपपुर में ओलावृष्टि

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में बीते चार-पांच दिन से सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ सोमवार को कमजोर पड़ गया। यही कारण रहा कि प्रदेश में कहीं भी तेज हवा या बारिश नहीं हुई। कुछ जिलों में मामूली बारिश और हवाएं दर्ज की गईं। हालांकि डिंडौरी व अनूपपुर में ओलावृष्टि जरूर हुई, लेकिन यह ग्वालियर और बैतूल जितनी प्रभावी नहीं रही। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार अब सिस्टम कमजोर पड़ रहा है, इसलिए दो से तीन दिन कोई बड़ा बदलाव नहीं दिखेगा। इसके बाद 9 से 11 अप्रैल के बीच एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जो थोड़ा बहुत असर कर सकता है। इसके बाद मौसम साफ हो जाएगा और प्रदेश के सभी जिलों में तापमान ऊपर की चढ़ेगा। इससे गर्मी बढ़ेगी।

### 15 से गर्मी दिखाएगी तेवर

वर्तमान में प्रदेश के ऊपर निरंतर पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवातीय परिसंचरण का प्रभाव बना हुआ है। लगभग 12 अप्रैल के बाद यह सिस्टम बदल जाएगा। इसके बाद राजस्थान की ओर से गर्म हवाएं चलना शुरू हो जाएंगी, जो प्रदेश में गर्मी बढ़ाएंगी। एक अनुमान के मुताबिक 15 अप्रैल से मप्र में तेज गर्मी का दौर शुरू हो सकता है।

**परेशानी** तंग कमरों में बड़े सपने- दोनों हाथ भी नहीं फैला सकते

# दिल्ली में यूपीएससी अभ्यर्थियों का संघर्ष

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की राजधानी दिल्ली, जहां हर साल हजारों युवा आईएएस-आईपीएस बनने का सपना लेकर आते हैं, वहीं इन सपनों की हकीकत बेहद कठिन और तकलीफदेह है। करोल बाग, पटेल नगर और मुखर्जी नगर जैसे इलाकों में रहने वाले यूपीएससी अभ्यर्थी ऐसे छोटे-छोटे कमरों में रह रहे हैं, जहां वे अपने दोनों हाथ तक ठीक से नहीं फैला सकते। एक कमरा, जिसमें मुश्किल से एक बिस्तर, कुछ किताबें और एक टेबल समा पाती है। गर्मी, उमस और हवा की कमी के बीच यही कमरा हजारों युवाओं की उम्मीदों का केंद्र है। ये सिर्फ रहने की जगह नहीं, बल्कि वो जगह है जहां सपने बनते हैं, संघर्ष पनपता है और भविष्य की नींव रखी जाती है।

### 10 हजार में महीने भर की जंग



ज्यादातर छात्र मिडिल क्लास परिवारों से आते हैं। उन्हें घर से हर महीने करीब 10,000 रुपए मिलते हैं, जिसमें 7,000 रुपए कमरे का किराया 2,000 रुपए लाइब्रेरी फीस और सिर्फ 1,000 रुपए पूरे महीने के खाने, किताबों और बाकी जरूरतों के लिए होते हैं। पटेल नगर में रहने वाले एक अभ्यर्थी बताते हैं कि कई बार उन्हें दिन में सिर्फ एक या दो बार ही खाना पड़ता है, ताकि खर्च कंट्रोल में रहे।

### पोषण बन गया 'लग्जरी'

कम बजट के कारण फल, दूध, प्रोटीन जैसी चीजें खरीदना मुश्किल होता है। कई छात्र भंडारों पर निर्भर रहते हैं। कुछ अपने पास चने रखते हैं, ताकि थोड़ा पोषण मिल सके। यह मजबूरी है, आदत नहीं।

### संघर्ष सिर्फ पैसों का नहीं

इन छात्रों की लड़ाई सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक भी है। घर से दूर रहना, परिवार की याद और माता-पिता की उम्मीदों का दबाव उन्हें घेरे रहता है। कई छात्र बताते हैं कि जब घर से फोन आता है, तो वे सच नहीं बताते। वे कहते हैं- 'हां, खाना खा लिया', जबकि हकीकत कुछ और होती है।

### रहने की स्थिति भी चुनौती

- छोटे कमरे, जहां गर्मियों में रहना मुश्किल
- कई जगह पानी और बिजली की समस्या
- 3-4 दिन तक पानी नहीं आता
- बिजली कटौती और ज्यादा बिल अलग परेशानी शेयरिंग रूम में रहना और भी कठिन होता है। किसी का पढ़ने का समय दिन में, तो किसी का रात में। एक की लाइट, दूसरे की नींद खराब कर देती है।

# हर बसाहट में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें : प्रभारी मंत्री

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास एवं सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

### ग्राम पंचायत पैकनगांव का नाम परिवर्तित कर किया गया ग्राम इटौरा रक्सेलान

### ढेरा खेल मैदान का स्व. कौशल प्रसाद रामदास दुबे स्मृति स्टेडियम हुआ नामकरण



**मऊगंज ब्यूरो।** कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में प्रभारी मंत्री लखन पटेल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पशुपालन एवं डेयरी विभाग की अध्यक्षता में जिला विकास एवं सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नईगढ़ी जनपद के ग्राम पंचायत पैकन गांव का नाम इटौरा रक्सेलान किए जाने सहित ढेरा स्टेडियम के नामकरण को मंजूरी दी गई। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ-साथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पेयजल के लिए कठिनाई होने लगती है। जिले की हर बसाहट में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। पूर्ण एकल नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करके इनका नियमित संचालन कराएं। खराब हैण्डपंपों के सुधार के लिए अभियान चलाएं। अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल किसी भी स्थिति में ग्राम पंचायतों तथा नलजल योजनाओं के बिजली कनेक्शन न काटें। संकल्प से समाधान अभियान में जिले में अच्छा कार्य हुआ है। आमजनता से प्राप्त 48349 आवेदन पत्रों में से 47185 आवेदन पत्र मंजूर कर लिए गए हैं। अलग-अलग कारणों से 1150 आवेदन पत्र लंबित हैं। इनका दो दिवस में निराकरण कराएं।

### एलपीजी गैस, पेट्रोल तथा डीजल के वितरण पर कड़ी निगरानी रखें कलेक्टर

प्रभारी मंत्री ने कहा कि कलेक्टर जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल तथा डीजल के वितरण पर कड़ी निगरानी रखें। इनकी कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री जी की विशेष पहल पर जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के लिए बनाई गई कार्ययोजना के अनुसार जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य कराएं। गत वर्ष के जल संरक्षण के अधूरे कार्यों को भी प्राथमिकता से पूरे कराएं। जल ही जीवन का आधार है। हर व्यक्ति जल संरक्षण के कार्यों में योगदान दे। बैठक में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल तथा विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ने जिले के विकास के संबंध में विभिन्न सुझाव रखे।

**विकास कार्यों की दी जानकारी :** बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। बैठक में प्रभारी मंत्री ने संकल्प से समाधान अभियान में जिला स्तर पर लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। लाड़ली लक्ष्मी योजना से कुमारी आकृति सेन, कुमारी आरोही गुप्ता, कुमारी रिया गुप्ता एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से रक्षा केशरवानी को लाभान्वित किया गया। बैठक में ग्राम पंचायत खटखरी में हाट बाजार के निर्माण, ग्राम पंचायत पैकन गांव का नाम परिवर्तन करके ग्राम इटौरा रक्सेलान किए जाने तथा ग्राम ढेरा में खेल मैदान का नामकरण स्वर्गीय कौशल प्रसाद रामदास दुबे स्मृति स्टेडियम किए जाने का अनुमोदन किया गया।

### प्रभारी मंत्री ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने पटेहरा ग्राम में सरदार पटेल की मूर्ति में माल्यार्पण किया तथा उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्र, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में सांसद जनार्दन मिश्र, जिला प्रभारी शशांक श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, जनपद अध्यक्ष मऊगंज नीलम सिंह, जनपद अध्यक्ष नईगढ़ी ममता कुंजबिहारी तिवरी, नगर पंचायत अध्यक्ष मऊगंज बृजवाशी पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष नईगढ़ी नागिता गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष हनुमना आशुतोष गुप्ता तथा नईगढ़ी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी तथा समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# पार्टी कार्यालय हमारे कार्य का होते हैं आधार : उप मुख्यमंत्री

## मऊगंज भाजपा कार्यालय का किया भूमि पूजन




**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज भाजपा कार्यालय का भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी के प्रदेश कार्यालय से वर्चुअली भूमि-पूजन किया वहीं मऊगंज में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल सांसद जनार्दन मिश्रा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विधायक गिरीश गौतम प्रदीप पटेल भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने विधि विधान से पूजा कर भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के अवसर पर पांच वरिष्ठ नेताओं का सम्मान भी किया गया। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने उपस्थित जनों को भाजपा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस बहुत ही उत्साह और उमंग वाला दिन है। भाजपा का उद्देश्य अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। भारतीय जनता पार्टी की यात्रा हमारे लिए केवल एक राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि एक वैचारिक साधना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, हमारे आदर्श, हमारे लक्ष्य, हमारे कार्य करने का तरीका और हमारी सोच सब राष्ट्रवाद पर आधारित हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि 6 अप्रैल पार्टी का केवल स्थापना दिवस नहीं है, बल्कि यह कार्यकर्ताओं के तप, त्याग और संकल्प का उत्सव है। आज मऊगंज भाजपा पार्टी के जिला कार्यालयों का भूमिपूजन किया गया है, अगले वर्ष यानी वर्ष 2027 में स्थापना दिवस पर लोकार्पण किया जाएगा। हमने लक्ष्य तैयार कर लिया है जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने कहा कि जनसंघ के समय खड़ा हुआ संगठन, जनता पार्टी में विलय के दौरान भी 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत पर अडिग रहा। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना कर हमने अपनी मूल वैचारिक धारा को बनाए रखते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लिया, यही हमारी पहचान है। कार्यालय हमारे लिए प्राण वायु की तरह होता है जहां से पार्टी अपने कार्यक्रमों को नीचे तक पहुंचती है।

रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने भाजपा कार्यालय के भूमि पूजन पर बोलते हुए कहा कि पूरा देश भारतीय जनता पार्टी के कार्यो से खुश और प्रसन्न है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से लेकर देश को परमाणु शक्ति संपन्न बनाने तक, अनेक ऐतिहासिक कार्य हुए। आज भी देश की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि रखते हुए, आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। जनता की भलाई के लिए समय-समय पर राहत प्रदान की गई। किसान, युवा, महिला और गरीब कल्याण के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। पार्टी का हर कार्यकर्ता निरंतर समाज और राष्ट्र की सेवा में लगा हुआ है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने कहा कि 6 अप्रैल पार्टी का केवल स्थापना दिवस नहीं है, बल्कि कार्यकर्ताओं के तप, त्याग और संकल्प का उत्सव है। भारतीय जनता पार्टी सत्ता की पार्टी नहीं है, बल्कि विचार और विश्वास की यात्रा का एक संगठन है। हमारे कार्यकर्ताओं की ताकत कार्यालय होता है। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि कार्यालय कार्यक्रम कोष कार्यकर्ता हमारे संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती हैं मऊगंज को नवीन भाजपा कार्यालय मिलने की हम सभी कार्यकर्ताओं को अत्यंत खुशी है भाजपा ने मऊगंज को जिला बनाने के साथ हमारी झोली भरने का काम किया है। इस अवसर पर शिवदत्त मिश्रा, शिवपूजन शुक्ला, भगवान सेवक अवधिया, भोला सिंह और रामाश्रय नामदेव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष विपिन मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिक सम्मिलित हुए।

# डॉ. आरके ओझा बाल्य चिकित्सा में दे रहे सराहनीय योगदान

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष



**सिरमौर, नि.प्र.।** गॉव ही नहीं बल्कि शहर तक में अपने बेहतर इलाज के लिये जाने जा रहे बाल्य एवं शिशु रोग बिशेषज्ञ डा आर.के.ओझा भीम राव अम्बेडकर सिविल हॉस्पिटल सिरमौर में पदस्थ है। संवाददाता को जानकारी में बताया गया कि संसाधनों कि उच्च स्तरीय जांच सुविधा न होने के बावजूद सिरमौर, सेमारिया लालगॉव, मनगवॉ, जवा, कटरा सहित विभिन्न क्षेत्रों के साथ शहरों के बच्चों को बेहतर इलाज कर उनकों एक नया जीवन दे रहे हैं । ऐसा नही है कि चिकित्सकों की कमी है या दूसरे डॉक्टर उपचार नहीं करते पर मरीजों का उनके प्रति एक विश्वास है डा ओझा कहते है पहले मरीज का प्राथमिक उपचार करो, बिना समय गवाये, यह नसीहत किसी स्वास्थ्य विभाग के एम.डी का नहीं बल्कि सिरमौर सिविल हॉस्पिटल में आरोग्य केन्द्र प्रभारी व बच्चो के विशेषज्ञ डॉक्टर का हैं। तहसील स्तरीय सिविल हॉस्पिटल सिरमौर मे रहकर महानगरों की सुविधाए बिना जॉच के अपन अनुभवों के आधार पर निंरतर दे रहे है और मरीजों को लाभ मिलने के कारण सुबह से ही देर शाम तक मरीजों की लंबी कतार स्वास्थ्य केन्द्र के साथ कमरे के बाहर देखी जा सकती है, जो उनके कुशल चिकित्सक होने का परिचायक है ।

# भाजपा मंडल गुढ़ में हर्षोल्लास से मनाया गया 47वां स्थापना दिवस



**गुढ़ (नि.प्र)।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा मंडल गुढ़ में श्री भागवत पैलेस में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष एड. अनंत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी ध्वज के साथ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया तथा मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, डॉ. मुखर्जी अमर रहें एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहें, के नारों से पूरा परिसर गूंजायमान रहा। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष कपूरचंद्र सोनी, इंद्रेश मिश्रा, आलेश पयासी, बी.के. पाण्डेय, सूर्यप्रकाश पाण्डेय, एल्डरमैन शैलेन्द्र बंसल, रक्षारानी पटेल, राजेश कोरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मीरबहरी घाट पुल निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन सामग्री का हो रहा उपयोग

## बिना सुरक्षा किट के श्रमिक कर रहे कार्य



**त्योंथर, ब्यूरो।** त्योंथर नगर के मीरबहरी घाट पर पुल निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो चिल्ला बाजार और त्योंथर बाजार को जोड़ने की कड़ी होगी। उक्त पुल निर्माण में ठेकेदार पर मनमानी के आरोप लगे हैं। क्षेत्रीय जनता ने आरोप लगाते हुए संवाददाता को बताया कि जब पुल स्वीकृत हुआ तो लोगों में अपार प्रसन्नता दिखी। पुल निर्माण कार्य भी प्रारंभ हुआ। कार्य प्रगति पर चल रहा है किन्तु ठेकेदार की मनमानी चरम पर चल रही है। पुल निर्माण कार्य में देखने को मिल रहा है कि जो श्रमिक कार्य कर रहे हैं उनके पास किसी प्रकार की सुरक्षा किट ही नहीं दी गई है। स्थानीय जनता ने संवाददाता को बताया कि पुल निर्माण स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर पर सामग्री रखकर वहीं से मिक्चर करके बालू गिट्टी सीमेंट लाई जा रही है। जहां पर खुलेआम गुणवत्ता की अनदेखी कर दोयम दर्जे का मैटेरियल प्रयोग में लाया जा रहा है। साथ ही जो मजदूर कार्य कर रहे हैं उनके जीवन के साथ भी प्रशासन एवं ठेकेदार के द्वारा खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि किसी भी मजदूर के पास सेफ्टी किट उपलब्ध नहीं कराया गया है। बिना सुरक्षा व्यवस्था के मजदूर कार्य कर रहे हैं जिससे कभी भी कोई दुर्घटना भी घटित हो सकती है। लोगों ने आगे कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रशासन और ठेकेदार किसी बड़ी दुर्घटना का ही इन्तजार कर रहे हैं। आखिरकार प्रशासन कब जाएगा। प्रशासन और ठेकेदार दोनों मूकदर्शक बने हुए हैं। जबकि अभी हाल फिलहाल में ही सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में सिविल अस्पताल त्योंथर में कार्य कर रहे एक मजदूर को अपनी जान भी गंवानी पड़ी। मीरबहरी घाट पर पुल निर्माण में लगे श्रमिकों के साथ अनहोनी न हो इसलिए मजदूरों को सेफ्टी बेल्ट हेलमेट उपलब्ध कराया जाना चाहिए। साथ ही घटिया सामग्री की जांच की भी लोगों ने मांग की है। यदि इसी तरह की मनमानी चलती रहा तो बनने वाली पुल कमजोर होगी तथा भविष्य में बड़ी दुर्घटना की संभावना बन सकती है। लोगों ने आगे कहा कि यह देखने वाली बात होगी कि जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस ओर कब जाएगा। जिसकी जांच आवश्यक है जिसका खुलासा तो जांचोपरान्त ही सम्भव है, सेतु निगम रीवा एवं स्थानीय प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए मजदूरों के साथ हो यो खुलेआम खिलवाड़ का पर जांच उपरान्त कार्यवाही की मांग की गई है।

# जन समस्याओं से निजात दिलाने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री को सौंपा 13 सूत्रीय ज्ञापन



**जवा ब्यूरो।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जवा द्वारा उप मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन राजेन्द्र शुक्ला के अतरैला जवा आगमन पर मोहरा मोड़ के पास उप मुख्यमंत्री को अतरैला के मोहरा मोड में रोक कर तेरह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन पत्र सौंप कर स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया गया। मुख्य मांगों में गांव-गांव में हैंड पम्प खराब पड़े हैं, पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है, कोई सुनने वाला नहीं है और पीएचई के जिम्मेदार विभागीय अधिकारी रीवा में एसी कमरे में बैठ कर फर्जी बिल बनाकर भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। एनसीसी कम्पनी द्वारा प्रधानमंत्री नेशनल हाईवे सहित ग्रामीण रोडों को खोद कर नष्ट कर दलदल बना दिए है जिनको सुधारा जाए, गली-गली में मेडिकल नसा सहित मादक पदार्थ बिक रहे हैं जिस पर रोक लगाई जाए, जवा मुख्यालय सहित सभी स्वास्थ केन्द्र उप स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर की पदस्थापना की है जाय, सड़कों की मरम्मत सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की गई है। उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता जवा प्रभारी सिद्धनाथ पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला को ज्ञापन सौंपा गया है। उक्त अवसर पर ब्लांक कांग्रेस जवा अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह पटेल, धनेन्द्र द्विवेदी वन एवं पर्यावरण जिला अध्यक्ष ग्रामीण रीवा, तरुणेंद्र द्विवेदी जिला सचिव, डॉ अरुणेंद्र शेखर मिश्रा, साधुशरण मिश्रा, शिवबालक पाण्डेय जवा, दीपू पण्डित जिला महामंत्री, धनेन्द्र पांडेय मंडलम अध्यक्ष, संदीप त्रिपाठी, शशिभूषण मिश्रा, तीरथ प्रसाद वर्मा, शंकर दयाल द्विवेदी, एसके सिंह, रमेश पाठक, भगवन पाण्डेय, जय प्रकाश तिवारी, ऋषिराज द्विवेदी, दिलीप सिंह इटमा, लालता प्रसाद वर्मा सरपंच कशियारी, चेतन मिश्रा, प्रवीण सिंह, पंकज माझी, रामनरेश तिवारी उपस्थित रहे।

# त्योंथर विधायक की अनुपस्थिति में स्थगित हुआ शा. कन्या उमावि चाकघाट का प्रवेश महोत्सव

**चाकघाट, नि.प्र.।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाकघाट परिसर में शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ महोत्सव आयोजित होना था, उस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सिद्धार्थ राज तिवारी के न पहुंच पाने के कारण अस्थगित कर दिया गया है। संवाददाता को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाकघाट के प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी त्योंथर इन्द्रदेव सिंह ने एक जानकारी में बताया कि कन्या विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं त्योंथर क्षेत्र के विधायक सिद्धार्थ राज तिवारी को 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे कन्या विद्यालय परिसर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहना था जिसकी सारी तैयारी कर ली गई थी। आयोजक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संयोजक विकासखंड त्योंथर के समस्त प्राचार्यों की ओर से आमंत्रण पत्र छपवाकर क्षेत्र में वितरित किया गया था। 5 अप्रैल तक आयोजन स्थल चाकघाट कन्या विद्यालय में टैंट आदि लगाया जा रहा था किंतु 6 अप्रैल को प्रातः से ही टैंट उखड़ना शुरू हो गया। संवाददाता की दूरभाष पर हुई चर्चा के अनुसार आयोजक इंद्रदेव सिंह सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्योंथर क्षेत्र के विधायक सिद्धार्थ राज तिवारी की अनुपस्थिति के कारण यह कार्यक्रम स्थगित हुआ है। आगे यह कार्यक्रम कब आयोजित होगा अभी यह निश्चित नहीं हुआ है। विकासखंड नवीन शैक्षणिक सत्र प्रवेश उत्सव एक शासकीय आयोजन था जो अब निरस्त है?। आगे अब यह कब संपन्न होगा इसके लिए अभी घोषणा नहीं की गई है।

# राहगीरों को शीतल पानी पिलाने निःशुल्क प्याऊ का किया शुभारंभ



## नरसिंह हनुमान सेवा समिति का सराहनीय कदम

**अतरैला नि.प्र.।** अतरैला बाजार में नरसिंह हनुमान सेवा समिति के तत्वाधान में निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ भाजपा नेत्री एवं जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा तिवारी ने फीता काटकर प्याऊ का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने समिति के इस जनसेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से लगातार गर्मी के मौसम में इस प्रकार का निःशुल्क प्याऊ संचालित किया जा रहा है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलती है। समिति द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति को गर्मी में पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं नरसिंह कुटि आश्रम के प्रमुख पुजारी सुरेंद्र दास तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्य केवल समिति का नहीं, बल्कि पूरे समाज का है। सभी को सहयोग और समर्पण की भावना से आगे आकर ऐसे पुण्य कार्यों में भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि अतरैला स्थित प्राचीन शिव मंदिर, दिनोधर धाम में मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं से सहयोग करने की अपील की गई। उक्त अवसर पर योग शिक्षक संतोष तिवारी, गौ भक्त साइकिल बाबा सज्जन तिवारी,पप्पू तिवारी, आयुष तिवारी, गौ भक्त रजनीश गौतम, रामनारायण मिश्रा, लाला तिवारी सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

# केएन मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल गढ़ में जटिल सर्जरी सफल



**आंचलिक डेस्क।** केएन मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल गढ़ में 06अप्रैल को अस्पताल फिर दो जटिल ऑपरेशन सफलता पूर्वक किए गए। अस्पताल प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आशा साकेत पति जानकी साकेत ग्राम मढ़ी निवासी है जिनका अपेंडिक्स का सफल ऑपरेशन किया गया साथ ही पुष्पेंद्र विश्वकर्मा जगुनन्दन विश्वकर्मा ग्राम मनिकवार (मनगवां) निवासी है जिनका हर्निया का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

# डीह किकेट टूर्नामेंट की विजेता बनी मझिगवां टीम

## मुख्य अतिथि जशवंत सिंह कछवाह ने युवाओं को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ



**त्योंथर ब्यूरो।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डीह में आयोजित भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में युवा कांग्रेस त्योंथर के विधानसभा अध्यक्ष जशवंत सिंह कछवाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच उमरी गोविंदपुरा और मझिगवा की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसमें मझिगवां की टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर शानदार जीत हासिल की और खिताब अपने नाम किया। उप विजेता रही उमरी गोविंदपुरा की टीम ने भी खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों का दिल जीता।

**नशे के खिलाफ अध्यक्ष जशवंत सिंह ने की अपील :** खिलाड़ियों और क्षेत्र के युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जशवंत सिंह कछवाह ने खेल के साथ-साथ सामाजिक सुधार पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की भावुक अपील करते हुए कहा, युवा शक्ति ही हमारे क्षेत्र और देश का भविष्य है। नशे की लत न केवल शरीर को बल्कि पूरे परिवार और भविष्य को नष्ट कर देती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपनी ऊर्जा खेलों और रचनात्मक कार्यों में लगाएं। उन्होंने सभी उपस्थित युवाओं को नशा मुक्त त्योंथर बनाने का संकल्प भी दिलाया। उसके उपरांत विजेता टीम मझिगवां को ट्रॉफी प्रदान करते हुए जशवंत सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजक सुदीप वर्मा एवं आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसी प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को निखारने का बेहतरीन मंच हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से त्योंथर न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता शमशुल हक लादेन, अधिवक्ता कुलदीप पाठक, मनोज सिंह, नितिन सिंह बघेल, सिनोज आदिवासी, अनुरेश पाल एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, स्थानीय ग्रामीण और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिविल अस्पताल त्योंथर में एक्सरे फिल्म नहीं होने से मोबाइल में दे रहे एक्सरे रिपोर्ट

**सोहागी, नि.प्र.।** सिविल अस्पताल त्योंथर में आने वाले मरीजों को पूरी तरह से इलाज नहीं मिल पा रहा है। संवाददाता को मरीजों ने बताया कि इन दिनों मरीजों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सिविल अस्पताल त्योथर के डेंटल विभाग में अव्यवस्था का आलम है। 1 अप्रैल से एक्स-रे फिल्म खत्म होने का नोटिस दीवार पर चस्पा है, लेकिन 6 दिन बीत जाने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं। नोटिस में साफ लिखा है एक्स-रे फिल्म उपलब्ध नहीं है, कृपया मोबाइल फोन से रिपोर्ट प्राप्त करें, जो खुद अस्पताल की बदहाल व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी है। एक्स रे फिल्म न होने के कारण मरीजों को मॉनिटर से मोबाइल फोन के जरिये फोटो खींचकर डॉक्टर को दिखाने की सलाह दी। लोगों का कहना है कि जरूरी चिकित्सा सामग्री तक उपलब्ध न करा पाना न सिर्फ लापरवाही है, बल्कि यह सीधे-सीधे मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। ग्रामीण अंचल से आने वाले मरीजों की परेशानी और भी गंभीर है। बुजुर्गों व अनपढ़ लोगों के लिए मोबाइल से रिपोर्ट जैसी व्यवस्था किसी मजाक से कम नहीं है।

# हिनौती गौधाम में आयोजित हुआ भाजपा का स्थापना दिवस महोत्सव

## मनगवां विधायक ने अंत्योदय से राष्ट्रोदय एवं एकात्म मानववाद के मूल तत्वों से किया जागरूक



**आंचलिक, डेस्क।** अंत्योदय से राष्ट्रोदय एवं एकात्म मानववाद के मूल सिद्धांत पर समर्पित होकर ही समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े पीड़ित गरीब, वंचित वर्ग के लोगों को विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करने के लिए कृतसंकल्पि होकर समर्पित भाव से मानवता के लिए सेवार्थ संकल्पित होने का आज दिन है। उक्त विचार मनगवाँ के क्षेत्रीय युवा विधायक इन्जीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने विधानसभा क्षेत्र मनगवाँ के मंडल लालगांव में ग्राम पंचायत हिनौती गौधाम में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर गौमाताओं के मध्य में आयोजन कार्यक्रम में व्यक्त किये। 21 अक्टूबर 1951 से जन संघ के विचार को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रही है। इस आयोजन में त्योंथर विधानसभा के नेता कौशलेश तिवारी, गौ संवर्धन बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पांडेय, अध्यक्ष मंडल लालगांव सुनील पांडेय, अध्यक्ष जनपद पंचायत गंगेव विकास तिवारी, मंडल प्रभारी विष्णु देव कुशवाहा, एल्डरमैन लवकुश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि प्रियंका तिवारी, अध्यक्ष महिला मोर्चा मंडल रामपुर सर्किल मधू जायसवाल, जनपद सदस्य शिव कुमार पटेल, अशोक सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत हिनौती पूर्व सरपंच सीएम सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रामायण चतुर्वेदी, सुरेश चतुर्वेदी सहित सैकड़ों की संख्या में गौभक्तों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| समीर रिजबी (दिल्ली) | 160 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 145 |
| रोहित शर्मा (मुंबई) | 113 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| रवि विश्नोई (राजस्थान) | 05 |
| विजयकुमार (पंजाब) | 05 |
| जैकेब डफी (आरसीबी) | 05 |




## बाउंड्री मीटर

192 छक्के

364 चौके

23 अर्धशतक



कोहली टी-20 में किसी एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली ने सीएसके के खिलाफ 37 मैचों में 1188 रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम था। रोहित ने केकेआर के विरुद्ध 36 मैचों में 1161 रन बनाए हैं।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 3 | 2 | 0 | 5 | 0.637 |
| बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.501 |
| राजस्थान | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.233 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.170 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.275 |
| मुंबई | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.206 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.542 |
| कोलकाता | 3 | 0 | 2 | 1 | -1.964 |
| गुजरात | 2 | 0 | 2 | 0 | - 0.424 |
| चेन्नई | 3 | 0 | 3 | 0 | -2.517 |



3.4 ओवर के बाद ही रोकना पड़ा मैच, तीन घंटे के इंतजार के बाद रद्द

# बारिश की भेंट चढ़ा मैच, केकेआर को मिला सीजन का पहला अंक

**कोलकाता, जेएनएन।** कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच सोमवार को आईपीएल मैच बारिश के कारण 3.4 ओवर के खेल के बाद रद्द करना पड़ा, जिससे दोनों टीम को एक-एक अंक मिला। मैच रद्द होने के साथ मौजूदा सत्र में नाइट राइडर्स के अंकों का खाता भी खुल गया। टीम को अपने शुरुआती दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था, जबकि तीसरे मैच में भी टीम दो विकेट पर 25 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी और अगर मैच शुरू होता तो यह पांच ओवर का ही हो पाता और टीम को सिर्फ आठ गेंद और खेलने को मिलती जिससे संभवतः उसकी स्थिति काफी कमजोर होती।

मैच से एक दिन पहले कोलकाता में बारिश हुई थी और मैच वाले दिन भी बारिश की आशंका थी। हालांकि, पूरे दिन अच्छी धूप खिली थी और मैच शुरू होने से पहले बादल भी बहुत अधिक नहीं दिख रहे थे। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इन सबके बीच टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय किया। वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण इस का हिस्सा नहीं थे। पंजाब ने अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया था। जेवियर बार्टलेट ने पारी के दूसरे और अपने पहले ओवर में ही फिन ऐलन और कैमरन ग्रीन को पवेलियन का रास्ता दिखाते हुए पंजाब को शानदार शुरुआत दिला दी। 3.4 ओवर में 25/2 का स्कोर था कि तभी बारिश आ गई। खेल जब रोका गया तब बारिश काफी हल्की थी, लेकिन एहतियात के तौर पर पूरे मैदान को ढक दिया गया। लगभग आधे घंटे बाद बारिश तेज हो गई और फिर खिलाड़ी डगआउट से ड्रेसिंग रूम में चले गए। बारिश अब भी बहुत तेज नहीं हुई थी, लेकिन रात 7.48 पर शुरू हुई बारिश 8.30 के बाद तेज तूफान में बदल गई और अब बारिश ने भी जोर पकड़ ली थी।

## स्कोर बोर्ड

**कोलकाता नाइट राइडर्सः 25/2 (3.4 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे नाबाद | 8 | 6 | 1 | 0 |
| ऐलन का. प्रभसिमरन बो. बार्टलेट | 6 | 7 | 1 | 0 |
| ग्रीन का. प्रभसिमरन बो. बार्टलेट | 4 | 2 | 1 | 0 |
| अंगकृष रघुवंशी नाबाद | 7 | 7 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 0, **कुलः** 3.4 ओवर में दो विकेट पर 25 रन, **विकेट पतनः** 1-12, 2-16, **गेंदबाजीः** अर्शदीप सिंह 2-0-16-0, जेवियर बार्टलेट 1.4-0-9-2.

# रॉयल्स के आक्रामक खेल से मुंबई को रहना होगा सतर्क, हार्दिक की फिटनेस पर निगाह

### राजस्थान ने जीते दोनों मैच, मुंबई को दो में से एक में मिली हार, मैच आज शाम 7:30 बजे से

जेएनएन, गुवाहाटी

पिछले मैच में हार के बाद वापसी के लिए प्रतिबद्ध मुंबई इंडियंस को उम्मीद होगी कि कप्तान हार्दिक पंड्या पूरी तरह से फिट होकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को आईपीएल के मैच में खेलेंगे। यह दोनों टीमों का इस सीजन तीसरा मुकाबला होगा। जहां राजस्थान अपने पिछले दो मुकाबले जीतकर आ रही है, वहीं मुंबई को एक मैच में जीत और एक मैच में हार का सामना करना पड़ा है। हार्दिक अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे, जिसमें उनकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक की अनुपस्थिति में भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगुआई की थी, लेकिन टीम को हार्दिक के ऑलराउंड खेल की कमी महसूस हुई। हार्दिक ने अभ्यास शुरू कर दिया है, जिससे कि उनकी वापसी की संभावना मजबूत बन गई है। वहीं राजस्थान की टीम ने अभी तक आक्रामक रवैया अपनाया है और मुंबई को उस सतर्क रहने की जरूरत होगी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने टीम को विस्फोटक शुरुआत दी है, जिसके बाद ध्रुव जुरेल ने लय कायम रखी है।



**हेड टू हेडः** दोनों टीमों के बीच 30 मुकाबलों में मुंबई, 16-14 से आगे है। हालांकि आईपीएल 2022 से इनका मुकाबला रोचक हुआ है और दोनों टीमों ने छह में से तीन-तीन मुकाबले जीते हैं। यह मुंबई का गुवाहाटी में पहला मैच होगा और वह यहां बेहतर शुरुआत करना चाहेंगा।

### सलामी बल्लेबाजों का मुकाबला

यह मुकाबला सलामी बल्लेबाजों और ओपनिंग गेंदबाजों का मुकाबला भी साबित हो सकता है, क्योंकि दोनों टीमों में बेहतरीन सलामी बल्लेबाज और कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं। आईपीएल 2025 से कम से कम 500 रन बनाने वाली सलामी जोड़ी में 200 के स्ट्राइक रेट के साथ वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल शीर्ष पर हैं, वहीं रायन रिकलटन और रोहित शर्मा भी 164 के स्ट्राइक रेट के साथ ज्यादा पीछे नहीं हैं और चौथे स्थान पर हैं। वैसे इनमें से नजरें, सबसे अधिक जायसवाल पर होगी, क्योंकि उनके नाम अपनी शहर की टीम मुंबई के खिलाफ दो शतक हैं। हालांकि मुंबई के खिलाफ आठ में से पांच पारियों में वह 15 का स्कोर भी नहीं पार कर पाए हैं। वहीं सूर्यकुमार यादव ने दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में शानदार अर्धशतक लगाया था, लेकिन राजस्थान के गेंदबाजों के खिलाफ उन्हें संघर्ष करना पड़ सकता है।

### रोहित शर्मा का फॉर्म खराब कर सकते हैं तेज गेंदबाज

रोहित शर्मा आईपीएल 2026 में शानदार फॉर्म में है। उन्होंने केकेआर और दिल्ली के खिलाफ क्रमशः 78 और 35 रनों की उपयोगी पारी खेली। हालांकि संदीप शर्मा और जोफ्रा आर्चर की राजस्थान की सलामी जोड़ी उनके फॉर्म को खराब कर सकती है। संदीप ने रोहित को 12 पारियों में पांच बार आउट किया है, जबकि रोहित, संदीप पर सिर्फ 86 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। वहीं आर्चर ने भी रोहित को आठ पारियों में तीन बार आउट किया है, जबकि रोहित उन पर सिर्फ 100 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। 2025 से रोहित बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ 11 पारियों में चार बार आउट हो चुके हैं। ऐसे में नांद्रे बर्गर भी उनके लिए चुनौती पेश कर सकते हैं। इसके अलावा रवि बिश्नोई भी रोहित को रोकने का एक विकल्प हो सकते हैं, जिन्होंने छह आईपीएल पारियों में रोहित को तीन बार आउट किया है। रोहित, राजस्थान के खिलाफ पिछली पांच पारियों में चार बार 10 का स्कोर भी नहीं पार कर पाए हैं।

# सीएसके लिए खेलना मानसिक रूप से परेशान करने वाला थाः अश्विन

**चेन्नई, जेएनएन।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खुलासा किया है कि अगर वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से खेलते हुए 'मानसिक रूप से परेशान करने वाले' और 'पीड़ादायक' दौर से नहीं गुजरे होते तो वह आईपीएल में थोड़ा और समय तक खेल सकते थे। अश्विन ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उन्होंने पिछले साल आईपीएल को भी अलविदा कह दिया था। इस स्टार स्पिनर ने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' में कहा कि उन्होंने फ्रेंचाइजी को उनके भविष्य के बारे में फैसला करने की दुविधा से बचाने के लिए आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया। अश्विन ने कहा, मैंने सीएसके के साथ एक निराशाजनक सत्र बिताया। यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से निराशाजनक सत्र था। सच कहूं तो मुझे लग रहा था कि मैं और खेल सकता हूं, लेकिन मैंने इसलिए संन्यास ले लिया, क्योंकि मेरे पास भावनात्मक रूप से कई अन्य चीजों को साथ लेकर खेलने की क्षमता नहीं थी। सीएसके से जुड़ना उनके लिए घर वापसी जैसा था, क्योंकि उन्होंने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत इसी टीम से की थी। उन्होंने कहा, मैं वहां नहीं जाना चाहता। यह मानसिक रूप से परेशान करने वाला है। यह मेरे लिए बहुत पीड़ादायक था। मैंने थोड़ी चर्चा की और फिर फैसला किया कि मैंने चेन्नई से शुरुआत की है और मैं अपने गृहनगर में ही इसे समाप्त कर रहा हूं।

# संजू सैमसन और बुमराह आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार की दौड़ में





**दुबई, जेएनएन।** भारत के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सोमवार को आईसीसी मार्च महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का नामांकन मिला है। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कोनोर एस्ट्रहुइजेन को भी न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद नामांकित किया गया है। वहीं टी-20 विश्व कप के आखिरी कुछ मैचों में शानदार प्रदर्शन करके 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रहे संजू को बुमराह के साथ नामांकन में जगह मिली है। बुमराह फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच थे। सैमसन शुरुआती मैचों से बाहर रहे, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरह रहे मैच में नाबाद 97 रन बनाए और इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में सेमीफाइनल के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 89 रन की पारी खेली।

## मैदान से हटकर

# पूर्व ससुराल वालों से मिलने पहुंची नताशा स्टेनकोविक

क्रिकेटर हार्दिक पंड्या और नताशा स्टेनकोविक ने साल 2024 में अलग होने की घोषणा की थी। इस खबर ने न सिर्फ क्रिकेटर बल्कि एक्ट्रेस के फैंस को भी तगड़ा झटका दिया था। हालांकि, अब दोनों ही अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। वहीं नताशा से तलाक के बाद हार्दिक फिर से प्यार में पड़ गए हैं। वह खुद से 7 साल छोटी मॉडल और एक्ट्रेस माहिका शर्मा डेट कर रहे हैं। इसी बीच अब नताशा ने इंस्टाग्राम पर हार्दिक के परिवार के साथ एक अनसीन तस्वीर शेयर की है। नताशा के इस पोस्ट ने लोगों का ध्यान खींचा है। दरअसल, नताशा ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने पूर्व ससुराल वालों के साथ खास तस्वीरें शेयर की हैं। इस तस्वीर में हार्दिक की मां, नलिनी पंड्या भी शामिल हैं। नताशा ने उनके साथ एक तस्वीर पोस्ट कर फैंस को चौंका दिया। इस तस्वीर में उनके बेटे अगस्त्य के साथ-साथ परिवार के अन्य सदस्य भी नजर आ रहे हैं। उनके तलाक के बाद एक साथ पहली फोटो है। तलाक के बाद नताशा ने हार्दिक के परिवार के साथ कुछ ही बार तस्वीरें शेयर की हैं, और यह तस्वीर तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। हार्दिक से अलग होने के बाद से, नताशा ने अपनी निजी जिंदगी को ज्यादातर लाइमलाइट से दूर ही रखा है। नताशा की ये लेटेस्ट तस्वीर बताती है कि अलग होने के बावजूद उनका परिवार के साथ आपसी सम्मान और जुड़ाव बना हुआ है, खासकर जब बात मिलकर बच्चे की परवरिश करने की आती है। (जेएनएन)



### इटालियन फुटबॉल लीगः इंटर मिलान ने रोमा को 5-2 से हराया

# लोटारो मार्टिनेज के दो गोल, इंटर मिलान खिताब की दौड़ में आगे बढ़ा



**मिलान , जेएनएन।** लोटारो मार्टिनेज ने चोट से उबरकर वापसी करते हुए दो गोल दागे, जिससे इंटर मिलान ने रोमा को 5-2 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को मजबूत कर दिया। इंटर मिलान ने इस जीत से प्रतियोगिता में पिछले चार मैच में जीत हासिल नहीं करने का सिलसिला भी समाप्त कर दिया। सैन सिरो स्टेडियम में मार्टिनेज ने पहले और 52वें मिनट में गोल दागे। उनके अलावा चालहानोग्लू, थुरम और निकोलो बरेला ने भी इंटर मिलान के लिए गोल किए। रोमा के लिए जियानलुका मैनसिनी और लोरेंजो पेलेग्रिनी ने गोल किए। इस जीत से इंटर मिलान के 31 मैच में 72 अंक हो गए हैं और उसने शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। वह अब दूसरे नंबर पर काबिज एसी मिलान से नौ अंक और मौजूदा चैंपियन नेपोली से 10 अंक आगे है।



# लीड्स 1987 के बाद पहली बार एफए कप के सेमीफाइनल में

### सेमीफाइनल में लीड्स का सामना चेल्सी से मैनचेस्टर सिटी की भिड़ंत साउथेम्प्टन से

**लंदन।** लीड्स ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में दो गोल की बढ़त गंवा दी, लेकिन आखिर में वह वेस्ट हैम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर 1987 के बाद पहली बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। माटेउस फर्नांडेस और एक्सल दिसासी ने 93वें और 96वें मिनट में गोल दागकर वेस्ट हैम को लंदन स्टेडियम में खेले गए मैच में 2-2 से बराबरी पर ला दिया। इससे मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया। क्वार्टर फाइनल के इस मैच में अतिरिक्त समय में वेस्ट हैम के दो गोल ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिए गए, जिसके बाद लीड्स ने शूटआउट में जीत हासिल की। वेस्ट हैम के फिनले हेरिक ने जोएल पिरो की पेनल्टी बचाई, लेकिन लीड्स ने पास्कल स्ट्रूइक ने निर्णायक पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को जीत दिलाई। इससे पहले निर्धारित समय में आओ तानाका और डोमिनिक कैल्वर्ट लेविन के गोल से लीड्स ने 2-0 की बढ़त हासिल की थी। लीड्स सेमीफाइनल में चेल्सी से भिड़ेगा। दूसरे सेमीफाइनल मैच में मैनचेस्टर सिटी और साउथेम्प्टन आमने-सामने होंगी। ये मैच 25 और 26 अप्रैल को वेम्बली में खेले जाएंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

# पहली पारी में बढ़त के आधार पर जीता भोपाल

**भोपाल, खेप्र।** भोपाल डिवीजन ने एडब्ल्यू कनमड़ीकर ट्रॉफी अंडर-13 बॉयस इंटर डिवीजनल क्रिकेट टूर्नामेंट में पहली पारी में बढ़त के आधार पर जबलपुर को शिकस्त दी। यह भोपाल की लगातार दूसरी जीत है। एमपीसीए द्वारा आयोजित दो दिवसीय मैच के दूसरे दिन इंदौर के आरबीसीएस मैदान पर भोपाल ने 90 ओवर में नौ विकेट खोकर 322 रन बनाए। शिवांशु मिश्रा (68), अभिषेक यादव (63) और समर्थ पुनताम्बेकर (57) ने अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि वेदांश मजोका ने 40 रन का योगदान दिया। जबलपुर डिवीजन के शिवम सिंह ने तीन, जबकि यश पटेल और दिव्यांश सिंह ने 2-2 विकेट हासिल किए। जबलपुर डिविजन ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में 25 रन बना लिए थे। प्लेयर ऑफ द मैच शिवांशु मिश्रा रहे, जिन्होंने अर्धशतक जड़ा और चार विकेट लिए।



# दौड़ में दीक्षा और पोल वॉल्ट में कुलदीप को स्वर्ण

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश अकादमी के खिलाड़ियों इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-2 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य तीनों रंग के पदक अर्जित किए। जयपुर में आयोजित प्रतियोगिता में दीक्षा ने 1500 मीटर दौड़ में 4:25.74 सेकंड का समय लेते हुए स्वर्ण पदक जीता। पोल वॉल्ट में कुलदीप ने 5.25 मीटर का शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं देव मीना ने रजत पदक जीता। कुलदीप ने इस प्रदर्शन के आधार पर कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भी क्वालिफाई किया। महिला पोल वॉल्ट स्पर्धा में नितिका आक्रे ने रजत पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग की हाई जंप स्पर्धा में आदित्य रघुवंशी ने 2.00 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं ट्रिपल जंप स्पर्धा में कृष्ण यादव ने 14.78 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक अर्जित किया।




### नॉर्थ ईस्ट रेगाटा में स्वर्णिम हैट्रिक

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने नॉर्थ ईस्ट रेगाटा (नेशनल रैंकिंग) प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक रजत सहित चार पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता शिलांग में एक से पांच मार्च तक आयोजित की गई। आईएलसीए-4 गर्ल्स कैटेगिरी में तुलसी पाटले ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। बॉयज कैटेगिरी में अंकित सिसोदिया ने सोने का तगमा हासिल किया।



# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर जेपी व समीर के अर्धशतक से आईपीसीए फाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** आईपीसीए ने नौवें मास्टर्स कप टी-20 टूर्नामेंट में रेलवे मास्टर्स को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वेटरन ग्रुप में रेलवे मास्टर्स निर्धारित 18 ओवर में 160 रन पर सिमट गई। सामी ने 88, अजय सिकरवार ने 29 और रविंद्र सिंह ने 27 रन बनाए। आईपीसीए के सैय्यद जामरान ने 15 रन देकर 4 विकेट झटके। मुक्तदिर को तीन सफलता मिली। जवाब में आईपीसीए ने 16.4 ओवर में 2 विकेट खोकर आसानी से मैच अपने नाम किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर जेपी यादव (53 रन) और समीर कुरैशी (नाबाद 54 रन) ने अर्धशतक जड़ा। रेलवे मास्टर्स के तबरेज कुरैशी ने 2 विकेट लिए।



कॉर्पोरेट ग्रुप के मैच में साहेब इलेवन 14.4 में 105 रन पर सिमट गई। लवीन मंधानी ने 33 और पीयूष टंडन ने 22 रन का योगदान दिया। टीम स्कोप के विक्रांत कोरी और दीपक मालवीय ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाबी में टीम स्कोप ने 12.4 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दानिश खान ने 39 और लोकेश मालवीय ने 36 रन बनाए। साहेब इलेवन के विनोद पाल और पीयूष ने 2-2 विकेट लिए।




## डिलीवरी से पहले सिलेंडर से गैस रिफिलिंग करना पड़ा भारी

# पॉपुलर गैस सर्विस की डीलरशिप होगी सस्पेंड

### आईओसीएल कंपनी ने जारी किया नोटिस

जागरण, रीवा



गैस एजेंसी गोदाम में अवैध रिफलिंग का वीडियो वायरल

कार्यवाही की जिम्मेदार कर रहे बात, अब तक नहीं हुई जांच

जागरण, रीवा। जिले में रसोई गैस की किल्लत के बीच रीवा शहर में रसोई गैस रिफलिंग कर सिलेंडर से गैस चोरी का हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है। एक ओर जहां गैस सिलेण्डर के लिये लोग गैस एजेंसियों के चक्कर काटने के साथ साथ चिलचिलाती धूप में लाइन पर लगने को मजबूर हैं तो वहीं दूसरी ओर गैस एजेंसी के जिम्मेदारों द्वारा ग्राहकों को चूना लगाने का काम किया जा रहा है। दरअसल रीवा शहर में संचालित एक गैस एजेंसी के गोदाम का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में गैस गोदाम के भीतर कर्मचारी सिलेंडर से रिफलिंग कर गैस की चोरी करते साफ तौर पर नजर आ रहे हैं। हालांकि यह पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है कि यह वीडियो रीवा की किस गैस एजेंसी का है और रीवा का ही है कि नहीं है लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद जो कर्मचारी दिख रहे हैं और वीडियो को देखकर जो दावे किए जा रहे हैं वह यही है कि यह वीडियो रीवा शहर के पापुलर इंडेन गैस एजेंसी का है। बताया जा रहा है जहां बकायदा बोर्ड भी लगा हुआ है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि के लिये जब मीडिया कर्मी गैस एजेंसी के कार्यालय पहुंचे तो वहां मौजूद मैनेजर ने बात मानने से इंकार कर दिया, लेकिन जब वीडियो दिखाया गया तो मैनेजर के भी होश उड़ गए और वह जवाब नहीं दे सका। मामले में प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच कराकर कार्यवाही की बात कही है। हालांकि इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर तहसीलदार ने मामले की जांच करा कार्यवाही की बात कही है। गौरतलब है कि इन दिनों रसोई गैस सिलेंडर की किल्लतों के बीच आम जनता बेहद ही परेशान है, तो वहीं जनता की परेशानी के बीच कुछ गैस एजेंसियां मौके का फायदा उठाते ग्राहकों को ही ठगने का काम कर रही है। कहीं दुगने-तिगुने दामों में गैस की कालाबाजारी की जा रही है तो कहीं गैस बुकिंग के नाम पर ग्राहकों से ठगी की जा रही है। बता दें कि ऐसे कई मामले हैं जिसमें एक ग्राहक के नाम सिलेंडर की बुकिंग कर दूसरों को ब्लैक में बेचा जा रहा है। फिलहाल रीवा में वायरल वीडियो के मध्यम से उजागर हुआ। यह मामला सिर्फ गैस रिफलिंग कर गैस की चोरी का नहीं बल्कि ग्राहकों के साथ सीधे-सीधे धोखे का है। बहरहाल अब देखना होगा कि यह मामला उजागर होने के बाद संबंधित विभाग के जिम्मेदार और प्रशासन के अधिकारी ग्राहकों को धोखा देने वाली इस एजेंसी के खिलाफ क्या कार्यवाही करते हैं या फिर यह मामला सिर्फ महज वायरल वीडियो बनकर रह जाएगा।

गैस आपदा को बना रहे अवसर

गैस एजेंसी संचालक गैस आपदा का अवसर के रूप में भुना रहे हैं। वर्तमान समय में उपभोक्ता सिलेंडर के पीछे दौड़ रहा है। वह यह नहीं देख रहा है कि सिलेंडर का वजन कितना है जिसका लाभ गैस एजेंसियां उठा रही हैं। जांच की जाए तो अधिकांश सिलेंडरों में निर्धारित मात्रा से कम गैस मिलेगी। प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम फुड विभाग के अलावा प्रशासनिक टीम गठित कर जांच कार्यवाही करानी चाहिए ताकि उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाया जा सके।

29 मार्च को प्रकाशित खबर का असर

**दैनिक जागरण खबर का असर**

उपभोक्ताओं के सिलेंडर से गैस निकाल कर कम वजन के सिलेंडर उपभोक्ताओं को देना मेसर्स पापुलर गैस सर्विस रीवा को महंगा पड़ गया। जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट पर इंडियन आयल कंपनी के क्षेत्रीय मंडल कार्यालय जबलपुर द्वारा डीलरशिप निलंबन की कार्यवाही की नोटिस जारी की गयी है। इस आदेश के बाद पापुलर गैस की मुसीबतें बढ़ सकती हैं। पॉपुलर गैस सर्विस के गोदाम के कर्मचारियों के द्वारा उपभोक्ताओं को डिलीवरी के पूर्व एलपीजी सिलेंडर से गैस रिफिल करने का समाचार दैनिक जागरण ने 29 मार्च के अंक में प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासनिक मानीटरिंग पर सवाल उठाया था। जागरण की खबर को संज्ञान में लिया और आईओसीएल कंपनी ने डीलर के खिलाफ कार्यवाही शुरू की है।

उल्लेखनीय है कि पॉपुलर गैस सर्विस के गोदाम में उपभोक्ताओं के सिलेंडर से गैस रिफिल करने का वीडियो वायरल हुआ था। जिला प्रशासन द्वारा मामले की जांच क्षेत्रीय तहसीलदार की अध्यक्षता में खाद्य, नापतौल विभाग के संयुक्त जांच दल गठित कर जांच करायी जा रही है। बताया गया है कि इसके साथ ही इंडियन आयल कंपनी क्षेत्रीय मंडल कार्यालय जबलपुर द्वारा मे.पॉपुलर इंडेन गैस एजेंसी के प्रोपाइटर को डीलरशिप निलंबन की कार्यवाही हेतु नोटिस जारी की गयी है। जिला प्रशासन ने बताया कि 6 अप्रैल 26 की स्थिति में जिले में 29 गैस एजेंसी हैं, जिसमें 4424 उपभोक्ताओं की बुकिंग दर्ज है व डिलीवर्ड सिलेंडरों की संख्या 3223 है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर प्रतिदिन सिलेंडर की आपूर्ति नियमित रूप से करायी जा रही है। जिले में गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग पाए जाने पर 05 प्रतिष्ठानों की जांच में 19 सिलेंडर जब्त कर मप्र लिक्विड पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 एवं ईसी एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है तथा घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग की जांच निरंतर जारी रहेगी।

### रीवा गैस सर्विस की भी जांच जरूरी

पॉपुलर गैंस एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही के साथ ही रीवा गैस सर्विस की भी जांच जरूरी है। रीवा गैस सर्विस में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत उपभोक्ता कर चुके हैं।




# कट्टा दिखाकर बदमाशों ने सास-बहू के मंगलसूत्र लूटे

### रानीतालाब में गले से मंगलसूत्र छीनने का सामने आया मामला

जागरण, रीवा



शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रानी तालाब पार्क में सास-बहू से लूट की वारदात से हड़कंप मच गया। बखौफ बदमाश सास और बहू के गले से मंगलसूत्र छीन ले गए। दोनों महिलाओं के गले में झपट्टा मारते हुए बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। दिन दहाड़े बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम देते हुए पुलिस को खुला चैलेंज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक शहर में रविवार को रानी तालाब पार्क में घूमने गईं सास-बहू के साथ बदमाशों ने लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सास और बहू दोनों के गले से झपट्टा मारकर सोने के 4 मंगलसूत्र छीन लिये। पीड़ितों ने बताया कि आरोपी दो की संख्या में थे और वह हथियार से भी लैस थे, हालाकि घटना वक्त पीड़ित महिलाओं के साथ मौजूद युवक ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन बदमाश हथियार दिखाते हुये बाउंड्री कूदकर फरार हो गए। फिलहाल पुलिस को सूचना देने के बाद सोमवार को महिलाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और कार्यवाही की मांग की है। घटना के संबंध में शहडोल के सोहागपुर निवासी कृष्णा वर्मा ने बताया कि वह रीवा स्थित घोघर में रहने वाले भतीजे के घर बरहौं कार्यक्रम में आई थीं। रविवार को जब वह अपनी बहू अंकिता वर्मा सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रानी तालाब मंदिर में दर्शन करने के बाद पार्क में घूम रहीं थीं, तभी चार से पांच की संख्या में आए बदमाशों ने उनके गले से एक मंगलसूत्र और एक हार तोड़ लिया। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि घटना के वक्त एक बदमाश के हाथ कट्टा था, जो पीछा करने पर कट्टा दिखाते हुये मौके से फरार हो गए। बता दें कि रानी तालाब पार्क शहर का प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है, जहां दिनदहाड़े इस तरह से लूट की वारदात का होना कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। घटना के बाद पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के साथ क्षेत्र के संदिग्धों की तलाश में लगी हुई है।

# हाईवे पर ट्रक में तोड़फोड़ कर लूट करने वाले बदमाश पकड़ाए



जागरण, रीवा। हाइवे पर लूट करने वाले दो आरोपी मऊगंज की खटखरी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। पकड़े गए आरोपियों ने ट्रक चालक को लूट का शिकार बनाया था। चाकू की नोक पर आरोपी चालक से नकदी और मोबाइल सहित दस्तावेज लूट ले गए थे। घटना शनिवार की रात पटेहरा ब्रिज के पास सामने आई थी। शिकायत के बाद मऊगंज पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध लूट का मामला पंजीबद्ध किया था, जिसके बाद आरोपी पुलिस के हाथा लगे हैं। मऊगंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 5 अप्रैल को लूट की शिकायत फरियादी रवीन्द्र प्रताप सिंह पिता स्व. रामनरेश सिंह 58 साल निवासी पूरनपुर थाना केराकत जिला जौनपुर उ.प्र ने दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया था कि शनिवार की रात्रि करीब 11.30 बजे नेशनल हाईवे 135 ग्राम पटेहरा ब्रिज के ऊपर एक बाइक में सवार दो अज्ञात बदमाशों ने ट्रक को रोकवाकर कांच फोड़कर व चाकू दिखाकर 7250 रुपये, मोबाइल व अन्य दस्तावेज लूट लिए। शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात दो आरोपियों के विरुद्ध धारा 309(4) बीएनएस का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना के तत्काल बाद ही पुलिस चौकी खटखरी थाना शाहपुर को मिली प्रथम सूचना पर तत्काल पुलिस के निर्देशन पर साइबर टीम की मदद से फरियादी के लूटे गए मोबाइल की लोकेशन के अधार पर रविवार को पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर नकदी, मोबाइल सहित घटना प्रयुक्त चाकू जब्त किया है। पुलिस ने लूट के आरोपी ज्ञानेश्वर उपाध्याय उर्फ मोनू पिता रमाशंकर उपाध्याय 26 साल निवासी छिपिया थाना मऊगंज एवं ओमप्रकाश पटेल उर्फ ओपी पिता हिन्छलाल पटेल 25 साल निवासी भदौहा थाना हनुमना को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।










## करंट से युवक की मौत



**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के निपनिया में बिजली के करंट ने युवक की जान ले ली। घटना रविवार की बताई जा रही है। बताया गया कि बिजली का करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हुए राहुल बंसल पिता बाल किसन बंसल निवासी निपनिया को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की जांच कर रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** जनेह पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है। जनेह पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 1 फरवरी को मामले की शिकायत पीड़ित परिजनों ने जनेह थाना में दर्ज करवाई थी। परिजनों ने पुलिस से की गई शिकायत में बताया था कि महाकाल सिंह निवासी किटहाई यूपी उनकी 15 साल की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया। शिकायत के बाद पुलिस ने नाबालिग को दस्तयाब किया और महिला पुलिस के सामने नाबालिग का बयान लिया गया। पीड़िता ने बताया था कि आरोपी उसे भगा ले गया और शादी करने को कहने लगा, जब वह मना की तो उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस पीड़िता के बयान के बाद पॉक्सो एक्ट व दुष्कर्म की धाराओं के तहत प्रकरण में धाराएं बढ़ाई वहीं घटना के बाद से आरोपी फरार था, जिसके बाद पुलिस ने टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



पीड़ित परिजन

**जागरण, रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ईको पार्क के समीप छोटी पुल के पास अज्ञात वाहन ने एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद युवक को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सिविल लाइन पुलिस मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की पहचान का प्रयास कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी पुल ईको पार्क के पास सड़क दुर्घटना में घायल विजू लोनिया पिता महादेव लोनिया 35 वर्ष निवासी कबाड़ी मोहल्ले को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया था जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन सहित घटना के कारणों की जांच कर रही है।























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com